19 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 11, अंक 31


आतंकी डॉ उमर बोला : सुसाइड बांबिंग शहीद होने का मिशन है








## लातेहार : तीन छात्राओं को डायन-बिसाही के आरोप में स्कूल से निकाला

बाल कल्याण समिति ने शुरू की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता





**बरवाडीह।** राज्य में अंधविश्वास मिटाने के लिए सरकार समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाती रहती है, लेकिन इन सब के बावजूद लोगों के भीतर से अंधविश्वास खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड का है। यहां एक आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली तीन बच्चियों पर डायन-बिसाही करने का आरोप लगाकर उन्हें स्कूल से बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब मामले की जांच प्रशासनिक अधिकारी कर रहे हैं।

**परिजनों को बुला कर बच्चे को घर भेजा:** प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल प्रबंधन ने आरोप लगाया है कि स्कूल में पढ़ने वाली तीन छात्राएं रात में डायन-बिसाही जैसी हरकत करती है। इससे विद्यालय में पढ़ने वाले दूसरे छात्र और शिक्षक भयभीत हैं। जिसके बाद प्राचार्य ने स्कूल में पढ़ने वाली बच्चियों के परिजनों को स्कूल बुलाया और परिजनों के साथ तीनों बच्चियों को वापस घर भेज दिया।

### परिजनों ने बाल संरक्षण समिति से की शिकायत

जानकारी के मुताबिक लगभग आठ दिन तक बच्चियां अपने घर में रही। जब परिजन फिर से लड़कियों को छोड़ने गये, तो स्कूल प्रशासन ने इन्हें लेने से मना कर दिया। स्कूल के शिक्षक ने परिजनों से कहा कि इनका दाखिला किसी दूसरे स्कूल में करा दें। काफी अनुरोध करने के बाद भी जब बच्चियों को स्कूल प्रबंधन ने वापस नहीं लिया तो परिजनों ने इसकी शिकायत बाल संरक्षण से जुड़े संगठन से की। सूचना मिलने के बाद बाल संरक्षण से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता रूबी कुमारी, स्कूल पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सूचना वरिष्ठ अधिकारियों के पास पहुंचा दी गयी है। इधर, मामले की जानकारी मिलने के बाद लातेहार बाल कल्याण समिति ने इस पर संज्ञान लिया है। बाल कल्याण समिति ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है।



## छत्तीसगढ़ : डेढ़ सौ जवानों का हत्यारा नक्सली माड़वी हिड़मा मुठभेड़ में ढेर

- 76 सीआरपीएफ जवानों की हत्या का था मास्टरमाइंड
- पत्नी राजे भी मारी गयी, मौके से हथियार भी बरामद
- सुरक्षाकर्मियों ने कुल छह नक्सलियों को मार गिराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर/ जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में मंगलवार की सुबह छह से सात बजे के करीब छत्तीसगढ़-आंध्र प्रदेश सीमा पर हुई मुठभेड़ में बस्तर संभाग के एक करोड़ रुपये से ज्यादा के इनामी खूंखार नक्सली माड़वी हिड़मा समेत कुल छह नक्सली ढेर हो गये। आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामराजू जिले के मारेदुमिल्ली के पास सुबह-सुबह यह मुठभेड़ हुई। इसमें बस्तर क्षेत्र में आतंक का पर्याय रहे हिड़मा और उसकी पत्नी राजे उर्फ रजक्का मारे गये।

**एके-47 समेत अन्य हथियार बरामद:** बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह छह से सात बजे के करीब आंध्र प्रदेश के एएसआर जिले के रामपचोदवरम उप-मंडल के मारेदुमिल्ली के पास हुई मुठभेड़ में हिड़मा समेत छह माओवादी मारे गये। मौके से दो एके 47, एक रिवॉल्वर, एक पिस्तौल बरामद किये गये हैं। जो एके-47 मिला है, वह माना जा रहा है कि हिड़मा का है। क्योंकि वह हमेशा कई लेयर में एके-47 से लैश रहता था।

**गृह मंत्री की डेडलाइन से पहले मारा:** गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों को हिड़मा को खत्म करने के लिए 30 नवंबर तक की डेडलाइन दी थी। इसके बाद आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित मरेडमिल्ली के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इसी ऑपरेशन में हिड़मा डेडलाइन से 12 दिन पहले ही मारा गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन टीम से फोन पर बात कर उन्हें बधाई दी है।



### दो दशक से आतंक का पर्याय था

हिड़मा पिछले दो दशक में हुए 26 से ज्यादा बड़े नक्सली हमलों का मास्टरमाइंड रहा है। इनमें 2010 दंतेवाड़ा हमला भी शामिल है, जिसमें 76 सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे। इसके अलावा 2013 में झीरम घाटी हमले, 2021 सुकमा-बीजापुर हमले में भी हिड़मा की भूमिका रही है।

### पीएलजीए की बटालियन का कमांडर था हिड़मा

हिड़मा का जन्म1981 में छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में हुआ था। वह पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) की एक बटालियन का कमांडर और माओवादी सेंट्रल कमेटी का सदस्य था। वह बस्तर क्षेत्र से इस शीर्ष नेतृत्व में शामिल होने वाला इकलौता आदिवासी माना जाता था। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 2010 में 76 जवानों की हत्या हुई थी। यह नक्सल इतिहास का सबसे बड़ा हमला था। उस हमले का मास्टरमाइंड हिड़मा ही था। इसमें बसवाराजू भी शामिल रहा, जो एनकाउंटर में पहले ही मारा जा चुका है। बसवाराजू हमले के लिए बनी रणनीति की मीटिंग में शामिल हुआ था। हमले की साजिश रची थी।

## बिहार: शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी तेज

## भाजपा-जदयू के बीच अब भी खींचतान!

गृह मंत्री अमित शाह आज पटना में नीतीश से मिलेंगे

नीतीश पहुंचे गांधी मैदान तैयारियों का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** दिल्ली में बिहार की नयी सरकार का खाका तैयार हो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के पद पर दावा कर रही है, लेकिन जदयू भविष्य में किसी तरह की तोड़फोड़ की आशंका के चलते स्पीकर का पद भाजपा को देने के लिए तैयार नहीं है। इसके अलावा सरकार में बराबर की भागीदारी को लेकर जदयू-भाजपा में खींचतान है। खींचतान की खबर के बीच यह जानकारी आयी है कि भाजपा विधायक प्रेम कुमार को विधानसभा का स्पीकर बनाया जा सकता है।

**केशव मौर्य और साध्वी को बनाया पर्यवेक्षक:** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव मौर्य और साध्वी निरंजन ज्योति बिहार में भाजपा ने पर्यवेक्षक बनाया है। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुधवार को पटना आ रहे हैं। पटना पहुंचते ही वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने सीएम आवास जायेंगे। दोनों नेताओं के बीच सरकार गठन को लेकर अहम बातचीत होगी।

**दिल्ली में हुई शाह के आवास पर बैठक:** इससे पहले दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर जदयू सांसद संजय झा और ललन सिंह के साथ भाजपा के टॉप नेताओं की दो घंटे बैठक हुई। बैठक में डिप्टी सीएम, मंत्री और स्पीकर को लेकर दोनों पार्टियों नेताओं के बीच बातें हुईं।

**नीतीश पहुंचे तैयारियों का जायजा लेने:** पटना के गांधी मैदान में 20 नवंबर को शपथ समारोह होगा। शपथ समारोह को लेकर चल रही तैयारियों के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गांधी मैदान पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया।

### पीके एक दिन का मौन उपवास रखेंगे



**पटना (आजाद सिपाही)।** बिहार विधानसभा चुनाव में खाता तक नहीं खुलने के बाद जनसुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने मंगलवार को पहली बार को प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने हार की जिम्मेदारी लेते हुए माफी मांगी और कहा मैं एक दिन का मौन उपवास करूंगा। प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया के सवाल पर वह भड़क गये। उन्होंने कहा कि आप मेरी बातों को इतना मत पकड़ा कीजिए। इससे पहले चुनाव में हुई हार पर अपनी बात रखते हुए प्रशांत ने कहा कि हम व्यवस्था परिवर्तन तो छोड़िये, सत्ता परिवर्तन भी नहीं करा पाये। हमारे प्रयास और सोच में जरूर कोई गलती हुई, जिससे जनता ने विश्वास नहीं दिखाया। मैं हार की जिम्मेदारी लेता हूं। इसके प्रायश्चित के लिए 20 नवंबर को गांधी भीतिहरवा आश्रम में एक दिन का मौन उपवास रखूंगा। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिशों में, हमारी सोच में, समझाने में कमी रही होगी जिसके कारण जनता ने हमें नहीं चुना। अगर जनता ने हम पर भरोसा नहीं जताया, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी मेरी है।

### दुनियाभर में चैटजीपीटी घंटों बंद रहा

**नयी दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एआइ चैटबॉट चैटजीपीटी और कैनवा की सेवा देशभर में कई घंचे बंद रहा। ये सेवा मंगलवार शाम करीब 5:00 बजे डाउन हुआ, जो खपर लिखे जाने तक ठीक नहीं हुआ था। भारत समेत दुनियाभर में यूजर्स को लॉगिन, साइनअप, पोस्ट करने और देखने के अलावा प्रीमियम सर्विसेज सहित प्रमुख सुविधाओं का उपयोग करने में दिक्कत आयी। सर्वर डाउन होने की जानकारी देने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर भी बंद है। सर्वर प्रोवाइडर क्लाउडफ्लेयर के डाउन होने के कारण यह दिक्कत आयी है। इससे जुड़ी करीब 75 लाख वेबसाइट्स पर भी असर पड़ा है।

## मलेशिया और श्रीलंका के सांसदों से मिलीं कल्पना सोरेन

**रांची (आजाद सिपाही)।** विधायक सह झारखंड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति कल्पना सोरेन से मंगलवार को मलेशिया के सांसद सह मलेशियन इंडियन कांग्रेस के वाइस प्रेसिडेंट एम सरवनन, श्रीलंका के सांसद एस श्रीथारन और श्रीलंका के पूर्वी प्रांत के पूर्व राज्यपाल सेंथिल थोंडमन ने मुलाकात की। यह मुलाकात मुख्यमंत्री आवास पर हुई। इस मौके पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी भी मौजूद थीं। यह एक औपचारिक मुलाकात थी।



## बरही में हुए जेवरात लूटकांड का 24 घंटे में हुआ खुलासा

तीन लुटेरे पकड़ाये, 1.5 करोड़ रुपये के जेवरात बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने रविवार रात बरही चौक के समीप जय माता दी ज्वेलर्स में जेवरात लूट मामले का 24 घंटे के अंदर उद्द्भेदन कर दिया है। घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर लुटेरे को भी दबोच लिया गया है। जबकि घटना में शामिल एक अन्य फरार है। पुलिस ने उनसे 1.5 करोड़ रुपये के जेवरात भी बरामद किये। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि बरही चौक के समीप रविवाव को हुए जेवरात लूटकांड के बाद बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी थी। टीम ने सीसीटीवी के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के अंदर कांड का उद्भेदन कर दिया। साथ ही लूटे गये सामान के साथ तीन लुटेरों को भी दबोच लिया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान धनंजय चौधरी उर्फ छोटू, इंद्रराज चौधरी और रौशन यादव के रूप में हुई है।

**जेवरात हुए बरामद:** लूटे गये आभूषण कुल सोना का जेवरात- 946 ग्राम करीब, संखा पोला- 200 ग्राम, चांदी का जेवरात (नया)- 11 किलो ग्राम, चांदी का जेवरात (पुराना) 1.760 किलो ग्राम जिसका कुल कीमत करीब 1.5 (डेढ़) करोड, एक स्कॉर्पियो, एक मोटरसाइकिल केटीएम, तीन देसी कट्टा, 1 देसी कारबाईन, 6 जिन्दा गोली और दो मोबाइल बरामद किये गये।

**छापामारी दल में थे शामिल:** बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बरही थाना प्रभारी बिनोद कुमार, बरही इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर कुमार, चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, पुअनि मृत्युजय कुमार, पुअनि सुमित साव, पुअनि सुशील कुमार, पुअनि राजवल्लभ कुमार, नरेंद्र कुमार पांडेय, सौरभ कुमार, सुरजीत चौधरी, दीपक कुमार, रूपलाल यादव, बादल कुमार हेम्ब्रम, बादल महतो, समेत अन्य शामिल थे।

## प्रधानमंत्री 25 नवंबर को राम मंदिर में करेंगे ध्वजारोहण

अमिताभ-सचिन समेत कई हस्तियों को न्योता, आम लोगों को एंट्री नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को बटन दबाकर ध्वज को फहरायेंगे। उनके साथ मोहन भागवत भी मौजूद रहेंगे। फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन, खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर समेत हर क्षेत्र से कई अन्य गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। ध्वजा फहराने के लिए 12 बजे से 12.30 बजे के बीच अभिजीत मुहूर्त तय किया गया है। बटन दबाने के बाद 10 सेकेंड में ही ध्वज हवा में फहराने लगेगा। केसरिया रंग के खास ध्वज पर सूर्य, ॐ और कोविदार (अयोध्या का शाही वृक्ष, जो कचनार के नाम से जाना जाता है) के प्रतीक बने हुए हैं। ये सभी चिह्न सूर्यवंश के प्रतीक है। ध्वज को वैदिक मंत्रों के बीच सलामी दी जायेगी। ध्वज फहराते ही मंदिर परिसर में घंटे-घड़ियाल बजने लगेंगे।

**ध्वजा फरहाने का हुआ ट्रायल, पहुंचे योगी:** राम मंदिर के शिखर पर मंगलवार को ध्वजा फहरा कर ट्रायल किया गया। इसके अलावा ध्वजारोहण समारोह की तैयारियां देखने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अयोध्या पहुंचे। राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर 42 फीट ऊंचा स्तंभ स्थापित किया गया है। इसी स्तंभ पर 22 फीट लंबी और 11 फीट चौड़ी पताका फहरायेगी, जो 3 किमी दूर से दिखेगी।




### ऑटोमैटिक फ्लैग होस्टिंग से ध्वज बदलेगा

ध्वज फहराने के लिए ऑटोमैटिक फ्लैग होस्टिंग सिस्टम लगाया गया है। ध्वज बदलने के लिए भी इस सिस्टम की मदद ली जायेगी। हालांकि, ट्रस्ट ने अभी ये नहीं साफ किया है कि कितने-कितने अंतराल के बाद ये ध्वज बदला जायेगा। हवा के बहाव के साथ ध्वज 360 डिग्री पर घूम सकेगा।

### मोदी हनुमानगढ़ी के बाद राम मंदिर जायेंगे

अयोध्या में पीएम मोदी का दौरा तीन घंटे का होगा। वह 11 बजे अयोध्या पहुंच जायेंगे। मोदी राम मंदिर से पहले हनुमानगढ़ी पहुंचेंगे। वहां दर्शन-पूजन करेंगे। वह रामलला समेत राम दरबार के दर्शन कर आरती उतारेंगे। अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 से 12.30 के बीच 191 फीट ऊंचे शिखर पर पीएम मोदी ध्वजारोहण करेंगे।










### अवैध शराब को लेकर छापेमारी करने गयी थी उत्पाद विभाग की टीम

# उत्पाद विभाग के कर्मियों और ग्रामीणों में झड़प, मामला दर्ज

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया डैम ओपी अंतर्गत कांटी गांव में अवैध शराब बिक्री को लेकर छापेमारी करने गये उत्पाद की टीम और ग्रामीणों में झड़प की खबर है। उत्पाद विभाग के कई कर्मियों के साथ मारपीट करते हुए उनके वाहन के शीशे तोड़ने और वाहन को क्षतिग्रस्त करने का आरोप है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए उत्पाद विभाग के एसआइ शिवसागर कुमार ने बताया कि बीती रात वे उत्पाद विभाग के अन्य कर्मियों के साथ दो वाहन में सवार होकर तिलैया डैम ओपी के कांटी गांव में छापेमारी हेतु गये थे। इस दौरान उन्होंने वहां पर अवैध शराब की बिक्री करने वाले दो लोगों को हिरासत में लिया, जिनमें बड़की धमराय निवासी अनिल महतो और धनुकी महतो शामिल थे। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के बाद वे बरही थाना क्षेत्र के तिलैया बस्ती होते हुए कोडरमा आने हेतु बढ़े। इस दौरान अंधेरा होने के कारण वे रास्ता भटक गये। इसी का फायदा उठाते हुए ग्रामीणों द्वारा गिरफ्तार लोगों को बचाने हेतु झूठी कहानी मढ़ते हुए हल्ला कर दिया गया कि गांव में चोर घुस आया है और बच्चा चोरी कर भाग रहा है।

जिसके बाद हमलोग जिस ओर भी गाड़ी लेकर भागे, स्थानीय ग्रामीणों (गुड़ियों विजैया और तिलैया बस्ती के लोग) ने हमारे वाहनों पर पत्थर कर हमला कर दिया। तिलैया बस्ती के निकट स्थानीय ग्रामीणों ने वाहन को घेर लिया और गिरफ्तार अपने साथी को छुड़ा ले गये। वहीं गाड़ी में तोड़फोड़ की और साथ ही साथ हमारे जवानों के साथ मारपीट करते हुए उनकी वर्दी फाड़ दी। हमलोग किसी प्रकार से वहां से निकलने में सफल हुए। उन्होंने बताया कि चूंकि यह मामला बरही थाना क्षेत्र में घटित हुआ है, इसलिए पूरी घटना को लेकर बरही थाने में आवेदन दिया गया है। दूसरी ओर हीरोडीह व गुड़ियों विजया के ग्रामीणों का कहना है कि बीती रात कोडरमा उत्पाद की टीम हमारे गांव में आकर जबरन पैसे की वसूली करने लगी। विरोध करने पर उनलोगों द्वारा ग्रामीणों के साथ मारपीट की गयी। इधर बरही थाना प्रभारी विनोद यादव ने बताया कि उन्हें बीती रात की घटना की सूचना मिली है।



## 11 नामजद और कई अज्ञात पर प्राथमिकी

विभाग के द्वारा थाना को दिये आवेदन में राजेश मोदी पिता स्व प्रकाश मोदी, बड़की धमराय थाना तिलैया डैम, रंजीत मोदी पिता स्व प्रकाश मोदी, बड़की धमराय, मुन्ना मोदी पिता स्व प्रकाश मोदी, नकुल कुमार उर्फ.नकुल चंद्रवंशी पिता रामेश्वर राम, तिलैया बस्ती थाना बरही, संतोष चंद्रवंशी, तिलैया बस्ती, अजय यादव, करगइयो, सचिन यादव पिता महादेव यादव, करगइयो, परमेश्वर यादव पिता चट्टू यादव करगइयो, सुरेंद्र पंडित पिता रमेश्वर पंडित, करगइयो, पंकज यादव पिता रघुवीर यादव, करगइयो, सुनील पंडित पिता किशन पंडित, करगइयो एवं तिलैया बस्ती, बेला बस्ती, भंडारो बस्ती और करगइयो बस्ती के सैकड़ों ग्रामीणों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इनपर छापामारी दल पर हमला करने एवं पीछा करते हुए गुडियों विजया गांव तक आकर छापामारी दल को घेरकर कब्जा में घंटों रखने तथा मारपीट कर छापामारी दल में शामिल गृह रक्षकों से शस्त्र (राइफल) छीनने के प्रयास का आरोप लगाया गया है।

## विभाग पर लग रहे गंभीर आरोप

इस मामले में विभाग के अधिकारी और कर्मियों पर भी गंभीर आरोप लग रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि रात में छापेमारी करने गयी टीम में महिला कर्मियों को शामिल नहीं किया गया था। टीम ने छापेमारी के पहले थाने को भी जानकारी नहीं दी थी, ऐसा किस इरादे से किया गया। ग्रामीणों की मानें तो रास्ता भटकने की बात भी झूठ है, विभाग के लोग हजारीबाग जिले के गांवों में अवैध वसूली कर रहे थे। इसकी जांच मोबाइल लोकेशन से की जा सकती है। ग्रामीण इस मामले को लेकर जल्द ही स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ मुख्यमंत्री से मिलने जाने वाले हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग सिर्फ वसूली में लगी रहती है और अवैध कार्यों को संरक्षण देती है। यह भी बताया जाता है कि विभाग के कर्मियों ने मारपीट का आरोप लगाया है पर कहीं इलाज नहीं करवाया।

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड की दमदार मौजूदगी

### निवेशकों के भरोसे और संभावनाओं को मिला नया आयाम




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रगति मैदान में चल रहे 44वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आइआइटीएफ) 2025 के पांचवें दिन झारखंड पवेलियन आकर्षण का केंद्र बना रहा। मिनरल कैपिटल झारखंड थीम के तहत इस बार राज्य ने अपनी दो बड़ी ताकतों–खनिज क्षमता और कृषि विविधता–का अनूठा संगम राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया है। रागी जैसी पोषण-समृद्ध फसल से लेकर यूरेनियम जैसी रणनीतिक धातु तक, झारखंड ने अपनी अर्थव्यवस्था की विस्तृत और मजबूत तस्वीर पेश की है।

झारखंड, जिसे देश की मिनरल कैपिटल कहा जाता है, ने इस पहचान को और मजबूत करते हुए पवेलियन में लौह अयस्क, कोयला, अभ्रक, तांबा, यूरेनियम, बॉक्साइट, चूना पत्थर, सोना, ग्रेनाइट और विभिन्न प्रकार के पत्थरों का व्यापक प्रदर्शन किया।

ये खनिज भारत की औद्योगिक प्रगति की रीढ़ माने जाते हैं और ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इस प्रस्तुति के जरिए राज्य सरकार निवेशकों को यह स्पष्ट संदेश दे रही है कि झारखंड का खनन क्षेत्र राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और रोजगार दोनों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

## कृषि विविधता का नया प्रतीक है रागी

खनिजों के साथ झारखंड ने अपनी कृषि क्षमता भी पूरे आत्मविश्वास के साथ दर्शायी। विशेष रूप से रागी जैसे पोषक अनाज को पवेलियन में प्रमुखता दी गयी। रागी ग्रामीण और आदिवासी किसानों के लिए न केवल टिकाऊ फसल है, बल्कि पोषण का भी सशक्त स्रोत है। पवेलियन में रागी आटा, बिस्किट, स्नैक्स और हेल्थ फूड जैसे उत्पादों ने लोगों का खूब ध्यान खींचा। राज्य सरकार रागी को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने, जलवायु-सहिष्णु खेती को प्रोत्साहित करने और उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने पर काम कर रही है।

## झारखंड-एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति

(आइआइटीएफ) 2025 में झारखंड पवेलियन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि राज्य केवल खनिज संपदा से समृद्ध नहीं है, बल्कि कृषि, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और सतत आर्थिक प्रगति का एक प्रभावी मॉडल भी प्रस्तुत कर रहा है। इस विविध क्षमता ने देश-विदेश के निवेशकों में राज्य के प्रति भरोसा और संभावनाओं को नयी दिशा दी है। झारखंड ने मेले में यह संदेश दृढ़ता से दिया है कि वह खनिज, कृषि और उद्योग तीनों क्षेत्रों में एक उभरती हुई आर्थिक ताकत के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# झारखंड विधानसभा की रजत जयंती 22 को

### 25 वर्षों की यादगार यात्रा पर होगा भव्य समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा अपनी 24वीं वर्षगांठ के अवसर पर 22 नवंबर को एक भव्य समारोह का आयोजन करने जा रही है। इस समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

समारोह को दो सत्रों में बांटा गया है। पहले सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा, जबकि दूसरे सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इस मौके पर बॉलीवुड गायक रूप कुमार राठौर और हास्य कवि दिनेश बावरा अपनी प्रस्तुति देंगे।



**क्या होगा प्रमुख आकर्षण**

- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के हाथों उत्कृष्ट विधायक का सम्मान
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मान
- विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मान
- बॉलीवुड गायक रूप कुमार राठौर की प्रस्तुति
- हास्य कवि दिनेश बावरा का मनोरंजन कार्यक्रम

# वोटर आउटरीच प्रोग्राम चलायें और 2003 के मतदाता सूची से पैतृक मैपिंग में तेजी लायें अधिकारी : के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं का 2003 के मतदाता सूची से पैतृक मैपिंग का कार्य प्रगति पर है। इसे प्राथमिकता में रखते हुए यथाशीघ्र पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची की पैतृक मैपिंग का कार्य 70% तक पूरा कर लिया गया है। इन क्षेत्रों के मतदाताओं का मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण के समय इन्यूम्यूरेशन फॉर्म भरने में अधिक सुगमता हो सकेगी। वहीं जिन विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता सूची का पैतृक मैपिंग अभी भी कम है वे इस कार्य में तीव्रता लाने हेतु वोटर आउटरीच प्रोग्राम चलाएं एवं पैतृक मैपिंग में तेजी लायें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंगलवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के इआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि मैपिंग के कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसे ससमय पूरा करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते हुए उनके द्वारा बीएलए के नियुक्ति में तेजी लाने हेतु आग्रह करें। जिससे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में आगामी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में और अधिक निष्पक्षता आ सके। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर सहित सभी जिलों के इआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एएनइआइ के वार्षिक सम्मेलन में अध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने कहा

# ब्रेन स्ट्रोक सर्जरी में एआइ लायेगा क्रांतिकारी बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्वी भारत के प्रमुख न्यूरोलॉजिकल संगठन एसोसिएशन ऑफ न्यूरोसाइंटिस्ट्स ऑफ इस्ट इंडिया (एएनइआइ) का वार्षिक सम्मेलन हाल ही में असम के दिब्रूगढ़ में हुआ। इसमें पूर्वी भारत के 12 राज्यों के प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन, न्यूरोलॉजिस्ट और न्यूरोसाइंटिस्ट्स ने खास तौर से हिस्सा लिया। प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन और एएनइआइ अध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने प्रेसिडेंशियल ओरेशन प्रस्तुत किया। साथ ही ब्रेन स्ट्रोक सर्जरी विषय पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि पहले और अब में मस्तिष्क स्ट्रोक के इलाज में काफी बदलाव आये हैं। आने वाले समय में यह क्षेत्र और भी उन्नत होने जा रहा है। डॉ कुमार ने नवीनतम न्यूरोसर्जिकल तकनीकों, अनुसंधान में हो रहे नवाचारों और विशेष रूप से एआइ के ब्रेन और स्पाइन सर्जरी में प्रभावी उपयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआइ भविष्य में स्ट्रोक मैनेजमेंट के स्वरूप को पूरी तरह बदल देगा। इससे न केवल सर्जिकल प्रिसिशन बढ़ेगी, बल्कि मरीजों के उपचार परिणामों में भी उल्लेखनीय सुधार आयेगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा जगत में सहयोगात्मक शोध ही दीर्घकालिक प्रगति की कुंजी है, जिससे न्यूरोलॉजिकल केयर को और अधिक उन्नत बनाया जा सकता है। डॉ संजय कुमार ने संदेश दिया कि विज्ञान और तकनीक का सम्मिलन, तभी सार्थक है जब उसका लाभ आम मरीज तक पहुंचे। हमें मिलकर ऐसा स्वास्थ्य तंत्र बनाना होगा, जो सुलभ, सटीक और प्रभावी हो।

**अबकी बार झारखंड में होगा सम्मेलन :** एएनइआइ अध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने बताया कि वार्षिक सम्मेलन हर साल अलग-अलग राज्य में आयोजित की जाती है। अगले साल यह वार्षिक सम्मलेन झारखंड में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में नयी जानकारियों का आदान-प्रदान, अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया जाता है।

**डॉ संजय के विचार प्रेरणादायक :** डॉ संजय कुमार के विचारों को सम्मेलन में भाग ले रहे विशेषज्ञों, चिकित्सकों और शोधकर्ताओं ने प्रेरणादायक बताया। उनका ओरेशन सम्मेलन का खास आकर्षण रहा, जिसने न केवल उनके नेतृत्व और गहन विशेषज्ञता को प्रदर्शित किया, बल्कि न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में अमूल्य योगदान और समर्पण को भी सम्मानित किया। एएनइआइ का वार्षिक सम्मेलन पूर्वी भारत के न्यूरोसाइंस समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई। जिसने ज्ञान और चिकित्सा नवाचार के नये मार्ग खोले।



## डॉ संजय रांची में दे चुके हैं योगदान

डॉ संजय कुमार झारखंड में न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। उन्होंने पूर्व में मेडिका हॉस्पीटल और पारस अस्पताल में मेडिकल डायरेक्टर और वाइस चेयरमैन के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। रांची के अपोलो अस्पताल से न्यूरो सर्जरी की शुरूआत की थी। वर्तमान में वे क्यूरेस्टा अस्पताल में डायरेक्टर, न्यूरो साइंसेज के रूप में कार्यरत हैं।

# दो दिनों में जेल अधीक्षक नियुक्त करने और 5 जनवरी तक सभी थानों में सीसीटीवी लगाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में मंगलवार को जेल और राज्य के थानों को लेकर महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीशन तरलोक सिंह चौहान की खंड पीठ ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में शराब और जीएसटी घोटाले के आरोपियों द्वारा किये गये डांस और उसका वीडियो वायरल होने पर इसे स्वतः संज्ञान लिया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को दो दिनों के भीतर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में नियमित जेल अधीक्षक की नियुक्ति करने का मौखिक आदेश दिया। गृह विभाग को यह भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि जेल में किसी प्रकार के फोन, चार्जर या नशे का सामान न जाये। झालसा और पुलिस प्रशासन समय-समय पर जेल का औचक निरीक्षण करे। खंड पीठ अगली सुनवाई पांच दिसंबर को करेगा। उधर झारखंड हाइकोर्ट ने प्रॉपर्टी रिएल्टी प्राइवेट लिमिटेड, शौभिक बनर्जी और अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को पांच जनवरी तक झारखंड के सभी पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया है। अदालत के आदेश पर आज हाइकोर्ट में मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी और आइटी सेक्रेट्री सशरीर उपस्थित हुए। मालूम हो कि पश्चिम बंगाल के शौभिक बनर्जी एवं अन्य ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा था कि चेक बाउंस से जुड़े केस में वह धनबाद कोर्ट में बेल लेने आये थे। लेकिन धनबाद पुलिस ने उन्हें दो दिनों तक अवैध तरीके से थाने में बैठाये रखा और जबरन दबाव बनाकर दूसरे पक्ष की मदद की। सारी घटनाएं बैंक मोड़ थाने में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। इसके बाद हाइकोर्ट ने थाने में लगे सीसीटीवी का रिकार्ड मांगा तो पुलिस ने कहा था कि दो दिनों का बैकअप उपलब्ध है। इसके बाद हाइकोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लिया था। पुलिस प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों को सशरीर उपस्थित होने का भी निर्देश दिया था।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.7 °c | 11.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.05 बजे |



### बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद रांची एयरपोर्ट पर दीपक प्रकाश का भव्य स्वागत

# डबल इंजन सरकार की विकासशील प्रगति पर जनता की मुहर : दीपक प्रकाश

**मोदी है तो मुमकिन है के नारों के साथ दीपक प्रकाश का जोरदार स्वागत**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व विजय के बाद भारतीय जनता पार्टी बिहार के सह-प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश मंगलवार दोपहर 1 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचे। उनके आगमन पर पूरा परिसर उत्साह, उमंग और जोश से सराबोर दिखायी दिया।

एयरपोर्ट पर भारी संख्या में जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जीत की खुशी में मोदी है तो मुमकिन है के नारों के साथ दीपक प्रकाश का जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर भव्य अभिवादन किया, जबकि परिसर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद एवं जेपी नड्डा जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा।

रांची में उनके स्वागत समारोह को विशेष बनाने हेतु अलग-अलग सांस्कृतिक समूहों ने पारंपरिक झारखंडी छऊ नृत्य, ढोल-नगाड़ों, मंदार वादन एवं लोकगीतों के माध्यम से अतिथि सत्कार की समृद्ध झारखंडी परंपरा का प्रदर्शन किया। पूरे वातावरण में उत्साह और ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर दीपक प्रकाश ने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं सामाजिक संगठनों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विजय जनता के अटूट विश्वास, एनडीए की प्रतिबद्धताओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास, सुशासन व राष्ट्रहित की नीतियों की जीत है। डबल इंजन सरकार के विकासशील प्रगति पर मुहर लगा कर बिहार की जनता ने एक बार फिर प्रचंड समर्थन के साथ देश के विकास यज्ञ को आगे बढ़ाने का संकल्प दिया है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व, संगठन और कार्यकर्ताओं की निष्ठा, परिश्रम, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर विश्वास, एनडीए के तमाम नेताओं की कड़ी मेहनत, धर्मेंद्र प्रधान और विनोद तावड़े की कार्य कुशलता, इस ऐतिहासिक जनादेश के असली आधार हैं और आने वाला समय बिहार व पूरे देश में विकास, स्थिरता और सकारात्मक परिवर्तन का होगा।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **वृष** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **तुला** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# एनीमिया से एक ही परिवार के कई लोग ग्रसित 10 वर्षीय मासूम की मौत, 4 की हालत गंभीर

**गांव में हड़कंप, विधायक अनंत प्रताप देव ने भेजी मेडिकल टीम**

**राजू सिंह**

**विशुनपुरा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा प्रखंड के सारो गांव के पीरा टांड़ टोला में एनीमिया से एक ही परिवार के पांच सदस्य गंभीर रूप से बीमार हैं। जबकि 10 वर्षीय अंकित पाल की इलाज के दौरान मौत हो गयी है। वह परिवार का इकलौता बेटा था। पूरे गांव में मातम पसरा है।

पूरा परिवार एनीमिया की चपेट में है। इनमें पिता अनिल पाल, मां शर्मिला देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बेटी मधु कुमारी (13) वर्ष बेटी आरती कुमारी 6 वर्ष एनीमिया से ग्रसित हैं जबकि बेटा अंकित पाल (10) वर्ष इलाज के दौरान मौत हो गयी।

**मां की हालत गंभीर, गढ़वा सदर रेफर :** अंकित की मौत के बाद उसकी मां शर्मिला देवी को गंभीर हालत में गांव लाया गया। जहां तबीयत और बिगड़ने पर तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। दोनों बच्चियों का इलाज राबर्ट्सगंज के निजी अस्पताल में जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक महीना पहले शर्मिला देवी के हाथ-पैर में सूजन आयी। कुछ ही दिनों में पूरा परिवार बीमार पड़ गया और हालत तेजी से बिगड़ती चली गयी।




### इलाज में खर्च हो गया सबकुछ आर्थिक तंगी से जूझ रहा परिवार

परिजनों ने बताया कि घर की माली स्थिति पहले से ही कमजोर थी। बीमारी बढ़ने पर जो भी पैसा था, सब इलाज में खर्च हो गया। अब परिवार के पास बेहतर अस्पताल में इलाज कराने तक के पैसे नहीं बचे। इसके बावजूद वे अपने इकलौते बेटे अंकित को नहीं बचा सके।

### उप प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल ने की मदद

उप प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल ने मृतक के अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग किया उन्होंने कहा परिवार की हालत बेहद दयनीय है। सरकार और समाज को आगे आकर मदद करनी चाहिए।

### विधायक अनंत प्रताप देव ने भेजी डॉक्टरों की टीम

एनीमिया से हुई मौत की खबर सुनते ही स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव हरकत में आये। उन्होंने तुरंत अनुमंडल अस्पताल से डॉक्टरों की विशेष टीम भेजी। टीम गांव पहुंचकर परिवार की जांच में जुटी है और जरूरी उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

# गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार को रोकना नहीं चाहती : बाबूलाल

**अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाने के पीछे वसूली, तस्करी, अवैध उत्खनन, रंगदारी, भयादोहन**

**पहले विरोध, फिर सस्पेंड, फिर सेवा विस्तार, और त्यागपत्र लेने की कहानी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर एक बार पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मंगलवार को बाबूलाल मरांडी ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि पूर्व आइपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता को 2 वर्षों तक निलंबित रखने, फिर उन्हें डीजीपी बनाने, रिटायरमेंट के बाद भी सेवा विस्तार देने और अंत में इस्तीफा लेने के पीछे के रहस्य को राज्य की जनता जानना चाहती है। आखिर इसके पीछे कारण क्या है? उन्होंने कहा कि आज तक जो बातें सामने आ रही है उसके पीछे अवैध वसूली, तस्करी, अवैध उत्खनन, रंगदारी और भयादोहन है।

उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता ने राज्य सरकार के संरक्षण में वसूली के लिए इंस्पेक्टर गणेश सिंह, सिपाही रंजीत राणा, बिचौलिया मनोज गुप्ता, हरियाणा के किशन जी जैसे लोगों को कलेक्टर बहाल किया था। और ये इतने प्रभावी हो गये हैं कि इन लोगों पर भी आजतक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्होंने शराब घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से आगाह किया था लेकिन मुख्यमंत्री ने जानबूझकर अनसुना किया और बाद में सीबीआइ ने छत्तीसगढ़ के बाद झारखंड पहुंच गयी, वरिष्ठ आइएएस अधिकारी विनय चौबे की गिरफ्तारी हुई। उन्होंने कहा कि यहां भी 90 दिनों तक चार्जशीट दाखिल नहीं कर जमानत का रास्ता प्रशस्त किया गया। आज तक घोटाले से जुड़े कई लोगों की गिरफ्तारी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार को रोकना नहीं चाहती। यदि ऐसा नहीं होता तो बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी कानून बनाते, अवैध संपत्ति जब्त की जाती। मरांडी ने कहा कि अवैध कफ सिरप को बढ़ावा देकर राज्य सरकार बच्चों के जान से भी खिलवाड़ करने में नहीं चूकी। जब गुजरात की टीम कार्रवाई करती है तो वही डीजीपी ने सीआइडी जांच कराने के बहाने अपराधियों को छोड़ने के लिए टेलीफोन किया। डीजीपी के कारनामे एक नहीं अनेक हैं। जब उन्हें सीआइडी, एसआइटी के डीजी से हटाया गया तो वे अपने ऑफिस से रातों रात कागजात हटाते रहे, पेनड्राइव में सेव किया। उन्होंने कहा कि डीजीपी का कार्यालय लूट का अड्डा बना हुआ था, आज सूचना मिल रही है कि वे दिल्ली, हरियाणा से मुख्यमंत्री को धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम तौर पर कुख्यात अपराधी को उसके गृह जिला से बाहर की जेलों में रखा जाता है लेकिन अनुराग गुप्ता ने सुजीत सिन्हा को पलामू की जेल में रखा, राजेश राम जैसे अपराधी की बैठकी अनुराग गुप्ता की गोपनीय शाखा में होती थी, मिलकर वसूली करते थे, झारखंड को लगातार लूट रहे थे। मरांडी ने कहा कि राज्य के कुछ अधिकारी आज राज्य सरकार के टूल किट बन रहे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को कानून के आधार पर जनहित में कार्य करना चाहिए। नहीं तो जांच होने पर वे भी कभी मुश्किल में पड़ सकते हैं। मरांडी ने कहा कि भस्मासुर को वरदान देना महंगा पड़ता है। इस मौके पर सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव उपस्थित थे।

# पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता के खिलाफ ऑनलाइन एफआइआर

## अधिवक्ता राजीव कुमार ने लगाये कई गंभीर आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता के खिलाफ ऑनलाइन एफआइआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। झारखंड हाइकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार के द्वारा आवेदन दिया गया है।

**क्या है आवेदन में :** अपने आवेदन में अधिवक्ता राजीव कुमार ने लिखा है कि मैं राजीव कुमार, पिता-सत्यदेव राय, गौरी शंकर नगर, डोरंडा, रांची का निवासी हूं और झारखंड हाइकोर्ट में अधिवक्ता हूं। मैं न्यायालय के माध्यम से जनहित की लड़ाई लड़ता हूं। मैं झारखंड के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते आपका ध्यान विनम्रता पूर्वक एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। मीडिया स्त्रोतों और मुझे उपलब्ध जानकारी के अनुसार पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अपने कार्यकाल के दौरान झारखंड के कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा आदि से मिलकर कोयलांचल शांति समिति नामक संगठन का गठन कर पूरे राज्य भर में कोयला व्यवसायी, ठेकेदारों, ट्रांसपोर्टरों, डॉक्टरों, बिजनेसमैन आदि से करोड़ों की वसूली की है। पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता डीजीपी पद पर रहते हुए भी अपरोक्ष रूप से झारखंड के सबसे बड़े आपराधिक संगठन का संचालन कर रहे थे और एक अपराधी के कहने पर जेल में बंद अपराधी अमन साहू की तथाकथित मुठभेड़ करवाया था। ये आरोप नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने लगाया है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये खुलासा किया है कि कोयलांचल शांति समिति को पाकिस्तान से प्राप्त हथियार मुहैया कराया गया है। ये खुलासा ना सिर्फ झारखंड के लिए खतरा का विषय है बल्कि पूरे देश की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।



### पूर्व डीजीपी पर पद और पावर के दुरुपयोग का आरोप

राजीव कुमार ने अपने आवेदन में लिखा है कि अनुराग गुप्ता ने अपने पद और पवर का दुरुपयोग कर जहां करोड़ों की उगाही की, वहीं एसीबी और सीआइडी के महानिदेशक के पद पर रहते हुए अपने चहेते डीएसपी और पुलिस पदाधिकारियों मोहम्मद परवेज आलम, मोहम्मद नेहाल, अनिमेष नैथानी की मदद से अपने विरोधियों के खिलाफ फर्जी एफआइआर दर्ज करायी और कुछ सरकारी अफसर, इंजीनियर को भी फर्जी शिकायत पर नोटिस जारी कर उगाही की है, जिसमें सीआइडी और एसीबी के अमर कुमार पांडेय, गणेश प्रसाद इंस्पेक्टर, अनुज महतो सिपाही, चंदन कुमार सिपाही, प्रभात दुबे सिपाही, बीरेंद्र कुमार महतो सिपाही, दीपक मेहता सिपाही, महादेव महतो सिपाही, रंजीत राणा सिपाही आदि ने साथ दिया। अतः आपसे निवेदन है कि पूर्व डीजीपी के आपराधिक व भ्रष्ट कृत्य की जांच करते हुए उनपर और उनके सहयोगियों पर सुसंगत धाराओं में एफआइआर करने की कृपा करें। यह झारखंड की हित में और देश के हित में अत्यंत जरूरी है। इसके लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूंगा।

# आइएटीएफ दुबई में झारखंड के वस्त्र और परिधान क्षेत्र ने दमदार उपस्थिति दर्ज की

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** दुबई में आयोजित इंटरनेशनल अपैरल एंड टेक्सटाइल फेयर 2025 में झारखंड सरकार के उद्योग विभाग ने अपने परिधान और वस्त्र क्षेत्र की मजबूत क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने झारखंड राज्य पवेलियन का उद्घाटन किया, जहां राज्य की पारंपरिक कला, जैविक परिधान मॉडल और स्थानीय कारीगरों की दक्षता ने अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और निवेशकों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम में झारखंड के जीआइ टैग वाले तसर रेशम, खादी, बांस आधारित उत्पाद, जूट क्राफ्ट, सोहराई और रांची व आसपास की जनजातीय कलाओं की बेहतरीन झलक पेश की गयी।

झारक्राफ्ट की ओर से कौशल विकास, आधुनिक उत्पादन सुविधाओं और महिला और जनजातीय कारीगरों की सहभागिता पर आधारित नवाचार भी प्रदर्शित किये गये। इससे राज्य की एकीकृत कपड़ा नेटवर्क क्षमता जिसमें सिल्क पार्क, बुनाई क्लस्टर, डिजाइन इकाइयां और परिधान निर्माण शामिल हैं को वैश्विक मंच मिला।

उद्घाटन समारोह में एमएसएमइ झारखंड के प्रतिनिधि, जजटियात कल्याण आयुक्त, उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव और झारक्राफ्ट से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने झारखंड के परिधान और वस्त्र क्षेत्र को मजबूत दिशा देने के सरकारी प्रयासों पर संतोष जताया।

राज्य का लक्ष्य आइएटीएफ के इ-नेटवर्किंग, बिजनेस मीटिंग और सोर्सिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्थानीय एमएसएमइ और कारीगर समूहों को अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों और इ-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ना है। झारखंड पूर्वी भारत का मुख्य कपड़ा केंद्र बनने की दिशा में कार्यरत है, जिसमें रेशम और तसर उत्पादन को अधिक विस्तार देना प्रमुख लक्ष्य है।

दुबई में बनी संभावनाओं ने इस यात्रा को और गति दी है। मंत्री ने वैश्विक डिजाइनरों, ब्रांडों और निवेशकों को झारखंड में अवसर खोजने तथा दीर्घकालिक सहयोग के लिए आमंत्रित किया।

# छपरा के युवक की झरिया में गोली मारकर हत्या

## युवक के सिर में मारी गोली, घटना सीसीटीवी में कैद

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के रत्नजी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार दोपहर हुए गोलीकांड में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी है। घटना उस समय हुई जब एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने बेहद नजदीक से युवक के सिर में गोली मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावर अचानक पहुंचे और गोली दागकर मौके से फरार हो गये। बताया जाता है कि युवक प्रेम यादव छपरा का रहने वाला बताया जाता है जो लगभग दो महीना से झरिया में रहकर अपनी 16 चक्का ट्रक यहां से कोयला लोड कर उत्तर प्रदेश भेजता था। लगभग 3:00 दोपहर बजे सड़क पार करते ही पहले से घात लगाये तीन युवक उसके सिर पर गोली दाग दी।

गोली लगते ही युवक सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद झरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अपनी गाड़ी से अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना झरिया पुलिस द्वारा मृतक के पिता सुनील राय को दी गयी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए बैंक मोड़, धनसार, बोरागढ़, जोरापोखर थाना प्रभारी घटनास्थल पहुंचे। वहीं सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम के साथ लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम भी पहुंचे व अपनी टीम के साथ जांच में जुट गये। कुछ घंटे के बाद धनबाद सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव झरिया थाना पहुंचे पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान जल्द से जल्द हो सके।

पुलिस ने घटनास्थल से युवक का एप्पल का मोबाइल मोबाइल, चप्पल और एक खोखा बरामद किया है।

सिटी एसपी ऋतिक श्रीवास्तव ने बताया कि मृत युवक की पहचान कर ली गयी है। सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना कैद है और उसके आधार पर पुलिस तेजी से कार्रवाई कर रही है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर मामले का उद्भेदन कर दिया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



# स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी अचानक रिम्स पहुंचे

## फार्मेसी और ओपीडी प्रबंधन से जुड़े विभागों को तुरंत रिपोर्ट तैयार करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी अचानक मेडिसिन ओपीडी पहुंच गये। सुबह करीब 11 बजे मंत्री सीधे आउटडोर विभाग में पहुंचे। वहां मरीजों की लंबी लाइन देखकर उन्होंने तुरंत खुद ही मरीजों को बुलाना शुरू किया और एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। करीब आधे घंटे तक मंत्री ने डॉक्टर की तरह मरीजों की जांच की, बीमारियों के बारे में पूछा और दवाएं लिखकर देने लगे।

**अस्पताल की फार्मेसी में दवा उपलब्ध नहीं :** इसी दौरान एक मरीज ने बताया कि मंत्री द्वारा लिखी गयी एक महत्वपूर्ण दवा अस्पताल की फार्मेसी में उपलब्ध नहीं है। मंत्री ने तुरंत इसकी पुष्टि करने के लिए अपने स्टाफ को भेजा। कुछ ही मिनटों में जानकारी मिली कि जो दवा उन्होंने लिखी है, वह अस्पताल के स्टॉक में कई दिनों से नहीं है। यह सुनते ही मंत्री का मिजाज बिगड़ गया। मौके पर मौजूद रिम्स डायरेक्टर डॉ राजकुमार और अधीक्षक डॉ हिरेंद्र विरुआ को उन्होंने कड़े शब्दों में फटकार लगायी।

**मरीजों को परेशानी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं :** मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ये सब क्या चल रहा है। मरीजों को दवा नहीं मिलेगी तो वे कहां जायेंगे। हमारी सरकार की छवि खराब हो रही है। आपकी जिम्मेदारी है कि जरूरत की सभी दवाएं स्टॉक में रहें। मरीजों को परेशानी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फार्मेसी में रोजाना दवाओं की उपलब्धता की जांच की जाये और किसी भी दवा के स्टॉक खत्म होते ही तुरंत खरीद प्रक्रिया शुरू हो। मंत्री ने ओपीडी परिसर, प्रतीक्षालय और दवा काउंटरों का निरीक्षण भी किया। जगह-जगह गंदगी देखकर उन्होंने असंतोष जताया और सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये।

### सुविधाओं की कमी किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं



उन्होंने कहा कि रिम्स जैसे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं की कमी किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। औचक निरीक्षण के दौरान कई मरीजों ने मंत्री से अपनी समस्याएं भी बतायी कहीं परामर्श में देरी, तो कहीं दवा न मिलने की शिकायतें। मंत्री ने सभी शिकायतों को नोट किया और अधिकारियों को तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इससे पहले मंत्री पूरे उत्साह के साथ अस्पताल परिसर पहुंचे थे। लेकिन दवा उपलब्धता की खामी सामने आने के बाद उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि आने वाले दिनों में रिम्स में और भी कड़े निरीक्षण होंगे। अस्पताल की सेवाओं को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई तय है। स्वास्थ्य मंत्री के इस औचक निरीक्षण के बाद रिम्स प्रबंधन में खलबली मच गयी। निर्देशों के बाद फार्मेसी और ओपीडी प्रबंधन से जुड़े विभागों को तुरंत रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया गया है।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पिस्का स्टेशन का पुनर्विकास

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोलकाता।** अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेल द्वारा अपनी अवसंरचना को आधुनिक बनाने और लाखों यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर करने के लिए किये जा रहे संगठित प्रयास का प्रतीक है। यह एक दीर्घकालिक योजना है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों को चरणबद्ध तरीके से विकसित करना है। दक्षिण पूर्व रेलवे के कुल 72 स्टेशनों का विकास इस योजना के तहत किया जा रहा है। प्रत्येक स्टेशन के लिए विस्तृत योजनाएं तैयार की गयी हैं और वहां की आवश्यकता के अनुसार कार्य चरणों में किये जा रहे हैं। इस योजना का मुख्य लक्ष्य स्टेशनों को अधिक स्वच्छ, सुविधाजनक और यात्री-हितैषी बनाना है। रांची मंडल के अंतर्गत झारखंड के रांची जिले में स्थित पिस्का रेलवे स्टेशन भी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किये जाने वाले स्टेशनों में शामिल है। पुनर्विकास का उद्देश्य इस साधारण स्टेशन को अधिक यात्री-केंद्रित सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए आधुनिक रूप देना है। पिस्का रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास रांची और आसपास के क्षेत्रों के हजारों दैनिक यात्रियों को लाभान्वित करेगा। उन्नत सुविधाएं और बेहतर संपर्क व्यवस्था क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति देंगी, निवेश को आकर्षित करेंगी तथा झारखंड में पर्यटन को भी प्रोत्साहित करेंगी।




खेल प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 : रांची के डीएसपीएमयू (डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय) के प्रांगण में आयोजित 'खेल प्रतिभा सम्मान समारोह 2025' के दौरान, समाजशास्त्र विभाग के दो छात्रों-रोहित राज और हर्ष सिंह-को कबड्डी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

# महिला मुखबधिर क्रिकेट टीम दिल्ली रवाना




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली के नोएडा में होने वाली प्रथम महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के मंगलवार महिला मुखबधिर क्रिकेट टीम रवाना हुई। टीम के सभी खिलाड़ियों को माला पहना कर विदा किया गया। जमशेदपुर की रिंकू कुमारी टीम का नेतृत्व कर रही हैं। रांची की सुप्रिया तोपों, बोकारो की नीलम महतो (विकेट कीपर), जमशेदपुर की नीलू परवीन, रुखसार, पूनम कुमारी, गिरिडीह की प्रीति कुमारी, धनबाद की सरस्वती, रोमा देवी, सुग्गी कुमारी, सब्बू परवीन, गोड्डा की मंजू बालों टीम में शामिल है। क्रिकेट कोच रंजीत कुमार, रीमा साहू, झारखंड पारा ओलंपिक के अध्यक्ष जटाशंकर चौधरी, मुकेश कुमार, सुसेन, अधिकार मंच झारखंड मो. इरफान, लाभानु कुमार गुप्ता, दुर्गा दत्ता और सरिता सिन्हा ने रांची रेलवे स्टेशन पर टीम को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद के साथ टीम को रवाना किया।

# हाइकोर्ट ने निजी स्कूलों की आरटीइ मान्यता पर स्टे से स्कूलों को राहत: पासवा



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) द्वारा दायर रिट याचिका (केस संख्या 12068/2025) पर सुनवाई करते हुए राज्य के निजी विद्यालयों के आरटीई मान्यता विवाद पर अगले आदेश तक के लिए पूर्णकालिक स्टे लगा दिया है। यह स्टे 2019 के बाद स्थापित सभी निजी विद्यालयों पर भी लागू होगा। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश दीपक रोशन की खंडपीठ ने यह महत्वपूर्ण आदेश पारित किया। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि उच्च न्यायालय से झारखंड के निजी विद्यालयों को न्याय अवश्य मिलेगा। आरटीइ की कठोर शर्तों से निजी विद्यालयों को राहत मिलनी चाहिए और यह आदेश न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने शिक्षा विभाग और जिला स्तर के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मान्यता के प्रश्न पर किसी भी निजी विद्यालय को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पासवा की ओर से निजी विद्यालयों का पक्ष प्रभावी रूप से रखा। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरटीइ अधिनियम के तहत निजी स्कूलों पर लगाये गये निरीक्षण शुल्क, सिक्योरिटी डिपॉजिट और अन्य शर्तें मनमाने और अनुचित हैं।

# भक्तों ने किया श्रीहनुमान चालीसा का सस्वर पाठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में मंगलवार को साप्ताहिक श्रीसुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ कर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा अर्पित की। श्रीश्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और कार्यकारिणी सदस्य राजेश ढानढनिया ने शाम चार बजे अखंड ज्योति प्रज्वलित कर पूजन किया। बलवंत लाल, सुमन कुमारी और नीलमणि ने बालाजी महाराज को भोग लगाया। इसके बाद पाठ वाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने सहयोगियों संग ढोलक ढपली के साथ पहले श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया। फिर श्रीसुंदरकांड का संगीतमय पाठ कर भक्ति की अविरल धारा बहायी। संध्या बेला महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ 179 वें पाठ का समापन हुआ। पुष्पा देवी पोद्दार, मुकेश मित्तल, राजेश जयसवाल ने विविध सेवा दी। मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया,अशोक लड़िया, मंत्री पंकज गाड़ोदिया, मंत्री विष्णु चौधरी, उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया, स्नेह पोद्दार, रिषभ कुमार, हर्ष, कृष्णा, अंकित आदि मौके पर उपस्थित थे। विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि शनिवार को शाम साढ़े चार बजे 179 वां श्रीश्याम भंडारा चलाया जायेगा।

## अखंड श्रीहनुमान चालीसा पाठ का छठा दिन

# सुहागिनों ने गायी श्रीदादी की जीवन गाथा

- अखंड श्रीहनुमान चालीसा पाठ के छठे दिन मंगला पाठ का आकर्षण
- श्री रामकथा रस की भी बही रस धारा
- हनुमान चालीसा पाठ को जुटे श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुजराती पटेल भवन में चल रहे सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ के छठे दिन मंगलवार को श्रीराणी सती दादी के मंगला पाठ का अलग ही आकर्षण रहा। सजे-धजे भवन में श्रीदादी का भव्य दरबार। दोनों किनारे पारंपरिक राजस्थानी वेश-भूषा में सुहागिने। मंच में विराजी कोलकाता से आयी रेशमा लोयल्का और उनकी सहयोगी। सुमधुर कंठों से श्रीदादी की जीवन गाथा का गुणगान कर रही थी। साथ ही भक्ति में लीन सुहागिने और श्रद्धालु पूरे मनोयोग से पाठ वाचक संग सुर से सुर मिला रहे थे। वातावरण श्रीराणी सती दादी के जयकारों और कर्णप्रिय भजनों से देर शाम तक गुंजायमान रहा। पाठ समापन के बाद अयोध्या धाम से आये दिलीप दास त्यागी मंचासीन हुए। श्रीराम कथा रस की अविरल धारा बहायी। भजन और प्रवचन के माध्यम से मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन दर्शन का सुंदर चित्रण किया। ज्ञान-ध्यान की बाते भी बतायी। दिनभर श्रद्धालु श्रीहनुमान चालीसा पाठ कर श्रीराम और हनुमान जी के चरणों में श्रद्धा अर्पित करते रहे। इस बीच मौके पर अटूट भंडारा भी चलाया गया। भक्तों ने बालाजी महाराज को सवामनी और छप्पन भोग भी लगाया।

इससे पूर्व सुबह पूजन-आरती से पाठ प्रारंभ हुआ। मुख्य यजमान अनिल अग्रवाल, पत्नी शोभा अग्रवाल, अजय खेतान और उनकी पत्नी अर्चना खेतान ने नेम-निष्ठा से पूजन कर आरती उतारी। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सस्वर पाठ कर वीर बजरंगी के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित की। शाम चार बजे से मंगला पाठ प्रारंभ हुआ, जो शाम सात बजे तक चला। इसके बाद व्यास पीठ पूजन के साथ कथा प्रारंभ हुई, जो रात पौने नौ बजे तक चली।





### राज्यभर के श्रद्धालु भी लगा रहे हाजिरी

श्रीहनुमान चालीसा पाठ और श्रीनरसिंह बांध बालाजी धाम के संतोष भाई से आशीर्वाद पाने को स्थानिय सहित राज्यभर के श्रद्धालु बालाजी के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। मंगलवार को भी बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह आदि से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। चालीसा पाठ कर आयोजित कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। संतोष भाई ने बताया कि बालाजी कष्टों का निवारण करने वाले हैं। सच्चे हृदय से हनुमान चालीसा पढ़ने से सभी कष्टों का निवारण होगा। श्रीहनुमान चालीसा की हर चौपाई मानव के भलाई के लिए है। उन्होंने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में श्री पाठ करना ज्यादा फायदेमंद है।

### सोच-समझ कर करें बच्चों का नामकरण : दिलीप दास त्यागी

श्रीराम कथा पर प्रवचन देते हुए अयोध्या धाम से आये स्वामी दिलीप दास त्यागी ने कहा कि भगवान श्री राम की लीला जीवनोपयोगी है। मनमोहक और हृदय स्पर्शी भी है। उन्होंने अयोध्या में कई प्रकार की बाल लीलाएं की। उनका नाम कारण भी उनकी बाल लीलाओं के कारण राम किया गया था। सनातन धर्म में नाम करण एक संस्कार है। बच्चों नाम जैसा होता है, वैसा ही उनके जीवन का गुण और संस्कार भी होते हैं, लेकिन अब समाज में कोई इसपर विचार नहीं करता। संतानों का नाम अनाप-शनाप रख लेते हैं। नाम रखना भी एक फैशन बन गया है।

# भाजपा अपने आंतरिक कलह पर ध्यान दे :लाल किशोर नाथ शाहदेव



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक के 'एक्स' पोस्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। शाहदेव ने कहा कि भाजपा नेताओं को झारखंड की राजनीति पर फिजूल के कयास लगाने के बजाय अपनी पार्टी के आंतरिक कलह पर ध्यान देना चाहिए। शाहदेव ने कहा कि घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा और एनडीए गठबंधन की हार के बाद यह बयान भाजपा की घबराहट और हताशा को दशार्ता है। अजय आलोक का यह बयान राजनीतिक शरारत है जिसका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हमेशा से जीवंत हैं और वो जनता के दिलों में हैं। उनका संघर्ष झारखंड की माटी और आदिवासियों के हक के लिए है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य का जवाब, हेमंत जीवंत है भाजपा का अंत है, एकदम सही और समयोचित है। शाहदेव ने महागठबंधन की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूती से अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ खड़ी है।

# बलिया के रहने वाले बिनोद सेवक साइकिल चलाकर खूंटी पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** बलिया जिला के रहने वाले बिनोद सेवक सोमवार को पुरुलिया रोड नामकुम स्थित समाजसेवी राजदेव सिंह यादव के आवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आजाद सिपाही से बात करते हुए अपनी आपबीती बताई। उन्होंने बताया कि वे बलिया जिला अंतर्गत हथौड़ गांव के रहने वाले है। वे 12 नवंबर को रात 9 बजे अपने गांव हथौड़ से उलीहातू (खूंटी) के लिए रवाना हुए थे। जहां वे बिरसा मुंडा की जन्मस्थान पर आए हुए थे। बिनोद त्याग, बलिदान और धर्म की रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना चाहते है। उन्होंने आगे बताया कि वे साइकिल से अपनी भ्रमण की शुरूआत 25 अक्टूबर 2020 से पत्रक लेकर दिल्ली स्थित जंतर-मंतर धरना स्थल पर पहुंचे थे। जिसके बाद दो दिनों के लिए धरना में शामिल हुए और वहां उन्हें 17 नवंबर को पत्रक की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने बताया कि बलिया में रहकर जनजागरण, जनसमस्याओं एवं अपनी स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान के लिए सरकार को अवगत कराते है। वे 30 अगस्त 2021 से 26 फरवरी 2022 तक 30 प्रांतों की साइकिल यात्रा जनहित में किए थे। जिसमें 17 सूत्री मांग शामिल है। अभी तक उन्होंने 30 राज्यों का भ्रमण किया है। वहीं खूंटी में थोड़ा विलंब होने के कारण समारोह स्थल पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात नही कर पाए। बताते चले कि विनोद आगामी नव जून को साइकिल से भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर एक दिन पहले शामिल होने झारखंड आएंगे और कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर यहां की जनसमस्याओं से अवगत कराएंगे। साथ ही बिरसा मुंडा की जन्म स्थल पर अतिथि गृह बनाने के लिए आग्रह करेंगे।






### 20 लाख फिरौती के लिए पोल्ट्री फार्म के मुंशी का किया था अपहरण

# अपहरण करने वाले एके गैंगवार गिरोह के दो अपराधी पकड़ाये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के टाटीझरीया थाना क्षेत्र से 20 लाख फिरौती के लिए पोल्ट्री फार्म के मुंशी का अपहरण किये जाने के मामले में हजारीबाग पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण करने वाले एके गैंगवार ग्रुप के 2 अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हथियार को बरामद करते हुए अपहृत व्यक्ति को सकुशल बरामद कर लिया है। गत 6 नवंबर की देर रात्रि टाटीझरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मायापुर स्थित एसएम पॉल्ट्रीफार्म में कार्यरत मुंशी गोपाल कुमार को उसके काले रंग के पैशन प्रो मोटरसाइकिल सहित कुछ अपराधियों के द्वारा अपहरण कर किया गया था। अपराधियों के द्वारा पॉल्ट्रीफार्म के मालिक और गोपाल कुमार के परिजन से मोबाइल फोन से कॉल करके 20 लाख रूपया फिरौती की मांग की गयी थी। इस



संदर्भ में टाटीझरिया थाना में 7 नवंबर को कांड सं- 47/25 दर्ज किया गया था। हजारीबाग एसपी ने विष्णुगढ़ एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआइटी टीम का गठन किया गया। गठित एसआइटी टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर लगातार छापामारी की गयी। इसी क्रम में सोमवार देर रात्रि एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सुचना मिली की अरूण मंडल अपने एके गैंगवार गिरोह के सदस्यों के साथ हथियार से लैस होकर काला रंग का पैशन प्रो मोटरसाईकिल से किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए टाटीझरीया से आंगो की तरफ जा रहा है जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे एसआइटी टीम के द्वारा पीछा कर पकड़ लिया गया। दोनों से नाम पता पूछने पर उन्होने अपना नाम अरूण मंडल और रोहित कुमार बताया और पकड़ाये गये दोनों अभियुक्त के पास 2 देशी कारबाइन पिस्टल लोडेड और जिंदा गोली और मोबाइल बरामद किया गया। साथ ही इन दोनों के पास से एक पिठु बरामद हुआ है। पिट्ठू बैग में केमोपलाइ वर्दी, मोबाइल और एके गैंगवार संगठन से हाथ से लिखा हुआ दो पर्चा पाया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त से पूछताछ के कम में उनके द्वारा बताया गया कि मुख्य आरोपी अरूण मंडल एके गैंगवार नामक संगठित अपराध सिंडिकेट बनाकर अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर चलाता है और इनके द्वारा गत 6 नवंबर की देर रात्रि में एसएम पॉल्ट्रीफार्म में कार्यरत मुंशी गोपाल कुमार को उसके काले रंग के पैशन प्रो सहित अपहरण कर लिया था। साथ ही 20 लाख रूपया का मांग कर रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर टाटीझरीया थाना के मुरकी जंगल से एक डिस्कभर मोटरसाईकिल को भी बरामद किया गया। छापामारी दल में विष्णुगढ़ एसडीपीओ वैजनाथ प्रसाद, इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा, पुअनि मुकेश कुमार सिंह, पुअनि दीपक कुमार, टाटीझरिया प्रभारी इन्द्रजीत कुमार, अंगो प्रभारी जानु कुमार, दारू प्रभारी इकबाल हुसैन, चुरचू प्रभारी कुमार अश्विनी, पवन कुमार के अलावा तकनिकि शाखा और टाटीझरीया और आंगो थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

# रेलवे ने बल्क सीमेंट की ढुलाई पर माल भाड़ा घटाया

- गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को होगा लाभ
- नयी नीति द्वार से द्वार लॉजिस्टिक होगा आसान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रेल, सूचना, प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बल्क सीमेंट को कंटेनरों में ले जाने की दरों के तर्कसंगतीकरण और बल्क सीमेंट टर्मिनलों की नीति का अनावरण किया। यह नीति सीमेंट परिवहन में रेलवे सुधारों का हिस्सा है। रेल भवन, नयी दिल्ली में नीति जारी करते हुए केंद्रीय मंत्री ने इसे एक गेम चेंजर बताया। कहा कि ये सुधार मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के लिए घर बनाने में सीमेंट की लागत को कम करेंगे। दूरी और भार की स्लैब समाप्त कर दी गई हैं। अब दर को तर्कसंगत कर ?0.90 प्रति टन प्रति किलोमीटर फ्लैट ग्रॉस टन किलोमीटर जीटीकेएम पर रखा गया है।

**टैंक कंटेनर : प्रदूषण रहित एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स समाधान**

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि टैंक कंटेनर बल्क सीमेंट परिवहन के लिए शुरूआत से अंत तक प्रदूषण-मुक्त लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि




भारत अब विश्व का दूसरा सबसे बड़ा फ्रेट कैरियर बन चुका है, अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए। रेल नेटवर्क की विस्तार गति 2004-14 के दौरान 4 किमी प्रतिदिन से बढ़कर आज 12-14 किमी प्रतिदिन हो गयी है। लगभग पूरे ब्रॉड-गेज नेटवर्क का विद्युतिकरण हो चुका है। देशभर में 1,300 से अधिक अमृत स्टेशन विकसित किये जा रहे हैं।

**टैंक कंटेनरों में बल्क सीमेंट के लिए माल भाड़े का तर्कसंगतीकरण**

नयी दर संरचना को सरल और तर्कसंगत बनाते हुए ट्रेन के ग्रॉस टन किलोमीटर जीटीकेएम के आधार पर शुल्क तय किया गया है। दूरी और भार संबंधी पुराने स्लैब हटाकर इसे और आसान बनाया गया है। नयी व्यवस्था में वास्तविक दूरी के लिए। 0.90 प्रति टन प्रति किलोमीटर की फ्लैट दर लागू होगी। नीति टैंक कंटेनरों के उपयोग को बढ़ावा देती है, ताकि बल्क सीमेंट के लिए कुशल मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स उपलब्ध हो सके। टैंक कंटेनर एक प्रभावी मेक इन इंडिया उत्पाद है। इसकी पेलोड क्षमता 26 टन, सकल वजन 31 टन, लोडिंग/अनलोडिंग समयः 25-30 मिनट है। यह कंटेनर ट्रेन से ट्रेलर और फिर ट्रेलर से दोबारा ट्रेन पर आसानी से स्थानांतरित होकर उत्पादन स्थल से उपभोग स्थल तक निर्बाध परिवहन सुनिश्चित करता है।

## बल्क सीमेंट टर्मिनलों की नीति

उत्पादन संयंत्रों से खपत केंद्रों के निकट टर्मिनलों तक बल्क सीमेंट का विशेष वैगनों द्वारा परिवहन सस्ता और पर्यावरण-अनुकूल है। इस दिशा में तेजी लाने के लिए रेलवे ने देशभर में बल्क सीमेंट टर्मिनल विकसित करने की नीति लागू की है, जो सीमेंट की सुगम हैंडलिंग, भंडारण और वितरण सुनिश्चित करेगी। इन टर्मिनलों का निर्माण, संचालन और रखरखाव रेलवे नेटवर्क से सीधी कनेक्टिविटी के साथ किया जाएगा। **टर्मिनलों में होंगे :** हॉपर्स, साइलो, बैगिंग प्लांट और अन्य आवश्यक अवसंरचना, नीति के प्रमुख लाभ, सीमेंट परिवहन लागत में बड़ी कमी, सड़क परिवहन की तुलना में कम कार्बन उत्सर्जन, बेहतर पर्यावरणीय स्थिरता सड़क जाम में कमी, बड़े पैमाने पर सीमेंट का एक साथ परिवहन, पैकेजिंग की आवश्यकता कम, स्पिलेज से सामग्री की हानि में कमी, यंत्रीकृत लोडिंग/अनलोडिंग से तेज टर्नअराउंड टाइम।

## महत्वपूर्ण खबरें

### नीरजा सहाय डीएवी में सद्भावना क्रिकेट मैच



पिठोरिया (आजाद सिपाही)। मंगलवार को कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में अपने खास दोस्त से मिलें खेलों के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए रांची की जानी-मानी संस्था दीपशिखा के विद्यार्थियों एवं विद्यालय के विद्यार्थियों के मध्य एक सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोपिका आनंद प्राचार्या, मंजु गुप्ता, प्रेसिडेंट एवं सुधा ल्हीला, एग्जीक्यूट डायरेक्टर दीपशिखा की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। यूनिफाइड स्पोर्ट्स, स्पेशल ओलंपिक भारत का एक संबद्ध कार्यक्रम, इस पहल का मूल है - दिव्यांग और सामान्य बच्चों को समान टीम के साथी के रूप में एक साथ लाना। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों में एक - दूसरे के प्रति सद्भावना का विकास होता है । इसी सद्भाव को जागृत करने का प्रयास विद्यालय सदा से ही करता रहता है। आज, इस कार्यक्रम का उद्घाटन नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल के क्रीड़ा मैदान में हुआ।

### मुनिश्री सुतीर्थ सागर जी पधारे



रांची(आजाद सिपाही)। दिगंबर जैन संत आचार्य 108 सूरत्न सागर जी महाराज के शिष्य 108 सुतीर्थ सागर जी मंगलवार को पधारे। राकेश काशलीवाल ने बताया कि पारसनाथ से खंडगिरी उदयगिरी से विहार के क्रम में महाराज जी का यहां आगमन हुआ है। बुधवार सुबह 6 बजे मेडिका हॉस्पिटल के नजदीक महावीर भवन से मुनिश्री अनुयायियों संग बिहार कर सुबह 8.30 जैन मंदिर, जेजे रोड आयेंगे। मौके पर धर्म सभा होगी। संतश्री श्रद्धालुओं के बीच आशीर्वचन का प्रसाद बाटेंगे। पूर्व अध्यक्ष पूरणमल सेठी, मंत्री जीतेंद्र कुमार छाबड़ा, कोषाध्यक्ष प्रमोद झांझरी, वर्तमान कार्यकरिणी के सदस्यों और बाहर से आए अतिथिगण सहित समाज के लोग सद्गुरु की अगुवाई और स्वागत को जुटे हैं।

### खाटू धाम की यात्रा से लौटा 55 सदस्यीय दल



रांची(आजाद सिपाही)। केशव कृपा छाया फाउंडेशन के बैनर तले खाटू धाम की यात्रा पर गये 55 सदसीय श्रद्धालुओं का दल मंगलवार को लौट आया। इसमें शामिल भक्तों ने सालासर, झुंझुनू, सूरजगढ़ धाम, चुलकाना धाम और गुप्ति धाम में भी हाजिरी लगायी। दल में 40 निशुल्क यात्री और 15 सेवादार शामिल थे। संस्था की संस्थापक मीरा अग्रवाल और सचिव सुमिता अग्रवाल यात्रा का नेतृत्व कर रही थीं। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, बेरमो शाखा के अध्यक्ष संदीप, सोनू अग्रवाल, अरुण अग्रवाल और संचालक दिलीप अग्रवाल का इसमें मुख्य योगदान रहा। मीरा अग्रवाल ने बताया कि यात्रा आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से रांची में पशु हॉस्पिटल में खोलने की योजना है। उन्होंने सरकार से संस्था को लीज पर जमीन मुहैया कराने की अपील की है। संतोष नदानी, आरती मिश्रा, सारिका सिन्हा, रेनू चतुवेर्दी, अभय जैन, संगीता सिंघानिया, योगेश्वरी देवी, कांता सिंघानिया, अशोक शर्मा, रतन शर्मा, रवि शुक्ला, ममता शर्मा, मनीषा सराफ, दुर्गा सिंघानिया आदि यात्रा में शामिल थीं।

# दुकान से 28 पुड़िया गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुडू / लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सोमवार, 17 नवंबर की शाम पुलिस अधीक्षक लोहरदगा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम नावाटोली स्थित एक दुकान में छापामारी की गयी, जहां से 28 पुड़िया अवैध गांजा बरामद किया गया। सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लोहरदगा, अंचलाधिकारी संतोष उरांव एवं थाना प्रभारी अजित कुमार एवं संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान दुकान में मौजूद सूरज कुमार साहू, पिता सुलेंद्र साहू, ग्राम नावाटोली से बरामद गांजा के संबंध में पूछताछ की गयी, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने मौके पर ही गांजा को विधिवत जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में कुडू थाना कांड संख्या 118/25 धारा 20(बी)(2)(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी स्थिति में अवैध नशा कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# एफएसओ और सीडीपीओ परीक्षा हुए बीत गये दो साल, पर अब तक रिजल्ट जारी नहीं : बाबूलाल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेपीएससी की ओर से आयोजित फूड सेफ्टी ऑफिसर ( एफएसओ) और सीडीपीओ परीक्षाओं के परिणामों के लंबित रहने पर चिंता व्यक्त की है।

मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि इन परीक्षाओं को आयोजित हुए लगभग दो साल हो चुके हैं, लेकिन परिणाम अब तक जारी नहीं किये गये हैं। बाबूलाल ने कहा कि परीक्षार्थी लगातार परिणाम जारी करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार युवाओं को रोजगार देने के प्रति गंभीर नहीं है।

मरांडी ने आरोप लगाया कि झामुमो कोटे से जेपीएससी में शामिल सदस्यों मे नियुक्ति में धांधली की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है, जिसके कारण नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताओं की आशंका बढ़ी है और आयोग की विश्वसनीयता भी प्रभावित हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि युवाओं के भविष्य की सौदेबाजी छोड़कर उक्त दोनों परीक्षाओं का रिजल्ट शीघ्र जारी करायें।

# अपना घर आश्रम में निराश्रितों को कराया भोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** परमहंस स्वामी सदानंद महाराज के अनुयायी मानव सेवा माधव सेवा के भाव से नित्य परमार्थ के कार्य में जुटे हैं। मंगलवार को भी इसकी बानगी देखने को मिली। श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम, पुंदाग में 42 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रितों को भोजन कराया गया। आश्रम सेवादारों के बीच भी स्वादिष्ट व्यंजन परोसा गया। ट्रस्ट उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल राजू भैया और संजय सर्राफ ने



बताया कि बबली कुमारी ने इस पुनीत कार्य में मुख्य योगदान दिया। इन्हीं के सौजन्य से अन्नपूर्णा सेवा की व्यवस्था की गयी। राजू भैया ने बताया कि हाल के दिनों में अनिष्क नारायण, गोपी किशन छापड़िया, ताराचंद्र काबरा, दीपिका कुमारी, सुरेंद्र सिंह, डॉ निरंजन वाराणसी, विजय सिंह राणा, राजेंद्र प्रसाद, मुकेश काबरा, सौरभ कुमार, सुशीला देवी, बंसी प्रसाद, छवि जालान, विकास अग्रवाल, नवीन मोदी ने भी सराहनिय योगदान दिया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज कुमार चौधरी, निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पुजारी अरविंद पांडे, पुरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल,नंद किशोर चौधरी, विशाल जालान, सुनील पोद्दार, मधुसूदन जाजोदिया, विष्णु सोनी आदि मौके पर उपस्थित थे।

# लकड़ी लदे पिकअप के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरा/ लोहरदगा।** भंडरा पुलिस ने मंगलवार को पिकअप वैन सहित तीन आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अवैध लकड़ी लोड पिकअप को जब्त कर लिया है। भंडरा थाना प्रभारी रवि रंजन कुमार ने बताया कि सोमवार की देर शाम पलमी में अवैध रुप से गम्हार बोटा लकड़ी पिकअप वैन से कहीं लें जाने की सूचना मिली थी। भंडरा थाना पुलिस की टीम ने पलमी गांव के समीप से अवैध गम्हार बोटा लोड एक पिकअप वैन सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। भंडरा थाना कांड संख्या 79/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तीनों आरोपितों को जेल भेज दिया है। जिसमें लोहरदगा जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र के पतरातु गांव निवासी कुर्सीद अंसारी, किस्को थाना क्षेत्र के हृदयटोली गांव के मेहनाज अंसारी तथा भंडरा थाना क्षेत्र के पलमी गांव निवासी रोजामत अंसारी को जेल भेज दिया गया है।

# पीवीयूएनएल में मास सेफ्टी पेप टॉक का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पतरातू।** पीवीयूएनएल में मास सेफ्टी पेप टॉक का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत सेफ्टी प्रतिज्ञा के साथ हुई। सेफ्टी प्रतिज्ञा का नेतृत्व सीइओ अशोक सेहगल ने किया। कार्यक्रम में सीजीएम (प्रोजेक्ट) अनुपम मुखर्जी जीएम (प्रोजेक्ट) विष्णु दत्ता पीडी (बीएचइएल) एस के मंडल सीएम (बीएचइएल) रंजीत पाल सहित पीवीयूएनएल और बीएचइएल के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। सहयोगी




गतिविधियों से जुड़े अनेक श्रमिकों ने भी इस अवसर पर सहभागिता निभाई। अपने संबोधन में सीईओ ने व्यक्तिगत सुरक्षा, सामूहिक उत्तरदायित्व और बेहतर हाउसकीपिंग मानकों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने सभी को संगठन के जीरो हार्म लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहकर्मियों द्वारा सेफ्टी गीत की प्रस्तुति की गयी, जिसके बाद उंचाई पर कार्य सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन हुआ, जिसने सुरक्षित कार्य व्यवहार के प्रति प्रभावी जागरूकता फैलायी। साइट पर उत्कृष्ट सुरक्षा व्यवहार अपनाने के लिए 26 श्रमिकों को उपयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।

### स्मार्ट मीटर लगाने में अवैध वसूली का आरोप

**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के दौरान कथित अवैध वसूली का मामला तेजी से तूल पकड़ रहा है। ग्रामीणों ने नाम न छापने के शर्त में बताया है की मीटर लगाने और संबंधित प्रक्रियाओं में चाय-पानी के नाम पर 100 से 500 रुपये तक की वसूली की जा रही है। कई ग्रामीणों ने शिकायत की है कि बिना पैसे दिये मीटर लगाना या उससे जुड़ा कार्य करवाना लगभग असंभव हो गया है। ऐसे में अतिरिक्त धनराशि देना उनके लिए भारी पड़ रहा है।

# एस्सार पावर प्लांट के स्टोर में लगी आग, सामान जलकर खाक

**मुकेश कुमार सिंह**

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार के चंदवा प्रखंड स्थित जमीरा पंचायत के अनगड़ा ग्राम में 2006 से 2023 तक एस्सार पावर प्लांट का प्लांट निर्माणाधीन था। लेकिन कोल ब्लॉक नहीं मिलने के कारण 2024 में ओड़िशा एलॉय कंपनी ने एस्सार पावर प्लांट को खरीदा लिया। जिसमें आज के दिनों में एस्सार पावर प्लांट का कई लाख टन लोहा गाड़ी जैसे कई सामान ओड़िशा एलॉय के क्षेत्र में पड़ा हुआ है।

अब ओड़िशा एलॉय के आने से विस्थापित ग्रामीणों के द्वारा कई बार धरना और प्रदर्शन ओड़िशा एलॉय कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने किया है और कहां है कि जब से एस्सार पावर प्लांट को ओड़िशा एलॉय कंपनी खरीदी है तब से यहां का माहौल बिगड़ गया। इधर विस्थापितों के साथ यहां के काम कर रहे कर्मचारियों और सिक्योरिटी गार्ड के साथ कंपनी बिगाड़ रखी है। वहीं ओड़िशा एलॉय ने पूर्व में काम कर रहे सभी कर्मचारियों को सिक्योरिटी गार्ड को हटा दिया।

जिससे यहां पर रखे जितने भी एस्सार कंपनी के सामान को धीरे-धीरे चोरों के द्वारा चोरी किया जा रहा है। साथ ही साथ प्लांट में रखे सामानों को शाम होते ही आग के हवाले किया जा रहा है। चोरी तो लगातार ऐसी हो रही है जैसे यहां प्लांट का कोई रखवाला ही नहीं है। गत रविवार को प्लांट के अंदर स्टोर में रखे हुए सामान को चोरों के द्वारा आग के हवाले कर दिया गया। स्टोर में रखें कई सामान जलकर राख हो गये। वहीं चंदवा पुलिस की सूचना मिली तो अग्निशमन गाड़ी बुलाकर लगभग आधी रात को आग पर काबू पाया गया परंतु दो-तीन घंटे से स्टोर में आग लगने के बाद कई सामान जलकर राख हो गये। वहीं इस संबंध में लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आग लगी है फायर ब्रिगेड से बुझा दिया गया है। जो लोग इस तरह का काम किये हैं वैसे लोगों को पुलिस जांच कर कानूनी कार्रवाई करेगी।



# न्याय नहीं, बदला

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुई हिंसा के मामले में दोषी ठहराया गया है और उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई है। यह फैसला ढाका के इंटरनैशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल में सुनाया गया, जहां मुकदमा चलाने के तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। ऐसा लगता है कि इस सुनवाई का मकसद न्याय दिलाना नहीं, बल्कि बदला लेना था। इस फैसले से बांग्लादेश की राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता और बढ़ने की आशंका है। पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल को भी फांसी की सजा मिली है। इस फैसले पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं, खासकर इसलिए क्योंकि आरोपियों को ठीक से अपना पक्ष रखने का मौका नहीं मिला। आरोपपत्र इसी साल जून में दाखिल हुआ था और सिर्फ पांच महीने में इतने गंभीर मामले का फैसला आ गया। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग का कहना है कि ट्रिब्यूनल में केवल 20 सुनवाई हुईं। यह बहुत कम समय है इतने बड़े मामले को निपटाने के लिए। बांग्लादेश इस समय एक अंतरिम सरकार के अधीन है, जिसका नेतृत्व मोहम्मद यूनुस कर रहे हैं। सेना का समर्थन होने के बावजूद, वे देश में स्थिरता लाने में कामयाब नहीं हो पाए हैं। उनके सत्ता संभालने के बाद से अल्पसंख्यकों पर 2,000 से ज्यादा हमले हुए हैं। कानून-व्यवस्था की हालत इतनी खराब है कि शेख हसीना पर फैसले से पहले ढाका में 'शूट एंड साइट' (देखते ही गोली मारने) का आदेश जारी करना पड़ा। इसके बावजूद, हिंसक घटनाएं रुकी नहीं। ऐसा लगता है कि कट्टरपंथियों के दबाव में इतिहास को नजरअंदाज किया गया और भारत विरोधी रुख अपनाते हुए पाकिस्तान से हाथ मिला लिया गया। मोहम्मद यूनुस ने देश को एक बहुत ही मुश्किल मोड़ पर ला खड़ा किया है। छात्र आंदोलन का सपना था कि देश में लोगों द्वारा चुनी हुई एक मजबूत सरकार बने, लेकिन यह सपना अब तक पूरा नहीं हुआ है। मोहम्मद यूनुस ने अगले साल फरवरी में चुनाव कराने का ऐलान किया है। हालांकि, इस चुनाव की विश्वसनीयता तब तक संदेह के घेरे में रहेगी, जब तक अवामी लीग सहित सभी राजनीतिक दलों को चुनाव में भाग लेने का समान अवसर नहीं मिलता। फिलहाल, अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा हुआ है। शेख हसीना को फांसी की सजा का ऐलान बांग्लादेश की मौजूदा बड़ी समस्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश लग रही है। युवाओं में बेचैनी बढ़ रही है। छात्र समूह पहले ही अंतरिम सरकार से अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। ऐसे में, बांग्लादेश को ईमानदार कोशिशों और असली सुधारों की सख्त जरूरत है। यह फैसला देश की समस्याओं को सुलझाने के बजाय उन्हें और बढ़ा सकता है। उचित सुनवाई न मिलना और इतने कम समय में फैसला आना, इस बात की ओर इशारा करता है कि यह फैसला निष्पक्ष नहीं था। देश को स्थिरता और विकास के लिए एक सही दिशा की आवश्यकता है, न कि बदले की भावना से लिये गये फैसलों की।


**शेख हसीना को फांसी की सजा का ऐलान बांग्लादेश की मौजूदा बड़ी समस्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश लग रही है। युवाओं में बेचैनी बढ़ रही है। छात्र समूह पहले ही अंतरिम सरकार से अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारतीय राजनीति का परिदृश्य निर्णायक रूप से विकास, समावेश और राज्य क्षमता के रूप में बदल गया है तथा बिहार के मतदाताओं ने इस बदलाव को लेकर पूरी स्पष्टता से जवाब दिया है। 2025 के परिणाम एक ऐसे मतदाता को इंगित करते हैं, जिसकी आकांक्षा बड़ी है और जिसने असुरक्षा व पक्षाघात वाले बिहार तथा बेहतर शासन वाले बिहार के बीच के अंतर को महसूस किया है।**

# बिहार का जनादेश और भारतीय राजनीति का उभरता परिदृश्य

**हरदीप सिंह पुरी**



बिहार की जनता ने एक ऐसा जनादेश दिया है, जिसका महत्व सीटों के गणित से कहीं आगे जाता है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने विधानसभा की 243 सीटों में से 202 सीट पर जीत दर्ज की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने अकेले 89 सीटें हासिल की हैं, जो राज्य में पार्टी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दशकों तक विभिन्न गठबंधनों के तहत बिहार की राजनीति पर अपना दबदबा बनाये रखने के बाद, महागठबंधन अब सिर्फ.34 सीटों पर सिमट गया है। 7.4 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत मतदाताओं में से 67.13 प्रतिशत ने मतदान किया। यह चुनाव राज्य के हाल के इतिहास में सबसे कड़े मुकाबले वाले चुनावों में से एक सिद्ध हुआ है और चुनाव परिणामों ने वास्तविक लोकतांत्रिक गहराई को रेखांकित किया है।

वर्षों तक, बिहार पर व्यक्त किये गए विचारों में राज्य को समय के प्रवाह में एक रुका हुआ राज्य मान लिया गया था। चुनावों को जातिगत अंकगणित की कवायद माना जाता था और सामाजिक जनसांख्यिकी को राजनीतिक नतीजों में तब्दील कर दिया जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारतीय राजनीति का परिदृश्य निर्णायक रूप से विकास, समावेश और राज्य क्षमता के रूप में बदल गया है तथा बिहार के मतदाताओं ने इस बदलाव को लेकर पूरी स्पष्टता से जवाब दिया है। 2025 के परिणाम एक ऐसे मतदाता को इंगित करते हैं, जिसकी आकांक्षा बड़ी है और जिसने असुरक्षा व पक्षाघात वाले बिहार तथा बेहतर शासन वाले बिहार के बीच के अंतर को महसूस किया है। कई नागरिकों ने बातचीत में और मतदान के पैटर्न में व्यक्त किया है कि 2024 के आम चुनाव में अपेक्षा से कम समर्थन के बाद यह चुनाव जिम्मेदारी की भावना लेकर आया है। लोगों ने अपने निष्कर्ष निकाले हैं कि वे देश की व्यापक यात्रा में बिहार को कहां देखना चाहते हैं। बेहतर शासन ने इस परिवर्तन को आधार प्रदान किया है। पिछले एक दशक में, बिहार में 55,000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण या उन्नयन हुआ है, जो गांवों को बाजारों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़ती हैं। केंद्रीय योजनाओं और राज्य कार्यक्रमों के संयोजन के माध्यम से लाखों परिवारों को बिजली, पेयजल और सामाजिक सुरक्षा प्राप्त हुई है। सौभाग्य और उससे जुड़ी पहलों के तहत, बिहार में 35 लाख से ज्यादा घरों का विद्युतीकरण किया गया, जिससे राज्य सार्वभौमिक घरेलू बिजली आपूर्ति के करीब पहुँच गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, बिहार के लिए 57 लाख से ज्यादा पक्के घर स्वीकृत किये गये हैं, जिनमें से कई महिलाओं के नाम पर पंजीकृत हैं। ये आंकड़े उन ठोस बदलावों की ओर इशारा करते हैं, जिन्हें लोग देख और अनुभव कर सकते हैं: एक बारहमासी सड़क, एक जलती रहने वाली रोशनी, एक नियमित पेयजल आपूर्ति करने वाला नल तथा एक ऐसा घर, जो सम्मान प्रदान करता हो। जैसे-जैसे इन सार्वजनिक कल्याण कार्यक्रमों का विस्तार हुआ, पुरानी शक्तियों की पकड़ ढीली होती गयी। बिहार का समाज विविधतापूर्ण और बहुस्तरीय है, फिर भी चुनावी लिहाज से यह बहुस्तरीय समाज अपने समुदायों तक सीमित नहीं रहा। विभिन्न समुदायों की महिलाएं अब सुरक्षा, आवागमन और अवसर को लेकर एक जैसी अपेक्षाएं रखती हैं। कभी सामाजिक पदानुक्रम के विपरीत छोर पर खड़े परिवारों के युवा अब खुद को एक ही कोचिंग क्लास और श्रम बाजार में पाते हैं। उनके रोजमर्रा के अनुभव उन्हें आकांक्षाओं के एक साझा दायरे में ले आते हैं। उस दायरे में, वे राजनीति से रोजगार, अवसंरचना, स्थिरता और निष्पक्षता जैसे सवाल पूछते हैं। इस जनादेश ने वंशवाद-केंद्रित राजनीति पर भी एक स्पष्ट संदेश दिया है। पारिवारिक करिश्मे और विरासत में मिले नेटवर्क पर निर्भर रहने वाली पार्टियों का विधायी दायरा तेजी से सिकुड़ रहा है। बिहार ने कई दशकों से ऐसे गठबंधनों को करीब से देखा है और उनकी सीमाओं को समझा है। 2025 के नतीजे बताते हैं कि मतदाता इस बात पर गौर कर रहे हैं कि नेता सरकार में कैसा व्यवहार करते हैं, संकट के समय में उनकी प्रतिक्रिया कैसी होती है, संस्थाओं के साथ कैसे व्यवहार करते हैं और सार्वजनिक संसाधनों का किस रूप में उपयोग करते हैं। व्यापक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में पारिवारिक पृष्ठभूमि मौजूद है, लेकिन वहाँ भी कड़ी मेहनत, संगठनात्मक क्षमता और सेवा के रिकॉर्ड से जुड़ी मांगें उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं।

**राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने विधानसभा की 243 सीटों में से 202 सीट पर जीत दर्ज की है।**

युवा मतदाताओं का व्यवहार इस बदलाव का मूल तत्व है। बिहार भारत की सबसे युवा जनसांख्यिकीय आबादी वाले राज्यों में से एक है और 2000 के बाद जन्म लिये लाखों नागरिकों ने इस चुनाव में मतदान किया है। वे ऐसे भारत में पले-बढ़े हैं जहां एक्सप्रेसवे, डिजिटल भुगतान, प्रतिस्पर्धी संघवाद और महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजनाएं अपेक्षाओं को आकार देती हैं। वे राज्यों की तुलना करते हैं, घोषणाओं पर नजर रखते हैं और नेताओं का मूल्यांकन इस आधार पर करते हैं कि वादे कितनी तेजी से कार्यान्वित होते हैं। उनके लिए, समय पर बनी सड़क और कभी फाइल से बाहर न आने वाली सड़क के बीच का अंतर समझना कोई कठिन बात नहीं है। वे हर दिन उस अंतर का अनुभव करते हैं जब वे कॉलेजों, कोचिंग सेंटर या कार्यस्थलों पर आते-जाते हैं, या जब वे अपने परिवारों को परिवहन संपर्क-सुविधा और कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होते देखते हैं।

यह पीढ़ी राष्ट्रीय एकजुटता के लिए भी एक तीव्र प्रवृत्ति रखती है। युवा मतदाता ऐसी बयानबाजी के प्रति सतर्क रहते हैं, जो संस्थानों को कमजोर करती हैं, अलगाववादी भावनाओं को भड़काती हैं या राष्ट्रीय सुरक्षा को कम महत्व देती हैं। वे बेरोजगारी और असमानता सहित नीतिगत बहसों में आलोचनात्मक रूप से शामिल होते हैं, फिर भी वे गणतंत्र को बेहतर बनाने वाली आलोचना और देश की एकजुटता के प्रति उदासीन आख्यानों के बीच एक रेखा खींचते हैं। बिहार का जनादेश इसी अंतर को प्रतिबिंबित करता है। मतदाताओं ने एक ऐसे राजनीतिक गठबंधन को अपना समर्थन दिया है, जो विकास और राष्ट्रीय उद्देश्य दोनों को असाधारण स्पष्टता के साथ व्यक्त करता है।

कानून-व्यवस्था एक अन्य व्याख्या प्रस्तुत करती है। बिहार के चुनाव कभी बूथ कब्जे और हिंसा से जुड़े होते थे। हाल के वर्षों में, और खासकर इस चुनावी दौर में, ये छवियां काफी हद तक धुंधली पड़ गयी हैं। कड़े सुरक्षा उपायों और आर्थिक विकास के संयुक्त प्रभाव से उग्रवाद कमजोर पड़ा है। व्यापारी अब अपनी दुकानें ज्यादा देर तक खुली रखते हैं, छात्र ज्यादा आत्मविश्वास से यात्रा करते हैं और परिवार निश्चिंत होकर सार्वजनिक जीवन का अनुभव करता है। जिस मतदाता ने इन सुधारों को देखा है, वह अपने प्रतिनिधियों को चुनते समय इसे नजरअंदाज नहीं कर सकता। इन घटनाक्रमों पर विपक्ष के कुछ हिस्सों की प्रतिक्रिया चौंकाने वाली रही है। अपने समर्थन में आयी कमी के कारणों पर विचार करने के बजाय, कुछ नेता चुनाव आयोग, मतदाता सूचियों या पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर ही संदेह व्यक्त कर रहे हैं। यह रवैया बिहार के मतदाताओं की बुद्धिमत्ता के साथ न्याय नहीं करता। यह इस तथ्य की भी अनदेखी करता है कि इसी संस्थागत व्यवस्था ने अन्य राज्यों में विपक्ष के पक्ष में भी नतीजे दिये हैं। मतदाता उस व्यवस्था की निंदा करने के बजाय अपनी चिंताओं के साथ अधिक गंभीर जुड़ाव की अपेक्षा करता है, जिसका उसने अभी इतने उत्साह से इस्तेमाल किया है। व्यापक राष्ट्रीय और वैश्विक संदर्भ में, बिहार का जनादेश एक उभरते हुए पैटर्न को मजबूत करता है। ऐसे समय में जब कई लोकतंत्र ध्रुवीकरण, आर्थिक कठिनाई और संस्थागत थकान से जूझ रहे हैं, भारत ने उच्च भागीदारी, स्थिर नेतृत्व तथा विकास, समावेश और राष्ट्रीय शक्ति पर केंद्रित नीति मार्ग पर आगे बढ़ना जारी रखा है। बिहार के परिणाम, इस विकास-पथ के लिए लोकतांत्रिक समर्थन की एक और परत जोड़ते हैं। राजनीतिक रूप से भारत के सबसे जागरूक राज्यों में से एक के मतदाता महसूस करते हैं कि उनकी प्रगति, 2047 तक एक विकसित और आत्मविश्वास से भरे भारत की ओर देश की बड़ी यात्रा के साथ जुड़ी हुई है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के लिए यह जनादेश प्रोत्साहन और निर्देश दोनों है। यह अवसंरचना, कल्याणकारी सेवा अदायगी और सुरक्षा पर जोर को मान्यता देता है, लेकिन यह तेजी से रोजगार सृजन, गहन सुधारों और निरंतर संस्थागत सुधार की उम्मीदों को भी सामने रखता है। विपक्ष के लिए यह जनादेश रणनीति, नेतृत्व और कार्यक्रम के बारे में गंभीर सवाल खड़े करता है। बिहार के मतदाताओं ने संकेत दिया है कि वे शासन, गंभीरता और राष्ट्रीय एकता के प्रति सम्मान पर आधारित राजनीति की उम्मीद करते हैं। ये उम्मीदें आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति का परिदृश्य तय करेंगी।

**(लेखक भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं)**

## कोल्हान की खबरें

## विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनी



**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** आनंदपुर प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को विधायक जगत माझी ने जनता दरबार आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने सुकर सेड कार्य दो वर्षों से अधूरा रहने और मनोहरपुर सिमडेगा सड़क चौड़ीकरण के दौरान धूल की समस्या की शिकायत की। विधायक ने बीडीओ नाजिया अफरोज को सुकर सेड मामले की जांच कर अगली जनता दरबार में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। धूल नियंत्रण को लेकर संबंधित कनिष्ठ अभियंता को तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में बीडीओ सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जनजातीय आवाजों को मिला सशक्त मंच, लघु फिल्म प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** संवाद 2025 के चौथे दिन जनजातीय समुदायों की पारंपरिक ज्ञान–व्यवस्थाओं, सांस्कृतिक पहचान और नेतृत्व पर केंद्रित विभिन्न सत्र आयोजित किये गये। मंगलवार को अखड़ा में विकास, कला और हस्तशिल्प, पारंपरिक उपचार विधियों और सिनेमा के माध्यम से सांस्कृतिक अभिव्यक्ति पर चर्चाएं हुईं। वही 8वीं समुदाय के साथ राष्ट्रीय लघु फिल्म प्रतियोगिता में इस वर्ष 13 राज्यों केंद्रशासित प्रदेशों के 11 जनजातीय समूहों के 38 फिल्म निमार्ताओं की 42 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। कम्युनिटी श्रेणी में रमेश कुमार हेम्ब्रम, संथाल ओडिशा और रहित मरांडी, संथाल ओडिशा विजेता रहे, जबकि मनोज कुमार उरांव झारखंड को विशेष जूरी सम्मान मिला। इंस्टीट्यूशनल श्रेणी में पहला स्थान मंकाप नोक्वोहाम, वांचो अरुणाचल, दूसरा स्थान लक्ष्मीनारायण देवड़ा कोर्कू मध्य प्रदेश और तीसरा रोशनी चौहान भीलाला मध्य प्रदेश को मिला। ब्लाक गोल्ड और पालिम्प्सेस्ट को विशेष जूरी सम्मान प्रदान किया गया। वाई दा होम को पॉपुलर चॉइस अवॉर्ड भी मिला। टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरव रॉय ने कहा संवाद पिछले आठ वर्षों से जनजातीय समुदायों को सिनेमा के माध्यम से अपने मुद्दों और आकांक्षाओं को व्यक्त करने का एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है। शाम की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में संथाल, मिजो, मविलन, गुज्जर और सावर समुदायों ने अपने पारंपरिक नृत्य–गीत पेश किये। हॉर्नबिल कोहोर्ट और सिक्किम के सोफीयुम बैंड के कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोपाल मैदान में आतिथ्य फूड पॉप–अप, कला–हस्तशिल्प और पारंपरिक उपचार स्टॉलों पर भी दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी।

# मेला मैदान में राज्यपाल का आगमन आज, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के प्रस्तावित दौरे को लेकर मंगलवार को चतुर्थ बाल मेला परिसर में प्रशासनिक हलचल तेज रही। राज्यपाल बुधवार को मेला में शामिल होंगे। उनके आगमन से पूर्व सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल के प्रवेश मार्ग, वाहनों की आवाजाही, सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों ने आपस में चर्चा की। मेला परिसर में किन-किन स्थानों पर आवश्यक सुधार या अतिरिक्त व्यवस्था करनी है, इसे लेकर भी निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक, डीडीसी, एसडीएम और डीएसपी एसपी (ट्रैफिक) समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को राज्यपाल के आगमन से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिये। ताकि कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

# बिरसानगर लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बीते दिनों बिरसानगर थाना क्षेत्र में विश्वकर्मा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों से दिन-दहाड़े 10.25 लाख रुपये की लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। मंगलवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अन्य दो फरार है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूट के 1.23 लाख रुपये, एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त स्कूटी, हेलमेट और लूट के पैसों से खरीदा गया सैमसंग मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान परसुडीह लोको कॉलोनी शनि मंदिर के पास रहने वाले अजीत बेहरा और बाबू सरदार उर्फ नेपु के रूप में की गयी। पुलिस के अनुसार अजीत बेहरा लूट का मास्टरमाइंड है। उसे जानकारी मिली थी 10 तारीख को वेंडरों को भुगतान किया जाता है। इसके बाद उसने अपने सहयोगियों सरायकेला निवासी अजय सिंह उर्फ मोटा, लोको कॉलोनी के सूरज करूवा और बाबू सरदार के साथ मिलकर घटना की योजना बनाई थी। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## विधायक संजीव सरदार हाथीखेदा ठाकुर मंदिर पहुंचे



**पोटका (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो की विजय के बाद पोटका विधायक संजीव सरदार ने पटमदा स्थित हाथीखेदा ठाकुर मंदिर पहुंचे। मंगलवार को उन्होंने बाबा का आशीर्वाद लेकर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन के बाद विधायक ग्रामीणों और श्रद्धालुओं से मिले, जिन्होंने उन्हें विजय की बधाई दी। विधायक सरदार ने कहा जनता का विश्वास उन्हें जनसेवा के प्रति और अधिक समर्पित करता है।

## महिंद्रा आल्फा मोटर्स शोरूम में मारपीट, घायल

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** महिंद्रा आल्फा मोटर्स शोरूम में मंगलवार को मारपीट की एक मामला प्रकास में आया है। मिली जानकारी के अनुसार डूंगरी निवासी महादेव महतो ने अपने जीजा देवराज महतो पर अचानक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। देवराज अपनी कार की सर्विसिंग कराने आए थे। तभी महादेव पहुंचकर उन पर टूट पड़े। बीच–बचाव करने गये शोरूम कर्मियों से भी मारपीट की। लहूलुहान देवराज महतो ने आदित्यपुर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए गम्हरिया पीएचसी भेजा। पुलिस के मुताबिक मामला प्रारंभिक रूप से आपसी विवाद का प्रतीत है, जिसकी जांच जारी है। दोषियों पर जल्द कार्रवाई की जायेगी।

## मनोहरपुर के ओम गुप्ता सब-इंस्पेक्टर बने, बीडीओ शक्तिकुंज ने किया सम्मानित



**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** मनोहरपुर प्रखंड कार्यालय में आयोजित एक सादे सम्मान समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) शक्तिकुंज ने नंदपुर पंचायत के डोंगाकाटा निवासी ओम गुप्ता को सब–इंस्पेक्टर पद पर चयनित होने पर सम्मानित किया। ओम गुप्ता ने एसएससी सीपीओ परीक्षा उत्तीर्ण कर बीएसएफ में सब–इंस्पेक्टर का पद हासिल किया है। इस अवसर पर बीडीओ शक्तिकुंज ने कहा कि ओम गुप्ता की उपलब्धि मनोहरपुर प्रखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों और संघर्षों के बावजूद ओम ने लगातार मेहनत की और सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे मनोहरपुर का नाम रोशन किया है। बीडीओ ने उपस्थित छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई चाहे कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हो, लगन और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से प्रेरणा लेने और अपने लक्ष्य की दिशा में लगातार प्रयासरत रहने की अपील की। समारोह में बीडीओ शक्तिकुंज ने ओम गुप्ता को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सरायकेला में महिला अपराध नियंत्रण और सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला–खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर मंगलवार को परीक्ष्यमान डीएसपी पूजा कुमारी के नेतृत्व में महिला थाना प्रभारी एसआई कुमारी तिलोत्मा ने कुमार विजय प्रताप सिंह देव बालिका उच्च विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान छात्राओं और महिलाओं को महिला अपराध रोकथाम, पॉक्सो एक्ट, नशा मुक्ति, अफीम गांजा की खेती रोकथाम, डायल–112, साइबर फ्रॉड नंबर 1930, बाल विवाह निषेध और महिलाओं के कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। मौके पर उपस्थित सभी छात्राओं और महिलाओं को इन विषयों पर जागरूक किया गया।

## बीडीएसयू में आज ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी, परिसर में बुधवार, 19 नवंबर को एक मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा परिषद, झारखंड) के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। इस रक्तदान शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा सदर अस्पताल, गढ़वा के सहयोग से किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा के उपायुक्त दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमन कुमार एवं सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनेडी सहभागिता करेंगे। बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने बताया कि इस मेगा रक्तदान शिविर में कम से कम 200 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# बकाया भुगतान नहीं होने पर सड़क निर्माण बाधित, आक्रोश

**6 वर्ष में भी नहीं पूरा हो सका 25 किलोमीटर निर्माण कार्य**

**एनजी प्रोजेक्ट लिमिटेड पर करोड़ों रुपये बकाया रखने का लगा है आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के धुरकी-अंबाखोरेया पथ का निर्माण कार्य सोमवार से वाहन मालिकों और मैटेरियल सप्लायरों द्वारा बकाया राशि भुगतान की मांग को लेकर कार्य बंद कर दिया है। वाहन मालिक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि रविवार की रात अंबाखोरेया गांव स्थित एनजी प्रोजेक्ट लिमिटेड के प्लांट पर सभी छोटे संवेदक और वाहन मालिकों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक बकाया राशि का भुगतान एनजी प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा नहीं किया जाता है, तब तक निर्माण कार्य बंद रखा जाये। इस संबंध में श्री विश्वकर्मा ने बताया कि एनजी प्रोजेक्ट लिमिटेड ने वर्ष 2019 में श्री बंशीधर नगर-धुरकी अंबाखोरेया पथ का निर्माण कार्य बतौर संवेदक शुरू किया गया, जो 6 वर्ष बीत जाने के बाद अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।



**काम बंद करने की सूचना के बाद भी नहीं दिया गया संतोषजनक जवाब**

**एनजी प्रोजेक्ट लिमिटेड के मलिक हरेंद्र सिंह एवं विभागीय कार्यपालक पदाधिकारी प्रदीप कुमार आरसीडी को बकाया राशि भुगतान नहीं करने पर काम बंद करने की सूचना देने के बाद भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।**

उन्होंने बताया कि एनजी प्रोजेक्ट लिमिटेड के प्रोपराइटर हरेंद्र सिंह जब तक साइड पर आकर सभी छोटे संवेदकों और वाहन मालिकों द्वारा किये गये कार्य का पूरा भुगतान नहीं करते हैं, तब तक सड़क का निर्माण कार्य बंद रहेगा। सुरेंद्र ने बताया कि मेकल इंजीनियरिंग का 29 लाख, मां देवती कंस्ट्रक्शन का 30 लाख, बाबा कंस्ट्रक्शन का 36 लाख, सिमरन इंटरप्राइजेज का 5 लाख, महेंद्र कुमार मेहता का 4 लाख, जेके एंटरप्राइजेज का 5 लाख, कादरी ट्रेडर्स का 2 लाख, द्वारिका प्रजापति का 7 लाख, साइड इंचार्ज कमल सिंह का 3 वर्ष का वेतन 45 लाख, वाहन स्वामी सुरेंद्र विश्वकर्मा का 15 लाख सहित अन्य लोगों और कर्मियों का मानदेय लाखों रुपये कंपनी पर बकाया है।

# आजाद सिपाही अखबार में छपी खबर का असर, शिक्षा विभाग रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत के आदिवासी बहुल गांव लरहारा के स्कूली बच्चों द्वारा पढ़ाई की उम्र में जिम्मेदारियों का बोझ, जंगलों से लकड़ी लाकर बेचने को मजबूर संबंधी खबर आजाद सिपाही अखबार में छपने के बाद शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने निर्देश पर मंगलवार को बीआरसी अभिषेक दूबे लरहरा गांव स्थित नवप्राथमिक विद्यालय पहुंचकर मामले की जांच की। इस दौरान उन्होंने दातून और लकड़ी बेच रहे उक्त तीनों बच्चों से इस बारे में जानकारी ली, जहां बच्चों ने बताया कि स्कूल जाने से पूर्व हमलोग अपने परिवार के पेट चलाने हेतु दातून और लकड़ी बेचने जाते है, इसके बाद समय पर स्कूल जाते है। बच्चों ने कहा कि घर के मजबूरी और आर्थिक हालात को देख यह ऐसा कार्य करने के लिए विवश है।

इस पर बीआरसी अभिषेक दूबे ने बच्चों को शिक्षा के प्रति उत्साहित कार्य हुए कहा कि आप पहले अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे, अगर आप पढ़ लिख कर अच्छे मुकाम पर पहुंचते है, तो अपने घर परिवार को भी सुदृढ़ बना सकते है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति लगन और मेहनत कर एक अच्छे मुकाम हासिल करने की बात कही। साथ ही उन्होंने विद्यालय की ओर से मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाओं को बच्चों के बीच ससमय तथा निर्धारित अवधि में सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश एचएम को दिया।



पढ़ाई की उम्र में जिम्मेदारियों का बोझ, जंगलों से लकड़ी ला कर बेचने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। गरीब तबके के लोगों के बीच प्रखंड स्तर पर राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग बेहतर शैक्षणिक माहौल मुहैया कराने के बड़े-बड़े दावे करती और दंभ भरती है। लेकिन भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा विभाग का इसका विपरीत असर दिख रहा है। जिस हाथों में कलम और कॉपी होनी चाहिए वह जंगलों से दतवन और लकड़ी ला कर बाजार में बेचने को मजबूर है। मामला अरसली उत्तरी पंचायत के आदिम जनजाति के लरहरा टोला का है। जहां के रहने वाला पिंटू कोरवा अजीत कोरवा, संतोष कोरवा, पंचाल कोरवा और सोनू कुमार ने बताया कि घर में दो वक्त की रोटी के लिए मां ने दातुन और लकड़ी बेचने के लिए भेज दिया है। परिवार के भरण पोषण के लिए आये दिन पास के जंगलों से दातुन और लकड़ी काट कर माथे पर ढोकर बाजार में बेचकर घर का खर्चा निकालने पर मजबूर है। दातुन और लकड़ी नहीं बेचेंगे तो घर का खर्चा कैसे चलेगा। बच्चों ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में घर का खर्चा जंगलों से लकड़ी काट कर उसे बाजार में बेचकर किसी प्रकार खर्चा चल रहा है। बच्चों ने बताया कि सुबह इसलिए आए हैं कि जल्दी से दातुन और लकड़ी बेचने के बाद विद्यालय में मध्याहन भोजन के लिए जा सकें। सभी बच्चे नवप्राथमिक विद्यालय लरहरा में कक्षा तीन और चार में पढ़ते है। इस संबंध में बीईओ विजय पांडे से पूछे जाने पर कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। जांच करवाते है।

## विभिन्न कांडों में फरार चल रहे छह वारंटी गिरफ्तार

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर पुलिस ने विभिन्न कांडों में फरार चल रहे छः वारंटियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय को सौंप दिया। पुलिस ने सभी वारंटियों को उसके गांव चपरी, टीकर टोला और अरसली उतरी से गश्ती के दौरान मंगलवार के सुबह गिरफ्तार किया था। सभी के खिलाफ स्थानीय थाने में विभिन्न धाराओं के तहत केश दर्ज था, जिसका बेल नही लेने के कारण कोर्ट ने सभी को फरार करार देते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। कोर्ट द्वारा जारी वारंट के तहत सभी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटियों में थाना क्षेत्र के चपरी निवासी नगेंद्र बैठा पिता स्व. बंधु बैठा, रामप्रीत साह पिता स्व. केश्वर साहू टीकर टोला निवासी मंदीप साह पिता सुनेश्वर साह, अजय सिंह पिता रामचंद्र सिंह एवं अरसली उतरी निवासी मुखलाल पासवान पिता स्व. रामाधार पासवान और राजू पासवान पिता रामाधार पासवान का नाम शामिल है।

## ग्रामीणों ने आवास मित्र को बर्खास्त करने की मांग की

केतार (आजाद सिपाही)। सरकार द्वारा जनकल्याणकारी अबुआ एवं प्रधान मंत्री आवास के लाभुकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार को आवास मित्र को शीघ्र बर्खास्त करने का हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपा है। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खोन्हर गांव के ग्रामीणों ने आवास मित्र मंगलेश कुमार गुप्ता पर अवैध पैसे वसूलने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को 51लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा है। खोन्हर के ग्रामीणों ने आवेदन में उल्लेख किया है कि आवास मित्र मंगलेश कुमार गुप्ता प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास योजना के लाभुकों से जियो-टैग के बदले जबरन पैसे की मांग करता है। ग्रामीणों ने मंगलेश पर प्रत्येक स्तर का जियो-टैग के लिए 1000 रुपये तथा एक आवास पर कुल 3000 रुपये तक वसूलने का आरोप लगाया। पैसा न देने पर वह लाभुक का किया गया जियो टैग का फोटो अपने मोबाइल में रख रखकर लाभुक पर पैसा का दबाव बनाता है। लाभुकों ने जियो-टैगिंग कार्य में भारी लापरवाही बरतने का आवेदन में जिक्र किया है। जिससे गरीब परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता पूर्वक नहीं उठा पा रहे हैं।

## 20 वर्षों से फरार पांच वारंटी गिरफ्तार

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय पुलिस ने 20 वर्षों से फरार पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा अमन कुमार के निर्देश पर अपने नेतृत्व में अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान चलाया। जिस क्रम में बीती रात वारंटी यगेश्वर उरांव, पिता स्व कैलाश उरांव, ग्राम - पतरिहा, देवबंश भूइंया, पिता - स्व राम दास भुइयां, ग्राम - जमुई, जगमोहन उरांव, उम्र - 74 वर्ष, पिता - स्व बंशी उरांव, ग्राम - भोजपुर, दिनेश्वर विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष, पिता - चंद्रिका विश्वकर्मा, ग्राम - कुंबा खुर्द, लगन भुइयां, उम्र 69 वर्ष, पिता - स्व दुखन भुइयां, ग्राम - जमुई, सभी थाना - नगर उंटारी, जिला - गढ़वा को गिरफ्तार कर न्यायालय मे उपास्थापन हेतु भेजा गया। मालूम हो कि विगत 15 दिनों में नगर ऊंटारी पुलिस ने 25 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।13

## भंडरिया में लगा स्वास्थ्य शिविर कैंप

भंडरिया (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया के अंतर्गत अति दुर्गम पडने वाले सरुअत गांव में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार के निर्देश पर सोमवार को आरोग्य मंदिर सरुअत में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में दो दर्जन से अधिक महिला एवं पुरुषों की स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। स्थानीय लोगों ने कैंप आयोजित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य टीम में चलंत चिकित्सक डॉ एसआई खान, डॉ अजय सिंह पटेल, प्रखंड लेखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार, सिकंदर कुमार, विशाल कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

# एसडीएम ने तीन पीडीएस दुकानों की जांच की, एक में अनियमितता उजागर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने मंगलवार को मेराल प्रखंड की दो और डंडई प्रखंड अंतर्गत एक यानि कुल तीन सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा लाभुकों को समय पर और सही मात्रा में अनाज उपलब्ध कराने की जांच करना था।

मेराल प्रखंड की गेरूआ स्थित पीडीएस डीलर चूल्हन सिंह और जहिर शरीफ स्थित महिला समूह द्वारा संचालित पीडीएस दुकानों में निरीक्षण के दौरान प्रथम द्दष्टया कोई गंभीर अनियमितता नहीं पायी गयी। लाभुकों से फीडबैक लिया गया तथा अभिलेखों की जांच की गयी, तो मामला संतोषजनक मिला।



वहीं डंडई प्रखंड के लवाही कला में स्वयं सहायता समूह रानी महिला विकास समिति की श्रद्धा देवी द्वारा संचालित पीडीएस दुकान की जांच के लिए पहुंचने पर दुकान में ताला-बंद पाया गया। दुकान के बाहर टेंट हाउस का बोर्ड लगा मिला, जिससे दुकान का संचालन संदेहास्पद लगा।

हालांकि स्थानीय कार्डधारियों ने एसडीएम के समक्ष कई आपत्तियां दर्ज कराई। ग्रामीणों का आरोप है कि 35 किलो के स्थान पर केवल 30 किलो राशन दिया जाता है, समय पर वितरण नहीं किया जाता तथा राशन को निजी बाजार में बेचने की भी शिकायतें मिलीं।

कुछ ग्रामीणों ने इन आरोपों के समर्थन में वीडियो साक्ष्य भी एसडीएम को उपलब्ध कराये।

यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इस दुकान की जांच एसडीएम द्वारा की गयी थी, जिसमें गंभीर अनियमिततायें पायी गयी थीं। उस समय जिला आपूर्ति पदाधिकारी को कार्रवाई के लिए प्रतिवेदित किया गया था। नवीनतम जांच निष्कर्षों के आधार पर मामले को पुनः जिले के वरीय पदाधिकारियों को भेजा जा रहा है, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि पीडीएस दुकानों का संचालन खाद्य सुरक्षा से सीधे जुड़ा है। किसी भी प्रकार की घटतौली, हेराफेरी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत, दहेज उत्पीड़न का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** थाना क्षेत्र के करके गांव स्थित जरदे टोला में सकलदीप चौधरी की पत्नी पूनम कुमारी की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। हासनदाग निवासी मृतका की मां पानपति देवी ने डंडई थाना में इस संबंध में आवेदन दिया है। आवेदन में मृतका की मां पानपति देवी ने बताया है कि चार वर्ष पहले पूनम की शादी सकलदीप चौधरी से की थी। आरोप है कि शादी के कुछ महीनों बाद से ही पति, ससुर प्रसाद चौधरी और सास प्रेमशिला देवी दहेज में पैसे और गाड़ी की मांग करने लगे थे। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण मांग पूरी नहीं की जा सकी, जिसके चलते पूनम के साथ अक्सर मारपीट की जाती थी। परिजनों ने यह भी कहा कि पूनम दो बेटियों की मां थी, और इसी बात को लेकर भी उसे ताने दिए जाते थे। ससुराल पक्ष कथित तौर पर कहा करता था सिर्फ बेटी हो रही है, मारकर दूसरी शादी कर लेंगे। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे गांव के लोगों ने फोन कर पूनम की मौत की सूचना दी। इसके बाद मायके वाले तत्काल ससुराल पहुंचे। परिजनों का कहना है कि जैसे ही उन्होंने मौत को लेकर सवाल किया, गांव के ही सोमनाथ चौधरी, अर्जुन चौधरी, लाल बिहारी चौधरी, राजेश चौधरी समेत कई अज्ञात लोगों ने मिलकर उन्हें पीटना शुरू कर दिया। सभी किसी तरह जान बचाकर डंडई थाना पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतका के मायके पक्ष द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और मामले की जांच जारी है।

**ससुराल पक्ष पर हत्या की आशंका, सवाल करने गये मायके वालों को पीटा**

# गरीबी ने छीनी एक और जान

**परिजनों के अनुसार दिलीप पिछले छह महीनों से टीबी से पीड़ित थे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र के मझिगावां गांव स्थित आजाद नगर टोला में सोमवार - मंगलवार की रात्रि एक युवक की मृत्यु से पूरे टोले को दुख से भर दिया। क्षेत्र के दिलीप कुमार शर्मा (32 वर्ष), पिता अशर्फी शर्मा, की टीबी (क्षय रोग) से मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार दिलीप पिछले छह महीनों से टीबी से पीड़ित थे और उनका इलाज सदर अस्पताल गढ़वा में चल रहा था। सोमवार की सुबह अचानक उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गयी। परिजन उन्हें इलाज के लिए गढ़वा ले गये, लेकिन स्थिति नाजुक होती चली गयी। अत्यधिक गरीबी के कारण वे उन्हें किसी बड़े अस्पताल या बेहतर इलाज केंद्र में नहीं ले जा सके। मजबूरी में सोमवार की शाम उन्हें वापस घर लाया गया, जहां देर रात उनकी मौत हो गयी। दिलीप अपने पीछे पत्नी, दो पुत्री और एक पुत्र छोड़ गये। घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि शंभूनाथ साह ने पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। मंगलवार की सुबह सोन नदी के श्रीनगर घाट पर दिलीप का अंतिम संस्कार किया गया, जहां आठ वर्षीय पुत्र ने मुखाग्नि दी। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि टीबी जैसी इलाजयोग्य और गंभीर बीमारी के प्रति लोग आज भी पूरी तरह जागरूक क्यों नहीं हो पा रहे हैं। सरकारी स्तर पर प्रचार-प्रसार और निःशुल्क इलाज की सुविधा के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता की कमी किसी जीवन को समय से पहले छीन रही है।



दिलीप कुमार शर्मा (फाइल फोटो)।

यह घटना स्वास्थ्य व्यवस्था और सामाजिक जागरूकता, दोनों पर गंभीर सवाल छोड़ जाती है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

—: आवश्यक सूचना :—

बारेसॉढ़ थाना काण्ड संख्या 05/2022, दिनांक 22.08.2022, धारा 147/148/149/ 506/307/353 भा0द0वि0, 27 आर्म्स एक्ट, 3/4/5 वि0पदा0 अधि0, 10/13/16 यू0ए0पी0 एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के अभियुक्त के विरूध माननीय न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | राजु भुईयॉ पिता छोटेलाल भुईयॉ सा0 लवाही थाना डंडई, जिला गढ़वा। |



Schedule XLIII- High Court (M) 31C ( Old Criminal process No -41
In the Court of Sri. Utkarsh Jain, J.M. 1st Class, Latehar
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[ Form No. 4 Schedule II Act-2 1947]
(Section 82 of the code of Criminal Procedure.)
Baresanr P.S-05/2022
Accused: Raju Bhuiya, S/O- Chhote Lal Bhuiya, Vill- Lawahi, P.S- Dandai, Dist-Garhwa.
147,148,149,506,307,353 IPC, 27 Arms Act, 3/4/5 explosive Substance Act, 10/13/16 UAP Act, 17 CLA Act.
Date of Publication in newspaper:- 06-11-25
Report of Publication:- 11-11-25
Accused shall appear on:- 22-12-25

ह0/–
पुलिस अधीक्षक, लातेहार।


PR 366275 (Police) 25-26 (D)

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

—: आवश्यक सूचना :—

बारेसॉढ़ थाना काण्ड संख्या 05/2022, दिनांक 22.08.2022, धारा 147/148/149/ 506/307/353 भा0द0वि0, 27 आर्म्स एक्ट, 3/4/5 वि0पदा0 अधि0, 10/13/16 यू0ए0पी0 एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के अभियुक्त के विरूध माननीय न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | उज्जवल तुरी पिता नेन्दुआ तुरी सा0 चैनपुर, थाना पेसरार, जिला लोहरदगा। |



In the Court of Sri. Utkarsh Jain, J.M. 1st Class, Latehar
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[ Form No. 4 Schedule II Act-2 1947]
(Section 82 of the code of Criminal Procedure.)
Baresanr P.S-05/2022
Accused: Ujjual Turi, S/O- Nendua Turi, Vill- Chainpur, P.S- Pesraar, Dist-Lohardaga.
147,148,149,506,307,353 IPC, 27 Arms Act, 3/4/5 explosive Substance Act, 10/13/16 UAP Act, 17 CLA Act.
Date of Publication in newspaper:- 06-11-25
Report of Publication:- 11-11-25
Accused shall appear on:- 22-12-25

ह0/–
पुलिस अधीक्षक,लातेहार

PR 366279 (Police)25-26*D


## विकास योजनाओं की प्रगति पर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# समयसीमा, गुणवत्ता और कार्यप्रणाली पर दिये निर्देश

**पारदर्शिता एवं जनहित को सर्वोपरि रखने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में विभिन्न तकनीकी विभागों के सभी कार्यपालक अभियंताओं के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले में संचालित सभी प्रमुख अवसंरचना, निर्माण एवं विकास योजनाओं की अद्यतन प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गयी।

**विभागवार परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा :** बैठक में राष्ट्रीय उच्च पथ, जिला परिषद, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन प्रमंडल, जलापूर्ति प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल, अनुसंधान प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सहित अन्य विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे।



सभी विभागों ने अपनी-अपनी परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, कार्यों की वर्तमान स्थिति, बाधायें और आगामी समयसीमा की विस्तृत जानकारी उपायुक्त को प्रस्तुत की। उपायुक्त ने विभागों के समक्ष कहा कि विकासात्मक परियोजनायें जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए इनकी गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

**समयसीमा, गुणवत्ता और कार्यप्रणाली पर कड़े निर्देश :** उपायुक्त श्री यादव ने सभी विभागों को निर्देश दिये कि निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रत्येक योजना को पूरा किया जाये। साथ ही सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन हो। प्रगति कार्यों का नियमित स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित किया जाये। वित्तीय व्यय और भौतिक प्रगति में संतुलन बनाए रखा जाये, ताकि योजनायें समय पर पूर्ण हों। किसी भी प्रकार की समस्या, अवरोध या सामग्री की कमी की स्थिति में तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराया जाये। वहीं जर्जर और लंबित योजनाओं में गति लाने पर विशेष बल दिया।

उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि अनावश्यक देरी, निम्न गुणवत्ता या लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। विभागीय जवाबदेही सुनिश्चित की जायेगी।

**जिले में चल रही प्रमुख परियोजनाओं की भी समीक्षा :** बैठक में सड़क निर्माण, पुल-पुलिया, भवन निर्माण, पेयजल व्यवस्था, सिंचाई से जुड़े कार्य, स्वच्छता मिशन, विद्यालय/स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण, निगरानी एवं मरम्मती कार्यों की समग्र समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने अपेक्षा व्यक्त की कि सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य कर जिले की विकास योजनाओं को गति देंगे।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी परियोजनायें आम जनता से सीधे जुड़ी हुई हैं, इसलिए इन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे जनहित, पारदर्शिता और दक्षता को केंद्र में रखते हुए कार्य करें ताकि जिले का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक में उपविकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा सहित सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## वार्डन को मिला जल संरक्षण का राष्ट्रीय पुरस्कार



सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)। झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे के वार्डन परमेश्वरी कुमारी ओर बिमला कुमारी ने मंगलवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय जल संरक्षण मंत्री सीआर पाटील के द्वारा जल संरक्षण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस विद्यालय को श्रेष्ठ विद्यालय या कॉलेज वर्ग में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला है। पूरे देश में तीसरा स्थान तथा झारखंड राज्य में एक मात्र स्कूल मिलना क्षेत्र के गर्व की बात है। इस अवसर पर जल शक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी, विभाग के सचिव बीएल कांठा राव, जल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव अशोक के के मीणा सहित मंत्रालय के कई अधिकारी मौजूद थे। राष्ट्रीय जल संरक्षण पुरस्कार मिलने से पूरा स्कूल गौरवान्वित है। स्कूल परिवार के सामूहिक प्रयास से ये पुरस्कार मिला है। इस सफलता पर सौरभ सिंह, सारिका उपाध्याय, प्रीतम कुमार महतो, संजय कुमार महतो, अंबिका कुमारी, सविता कुमारी, रीमा कुमारी, दीपा कुमारी, रमाकांत अहीर, रीना कुमारी, नवीन महतो ने शुभकामनाएं दी है ।

## खूंटी क्लब में रक्तदान शिविर 23 को

खूंटी (आजाद सिपाही)। ब्लड बैंक खूंटी के सहयोग से खूंटी क्लब द्वारा रविवार को क्लब परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी क्लब के सचिव गणपत कुमार भगत ने दी। उन्होंने बताया कि जिले में रक्त की कमी को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग लगातार शिविर आयोजित कर जरूरतमंदों के लिए रक्त एकत्रित कर रहा है। उसी क्रम में खूंटी क्लब ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। साथ ही क्लब के सचिव ने अधिक से अधिक लोगो से शिविर में आकर रक्तदान करने की अपील की है। शिविर सुबह दस से दोपहर तीन बजे तक चलेगा।

## डकरा पुल की टूटी रेलिंग से दुर्घटना की आशंका


डकरा पुल की जर्जर रेलिंग।

खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा पुल की सिमेंटेड रैलिंग टूटे महीनों बीत चुके हैं, लेकिन स्थिति जस की तस है। मालूम हो कि बीते 26 अगस्त को एक 12 चक्का एल पी ट्रक के पुल से नीचे गिरने की घटना के बाद रैलिंग क्षतिग्रस्त हो गयी थी। तब से लेकर अब तक न तो सीसीएल प्रबंधन और न ही स्थानीय प्रशासन ने इसकी मरम्मत की दिशा में कोई कदम उठाया है। टूटी रैलिंग अब लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गयी है। पुल से प्रतिदिन सैकड़ों राहगीर, स्कूली बच्चे और आम यात्री गुजरते हैं। बढ़ती भीड़ और पुल का टी-जंक्शन होना दुर्घटना की आशंका को और बढ़ा देता है। वहीं पुल के बिल्कुल पास दो स्कूल स्थित हैं, जबकि तीन दिशाओं में जाने वाली सड़कों से लगातार यातायात का दबाव बना रहता है। इस पुल से एक ओर डकरा महाप्रबंधक कार्यालय, दूसरी ओर राय बचरा और तीसरी ओर खलारी मुख्य बाजार जाने का रास्ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर इस मार्ग में वाहनों और पैदल यात्राओं का आना जाना लगा रहता है। साथ ही पुल के आसपास कई दुकानें भी लगी रहती हैं। ऐसे में टूटी रैलिंग किसी भी समय बड़ा हादसा करा सकती है। राहगीरों और स्थानीय लोगो ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर रैलिंग की जल्द मरम्मत नहीं हुई, तो कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। लोगों ने सीसीएल प्रबंधन से अविलंब रैलिंग को ठीक कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## मैकलुस्कीगंज इंटर कालेज में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज इंटर कालेज के तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर विद्यालय बालक बालिका वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लपरा मुखिया पुतुल देवी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद खलारी पश्चिमी सरस्वती देवी, विद्यालय के प्रचार्य मनोज कुमार शर्मा एवं लखन प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में सौ, दो सौ, चार सौ, आठ सौ मीटर दौड़, लांग जम्प, हाई जंप, जेबलिन थ्रो, शाटपुट थ्रो सहित अन्य खेलों में आस पास के डॉन बास्को एकेडेमी, आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज, जनता उच्च विद्यालय, विकास भारती विद्यालय, एसीसी हाई स्कूल, ब्राइट फ्यूचर हाई स्कूल के छात्र छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रचार्य शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन गांव में छुपी खेल प्रतिभा को एक मंच प्रदान करती है। खेल से मानषिक और बौद्धिक विकास तो होता ही साथ खेल के माध्यम से भी छात्र अपनी पहचान बना सकते हैं। मौके पर शिक्षक मुकेश विश्वकर्मा, बासुकीनाथ नाग, सत्यपाल पाण्डेय, राहुल सिंह, डेनिश मयंक राबर्ट, सुचिता कुजूर, रेनू सिंह, रीया मेहता, मुकेश कुमार, पंकज कुमार, विक्रम कुमार, जयप्रकाश यादव, संदीप लोहरा, राम जी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## तोरपा : शिविर में 12 लोगों ने किया रक्तदान



खूंटी (आजाद सिपाही)। मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए खूंटी जिला पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना परिसरों में अलग अलग दिनों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए जिला रक्तकोष को सुदृढ़ करना तथा पुलिसकर्मियों में सामाजिक सेवा की भावना को और मजबूत करना है। इसी कड़ी में मंगलवार को तोरपा थाना परिसर में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम ने स्वयं रक्तदान कर समाज के लिए मिसाल पेश की। उनके साथ समाजसेवी धर्मेन्द्र कुमार सहित कुल 12 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में पुलिसकर्मी, स्थानीय युवा तथा समाजसेवी शामिल थे। मौके पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त तीन लोगों को जीवनदान दे सकता है। ऐसे कार्यक्रम पुलिस और समाज के बीच समन्वय को और मजबूत करते हैं। उन्होंने यह भी अपील की कि अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए आगे आएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि खूंटी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थानों में ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था ही नहीं बल्कि सामाजिक दायित्वों के प्रति भी संवेदनशील भूमिका निभा सके। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वास्थ्य विभाग की टीम, स्थानीय लोगों तथा पुलिस कर्मियों का विशेष योगदान रहा। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर संतोष जायसवाल, अमरेन्द्र कुमार, राजेश प्रसाद, कलीम खान, नीरज जायसवाल, चंदू जायसवाल, अरुण गोप, राजू महतो, वसीम खान, श्याम साहू आदि मौजूद थे।

# टाटा मैजिक वाहन पलटा एक की मौत, 13 घायल

**टाटा मैजिक वाहन ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पीलीद गांव से मजदूरों को लेकर धान काटने ले जा रहा था**

आजाद सिपाही संवाददाता

सोनाहातू। थाना क्षेत्र के सिल्ली टिकर सड़क जिलिंगसेरेंग मोड़ के समीप सवारियों को ले जाता हुआ टाटा मैजिक वाहन खेत में पलट गया, जिससे 13 लोग घायल हो गये और एक की मौत हो गयी। घटना मंगलवार सुबह आठ बजे के आसपास की है। घटना के अनुसार एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को बचाने के चक्कर में मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया।

टाटा मैजिक वाहन ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पीलीद गांव से मजदूरों को लेकर सोनाहातु थाना क्षेत्र के पंडाडीह गांव धान काटने ले जा रहा था। वाहन में अधिकतर महिलाएं ही थीं।

घटना के बाद तत्काल घायलों को मुरी के सिंगपुर अस्पताल और मिलन चौक के माधुरी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। मुरी सिंगपुर अस्पताल में संतोषी मछुआ 21 वर्ष, को भर्ती कराया गया। ईलाज के दौरान संतोषी मछुआ की मौत हो गयी।

बाकी घायलों रीना कुमारी, रूपन मुंडा, तारा कुमारी, अशांति देवी, गीता महतो, रिंकी कुमारी, टुसू रजक, कमला देवी, सोमवारी देवी का इलाज मिलन चौक के माधुरी नर्सिंग होम में किया जा रहा है। कुछ लोगों की स्थिति नाजुक है। सोनाहातू पुलिस घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंच कर घायलों की जानकारी ली।


घटना के बाद बेहोश महिला मजदूर।

### खूंटी में बेरोजगार युवाओं के लिए एसआइएस ग्रुप लगायेगा रजिस्ट्रेशन कैंप

# 775 पदों पर होगी नियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। एशिया महाद्वीप की विश्वस्तरीय सुरक्षा सेवा संस्था एसआईएस ग्रुप द्वारा 15 नवंबर से 28 नवंबर 2025 तक खूंटी जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए सुरक्षा सैनिक और पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) पदों पर नियुक्ति के लिए रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती अधिकारी सतीश कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण एवं शहरी युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर है, जिसमें कुल 775 पदों पर चयन किया जाएगा तथा चयनित युवाओं को 65 वर्ष की आयु तक स्थायी नियुक्ति दी जायेगी।

सिंह के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को एक माह के प्रशिक्षण के बाद से ही राज्य और केंद्र सरकार के न्यूनतम वेतन तथा सभी निर्धारित भत्ते मिलने लगेंगे।

नियुक्ति के बाद मिलने वाली प्रमुख सुविधाओं में सरकारी पेंशन,विधवा पेंशन, भविष्य निधि (पीएफ) ग्रेच्युटी, ईएसआई ग्रुप इंश्योरेंस, बोनस, चिकित्सीय सुविधा (मेडिक्लेम), दो बच्चों को आईपीएस देहरादून में पढ़ने की व्यवस्था, एंपलॉय स्टॉक ऑप्शन स्कीम के तहत शेयर का वितरण, स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता, रियायती आवास और मेस सुविधा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत युवाओं को साल में एक बार 15 हजार रुपये का प्रोत्साहन राशि भी दिया जायेगा।

**कहां होगी पदस्थापना :** चयनित अभ्यर्थियों को देशभर में एसआईएस के मुख्य कार्य स्थलों लाल किला, कुतुब मीनार, फतेहपुर सीकरी, खजुराहो, सांची स्तूप, भारतीय पुरातत्व विभाग के स्मारक, विभिन्न बैंक (एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा), बिरला व टाटा समूह, हिंडालको, विप्रो, जिंदल एम्स, एयरपोर्ट, टोल प्लाजा, आई सेक्टर, कॉरपोरेट सेक्टर, होटल, मेट्रो, जेएसडब्ल्यू संयंत्र आदि जगहों पर नियुक्ति की जायेगी।

सुरक्षा सैनिक में नियुक्ति के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण एवं ऊंचाई 167.5 से 170 सेंटीमीटर, वजन 55 किलोग्राम, आयु सीमा 19 वर्ष से 40 वर्ष और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

**प्रखंडवार रजिस्ट्रेशन कैंप निम्न तिथि में लगेंगे**

- 19 नवंबर 2025 - मुरहू थाना परिसर,
- 20 नवंबर 2025 - रनिया थाना परिसर,
- 21 नवंबर 2025- तोरपा थाना परिसर,
- 22 नवंबर 2025 - सायको थाना परिसर,
- 23 नवंबर 2025 - मारंगहादा थाना परिसर,
- 26 नवंबर 2025 - तपकरा थाना परिसर,
- 27 नवंबर 2025 - जरियागढ़ थाना परिसर,
- 28 नवंबर 2025 - खूंटी थाना परिसर।

शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9534202890 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अल्ट्रासाउंड क्लिनिक के संचालन में नियम का कड़ाई से पालन करें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। उपायुक्त, खूंटी आर रॉनिटा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट एवं क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट से संबंधित एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी संबंधित समिति के सदस्य एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सदस्यों को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट एवं क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि जिले में पीसीएंडपीएंडिटी एक्ट के तहत कुल सात अल्ट्रासाउंड क्लीनिक संचालित है, दो नये अल्ट्रासाउंड क्लिनिक के संचालन हेतु आवेदन प्राप्त हुए है और क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत कुल 58 क्लिनिक संचालित है।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एक्ट के तहत सभी गाइडलाइंस का अनुपालन सुनिश्चित करना समिति के सदस्यों का उत्तरदायित है। सभी सदस्यों को उनके भूमिका एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने कहा कि अल्ट्रासाउंड क्लिनिक के संचालन हेतु सभी अधिनियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है, ताकि भ्रूण लिंग परीक्षण जैसी कुप्रथाओं पर अंकुश लगाया जा सके एवं निजी चिकित्सा संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सके। क्लिनिक में चिकित्सक होना अनिवार्य है, साथ हीं लैब रेट चार्ट डिसप्ले भी किया जाये, जिससे मरीजों को समस्या न हो। एक्ट के सम्पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर सभी सदस्यों से सक्रिय भूमिका निभाने, जनजागरूकता बढ़ाने एवं आवश्यकता अनुसार ससमय छापेमारी करने पर बल दिया गया।

बैठक में सदस्यों के रूप में जन प्रतिनिधि, सिविल सर्जन, चिकित्सक, अधिवक्ता, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 25397 विद्यार्थियों के आवेदन का अनुमोदन

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति लाभान्वित किये जाने के संबंध में आवश्यक निर्णय लिए गये।

समिति को जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा सूचित किया गया कि प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए कुल 11099 विद्यार्थियों के नये आवेदन ई-कल्याण पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों को संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा भौतिक सत्यापन उपरांत अनुमोदित किया गया है, जिसके आलोक में समिति द्वारा सभी प्राप्त आवेदनों को अनुमोदित किया गया।

पूर्व में समिति द्वारा 14298 विद्यार्थियों के आवेदनों को भी अनुमोदित किया गया है, इस प्रकार से अब तक कुल 25397 विद्यार्थियों के आवेदनों को अनुमोदित किया जा चुका है, जिन्हें छात्रवृत्ति का लाभ दिया जा रहा है।

बैठक में उपायुक्त ने सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि शीघ्र ही उनके बैंक खातों में स्थानांतरित करने के निर्देश दिये। इस प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक (आईटीडीए), जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सत्यदेव क्रिकेट अकादमी बना अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता



चांडिल (आजाद सिपाही)। एनकेएस द्वारा आयोजित अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला फ्यूचर स्टार क्रिकेट अकादमी चक्रधरपुर और सत्यदेव क्रिकेट अकादमी गम्हरिया के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्यूचर स्टार क्रिकेट अकादमी ने 6 विकेट पर 132 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए सत्यदेव क्रिकेट अकादमी ने 16 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत में शुभोजित महतो की 31 रनों की जिम्मेदार पारी अहम रही। शुरूआती दबाव के बावजूद उन्होंने क्रीज पर टिककर टीम को संभाला और महत्वपूर्ण साझेदारी की। गेंदबाजी में भी उन्होंने एक महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर विपक्ष की रन गति पर रोक लगायी।

# क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाये रखना पहली प्राथमिकता : डीएसपी खलारी

**खलारी डीएसपी ने अपराधी गतिविधि होने की सूचना पर किया सीसीएल क्षेत्र के कांटा घरों का किया औचक निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। अपराधियों की गतिविधियों की सूचना मिलने पर पुलिस उप अधीक्षक (डीएसपी) खलारी रामनारायण चौधरी ने मंगलवार को खलारी व मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र में सीसीएल एनके एरिया के विभिन्न कांटा घरों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएसपी ने कांटा घरों के आसपास मौजूद कोयला कारोबारियों, वाहन चालकों तथा अन्य लोगों से पूछताछ कर उनकी पहचान सत्यापित की। उन्होंने कहा कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि कुछ आपराधिक तत्व कांटा घरों के आसपास देखे जा रहे हैं, जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी। डीएसपी चौधरी ने मौके पर ड्यूटी कर रहे सीसीएल कर्मियों को सख्त निर्देश दिये कि कांटा घरों पर किसी भी तरह की अवैध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।


सीसीएल के कांटा घर का निरीक्षण के दौरान पूछताछ करते डीएसपी आरएन चौधरी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाये रखना सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने आसपास मौजूद कोयला कारोबारियों से भी बातचीत की और उन्हें निर्भीक होकर अपना कार्य करने को कहा। उन्होंने बताया कि अपराधियों की पहचान कर ली गयी है और उनके मूवमेंट पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपराधी बहुत जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे। डीएसपी ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने की किसी को भी इजाजत नहीं दी जायेगी। पुलिस टीम लगातार क्षेत्र में गश्त बढ़ाएगी और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखेगी।

## वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र के धुर्वा मोड के पास बुंडू थाना के द्वारा दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बिना हेलमेट ट्रिपल राइट एवं जोरदार आवाज करने वाले साइलेंसर लगे वाहनों को जब्त किया गया और बुंडू थाना परिसर लाया गया। वाहन मालिकों से उनके कागजात मांगा गया और जुर्माना वसूल किया गया। ज्ञात हो कि बुंडू थाना क्षेत्र अंतर्गत दो पहिया वाहनों की तेज रफ्तार से कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। हालांकि बुंडू नगर के कई समाजसेवी और गणमान्य लोग हमेशा से यह मांग करते आ रहे हैं कि दो पहिया वाहनों के तेज रफ्तार पर रोक लगाई जाये, साथ ही कम उम्र के बच्चों को भी दो पहिया वाहन चलाते हुए देखा जा सकता है।

## वृद्ध महिला की कुआं में डूबने से मौत

ईचागढ़(आजाद सिपाही) । तिरुलडीह थाना क्षेत्र के चोकेगाड़िया गांव में मंगलवार को एक बुजुर्ग महिला की कुएं में डूबने से मौत हो गयी। मृतका की पहचान बटन मांझी (उम्र लगभग 80 वर्ष), पति स्व. लाल मांझी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बुजुर्ग महिला शौच के लिए निकली थीं, इसी दौरान पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गईं और डूबने से उनकी मौत हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना से गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

## चौड़ा के पूर्व मुखिया देवनाथ साव का निधन


मृतक की फाइल फोटो।

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह निवासी और चौड़ा पंचायत के भुतपूर्व मुखिया देवनाथ साव (93) का मंगलवार रात देहांत हो गया। रांची स्थित रामकृष्ण अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वे रांची में अपने बेटे के साथ रहते थे। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर तिरुलडीह लाया गया, जहां तिरुलडीह सुवर्णरेखा नदी तट पर विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया। निधन की खबर से पूरे तिरुलडीह और चौड़ा पंचायत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है। देवनाथ साव अविभाजित बिहार के दौरान 1974-1979 और 1979-1984 तक दो कार्यकाल के लिए तत्कालीन चौड़ा पंचायत के मुखिया रहे। वर्ष 1984 के बाद लंबे समय तक पंचायत चुनाव नहीं होने की वजह से वे करीब 20 वर्षों तक अनौपचारिक रूप से क्षेत्र के लोगों के बीच मुखिया की भूमिका निभाते रहे।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल के शिक्षक का निधन, शोक


मृतक की फाइल फोटो।

सिल्ली (आजाद सिपाही)। आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर, मुरी के शिक्षक विशंबर महतो के असामयिक निधन से विद्यालय परिवार एवं आसपास के ग्रामीणों में गहरा शोक व्याप्त है। वे विगत 15 वर्षों से विद्यालय में सेवा दे रहे थे। श्री महतो विद्यालय के छात्रावास में ही रहते थे। सोमवार देर रात करीब 1 बजे उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद साथ रहने वाले शिक्षक उन्हें पास के सिंगपुर नर्सिंग होम ले गये। लगभग 1:30 बजे हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गयी। उनका मूल निवास ग्राम बारेडीह, थाना सिल्ली है। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री और एक पुत्र को छोड़ गए। मंगलवार को स्वर्णरिखा नदी तट, बारेडीह में उनके पुत्र राजू महतो ने मुखाग्नि दी। इस दुखद घटना पर पूर्व सांसद रांची राम टहल चौधरी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इसे विद्यालय व परिवार के लिए हृदयविदारक बताया। घटना की सूचना मिलते ही विद्यालय के प्राचार्य तुलसीदास महतो, प्राचार्या सुषमा देवी, उप-प्राचार्य धर्मेंद्र पांडे, टेकलाल महतो, बीरेंद्र महतो, कामदेव महतो सहित अन्य शिक्षक अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढाढस बंधाया। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने नम आंखों से मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, जिसके बाद विद्यालय को एक दिन के लिए अवकाश घोषित किया गया। सभी शिक्षक उनके गांव पहुंचकर अंतिम विदाई में शामिल हुए।

## मुरी पुलिस का वाहन चेकिंग अभियान



मुरी (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रांची राकेश रंजन के निदेर्शानुसार मंगलवार को मुरी पुलिस ने झारखंड मोड़ पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान सभी वाहनों के इंश्योरेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट तथा अन्य आवश्यक कागजातों की जांच की गयी। चेकिंग के क्रम में कागजात सही नहीं पाये जाने पर भी लोगों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। मुरी ओपी प्रभारी राहुल कुमार मेहता ने बताया कि यह वाहन चेकिंग अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गतिविधि बनाए रखना तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखना पुलिस की प्राथमिकता है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 19 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


भंडरा में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों में निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित

# भारत सरकार वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन के प्रति कटिबद्ध है : सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत इटकी प्रखंड के भंडरा में एक भव्य निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को जीवन में सुगमता लाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण (जैसे व्हीलचेयर, कान की मशीन, छड़ी, वॉकिंग स्टिक आदि) वितरित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने अपने



हाथों से सभी को उपकरण सौंपे।

उपकरण वितरण के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन साफ है, सबका साथ, सबका विकास। यह योजना उसी विजन को जमीन पर उतारने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्गों को अब छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। यह उपकरण केवल वस्तुएं नहीं हैं, बल्कि यह आत्मविश्वास और सम्मान की कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा चलायी जा रही ऐसी योजनाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि समाज का कोई भी वर्ग, विशेष कर हमारे वरिष्ठ नागरिक, पीछे न छूटें। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे इन उपकरणों का सही इस्तेमाल करें और एक स्वस्थ, सक्रिय जीवन जीयें।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार हमारे देश के वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन के प्रति कटिबद्ध है। यह योजना यह सुनिश्चित करती है कि आर्थिक रूप से कमजोर हमारे बुजुर्गों को उम्र संबंधी शारीरिक अक्षमताओं का सामना नहीं करना पड़े। निःशुल्क व्हीलचेयर और अन्य सहायक उपकरण प्रदान करना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों के माध्यम से बुजुर्गों को न केवल दैनिक कार्यों में मदद मिलेगी, बल्कि वे आत्मनिर्भर होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़े रह सकेंगे।

### कई गणमान्य व्यक्ति रहे मौजूद

इस अवसर पर मंच पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में भंडरा पंचायत के मुखिया विनय उरांव, पंचायत समिति सदस्य वीरू उरांव, अशोक उरांव, जाहिद अंसारी, चंद्रमोली पांडे, अभिनाश, अनिल लकड़ा, शशि तिर्की, रंजीत तिग्गा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और लाभार्थी मौजूद थे। सभी ने सरकार की इस कल्याणकारी योजना की सराहना की और सुचारू आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन और आयोजकों को धन्यवाद दिया। शिविर का सफल आयोजन सुनिश्चित करता है कि भारत सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर तक पहुंच रही हैं, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है।

## केडी मुख्य बाजार में न्यू गैलेक्सी मेंस पार्लर का उद्घाटन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** केडी मुख्य बाजार मार्ग स्थित सिनेमा हॉल के समीप न्यू गैलेक्सी मेंस पार्लर का मंगलवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो ने फीता काटकर पार्लर की शुरूआत की। उद्घाटन से पूर्व पार्लर संचालक मोहम्मद मासूम ने थाना प्रभारी को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया। संचालक ने बताया कि पार्लर में आधुनिक हेयरकट, ग्रूमिंग और स्किन केयर की सभी सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी, ताकि स्थानीय युवाओं को बेहतर और किफायती सेवा मिल सके। कार्यक्रम में विक्की सिंह, रोशन लाल, भोला राम, परवेज आलम, गिरधर तिवारी, संतोष, संजय गुप्ता, मोइन अंसारी, हसमत सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।



सैलून का उद्घाटन करते थाना प्रभारी।

## माउंट जायन उच्च विद्यालय में खेल प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के माउंट जायन उच्च विद्यालय में मंगलवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन भाजपा के झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा कार्य समिति सदस्य मुन्ना बड़ाईक और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में कबडी, दौड़, सुई धागा दौड़, चम्मच दौड़ आदि खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जहां अवल आये छात्र-छात्राओं को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुन्ना बड़ाईक ने कहा



कि खेलकूद से बच्चों का मानसिक और शारिक विकास होता है। साथ ही खेल के प्रति अच्छा जागृत होती है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नही है। बस इस तरह के आयोजनों की जरुरत है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मंगल सिंह टोप्पो, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, सहायक शिक्षक विपिन किशोर कुल्लू, शिक्षक निभा कच्छप, सुनीता कुमारी, अंजू तिग्गा, अल्मा एक्का, कैलाश महतो के साथ विद्यालय के बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित थे।

एनके एरिया में सतर्कता जागरूकता अभियान का समापन

## विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी किये गये सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया डकरा वी आई पी क्लब में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता अभियान का समापन समारोह आयोजित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एनके एरिया के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत एसीसी स्कूल खलारी और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। इसके बाद तीन महीनों तक चले सतर्कता जागरूकता अभियान के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए श्रमिक प्रतिनिधियों ने कहा कि सतर्कता जागरूकता अभियान में कई सकारात्मक गतिविधियाँ हुई हैं, लेकिन मजदूरों की समस्याओं पर भी प्रबंधन को गंभीर होना चाहिए। उन्होंने कार्यालय कार्यों में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण की मांग की। वहीं महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हर कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर होना चाहिए। गलती की वजह से देरी संभव है, लेकिन देरी का कोई उद्देश्य नहीं होना चाहिए। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन अधिकारी निखिल अखौरी ने किया। मौके पर एजीएम जितेंद्र कुमार, आरिफ अख्तर, मोहन कुमार, कार्मिक अधिकारी शैलेंद्र कुमार, सीएसआर अधिकारी निखिल अखौरी, रानी चौबे तथा श्रमिक प्रतिनिधियों में गोल्टेन प्रसाद यादव, प्रेम कुमार, विनय सिंह मानकी, शैलेश कुमार, हरेंद्र सिंह, डीपी सिंह, सुनील कुमार सिंह, पिंकू सिंह, कृष्णा चौहान, शैलेंद्र कुमार सिंह, देवपाल मुंडा, रमेश कुमार उपस्थित थे।

## रातू सीएचसी में आयोजित शिविर में कम आये रक्तदाता

- व्यापक प्रचार- प्रसार का नहीं दिखा असर
- झामुमो के तीन लोगों ने किया रक्त दान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** झारखंड की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर रातु सीएचसी में आयोजित रक्तदान महादान अभियान में लोगो ने रुचि नही दिखाई। इस अभियान का उद्देश्य राज्य में रक्त की कमी को पूरा करना और हर जरूरतमंद तक सुरक्षित रक्त पहुंचाना था। परन्तु सुबह से शाम तक सिर्फ 4 यूनिट रक्त का ही संग्रह हो पाया। जबकि रातु सीएचसी की ओर से रक्त दान के लिए व्यापक प्रचार- प्रसार किया गया था। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर सुजीत कश्यप ने भी लोगो से शिविर में आकर रक्तदान करने की अपील की थी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान की शुरूआत झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद रक्तदान कर इसकी शुरूआत की थी। परन्तु रातु में रक्त दान को लेकर लोगो मे कोई उत्त्साह नही देखा गया।




शिविर में रक्तदान करते झामुमो के लोग।

शिविर में झामुमो के तीन लोग धर्मेंद्र सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जीतनंदन महतो व प्रिंस कुमार के अलावा सौरभ कुमार ने ही रक्त दान किया।

**सरकारी विभागों रहे शिविर से दूर :** रक्त की कमी से किसी की सांसे नही थमे, रक्त की कमी से किसी की जिन्दगी को बचाने को लेकर आयोजित शिविर में रातु के सरकारी अधिकारी बेपरवाह रहे। रातु थाना, अंचल, ब्लॉक, मनरेगा, कृषि , जेएसएलपीएस, दर्जनो विभागों में कार्यरत लोगो के अलावा विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ता, समाजसेवी, सामाजिक संगठन से जुड़े लोग, जिनकी संख्या हजारो में है। परन्तु किसी ने भी रक्तदान शिविर में अपनी भूमिका नही निभायी।

# बेड़ो में मिटने के कगार पर ऐतिहासिक कुओं का अस्तित्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** बदलती चकाचौंध में प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतेहासिक व प्राचीन कुआं अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। बेड़ो के डाक बंगला कुंआ,बाजार कुंआ सहित अन्य कुंओ के जीर्णोद्धार के साथ सुंदरीकरण के लिए कोई आगे नहीं आ रहा है। हालात ये हैं कि जिम्मेदारों की उदासीन रवैये के कारण कूड़े करकट के ढेर में यह कुआं बदहाल होते जा रहे है। न तो जनप्रतिनिधियों की इसकी फिक्र है और न ही प्रखंड प्रशासन को। आज से करीब चार दशक पहले तक ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का मुख्य श्रोत कुएं ही हुआ करते थे। पीने के साथ-साथ सिंचाई के लिए कुएं ही पानी का एक मात्र साधन हुआ करते थे। वहीं हमारी पारंपरिक

संस्कृति और परंपराओं में भी कुएं की बड़ी महत्ता थी। विवाह जैसे मांगलिक कार्यक्रमों भी कुएं पास कई आयोजन हुआ करते थे। लेकिन हर साल भूजल का गिरना और बदलते परिवेश के कारण आज कुंआ अंतिम सांस गिन रहे हैं। जबकि प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के गांव में पेयजल एवं सिचाई कार्य के लिए सबसे अधिक प्रयोग में लाए जाने वाले कुआं का वजूद प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के कई गांवों में समाप्ति के कगार पर है। ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए कुएं का महत्व अधिक है। आधुनिक युग में आम आदमी सुविधा भोगी हो गया है। इस परिस्थिति में जनमानस को रस्सी के सहारे बाल्टी से पानी खींचना अब मुसीबत लगने लगा है। अधिकांश लोग चापाकल व पानी की टंकी पर निर्भर हो गए हैं। विद्युत



बेड़ो जिला परिषद परिसर स्थित डाक बंगला कुंआ व बाजार टांड़ स्थित बाजार कुंआ।

व्यवस्था बेहतर होने के कारण मोटर पंप के सहारे पानी की आसानी से उपलब्धता के कारण आज लोग कुआं की अनदेखी कर रहे हैं।

### जल संरक्षण के लिए कुआं जरूरी

कल के लिए जल बचाना है तो कुंआ का संरक्षण जरूरी है। एक जमाना था जब कुंआ जल संरक्षण का महत्वपूर्ण साधन होता था। तपती धूप में कुआं राहगीरों के लिए पानी पीने का एक मात्र जरिया हुआ करता था। फ्रीज युग से पहले कुआं के पानी को ठंडा जलस्त्रोत माना जाता है। जनहित में जगह-जगह कुंआ खोदकर पहले आम लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराया जाता था। आज भी मनरेगा योजना से पूरे गांव के लोगों के लिए कुंआ खेतों की सिचाई, स्नान व पीने के लिए पानी का महत्वपूर्ण साधन है। वहीं बदलते परिवेश में यह मात्र सपना बन कर रह गया है। अब कुआं का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है।

### गांव के लोग भी पी रहे नल का जल

बेड़ो सहित गांव के लोग आज नल का जल पी रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक अब नल के जल की मांग बढ़ती जा रही है। कुछ कुआं में जलस्तर बेहतर है लेकिन जागरूकता के अभाव में वे गंदगी के पर्याय बन गए हैं। जिला परिषद परिसर स्थित डाक बंगला व बाजार कुआं का अत्यंत दयनीय स्थिति हो गई है। दोनों कुआं का जलस्तर नीचे चला गया है। पहले लोग कुआं का पानी सेवन कर अपनी प्यास बुझाते थे।आधुनिक युग में कुआं उपेक्षा का शिकार हो गया है। अब केंद्र सरकार की नल जल योजना से गांव में पानी पी रहे हैं।

### जनहित में ध्यान दें जनप्रतिनिधि

कुंओ के मिटते अस्तित्व को बचाने के लिए विधायक,सांसद व स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि इनके माध्यम से सरकार द्वारा जनहित में कई लाभकारी योजना चलाई जा रही है। परंतु इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण कुंओ का अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बेड़ो प्रखंड की 17 पंचायतों में 21 से आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पंचायतों में एक बार फिर आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है। झारखंड सरकार के द्वारा पूर्व में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में काफी सफलता मिलने के बाद एक बार फिर सरकार ने जनता के बीच जाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने इस संबंध में उपायुक्त को दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आम ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांच के बाद उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही लाभार्थी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत प्रखंड के 17 पंचायतों में 21 नवंबर से आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत होगी। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तिथि की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। वहीं प्रखंड के 17 पंचायतों में सबसे पहले 21 नवंबर को खुखरा पंचायत इसकी शुरूआत होगी। डोरंडा 22,तुतलो 24, करकरी 26,दिघिया 28 नवंबर, करांजी 1 दिसंबर,बेड़ो 3,केशा पुरियो 4,चचकपी 5,केशा 6, मुरतो 8,टेरो 9,घाघरा 10,ईंटा 11,जरिया 12, हरिहरपुर जामटोली 13 व नेहालुकपरिया पंचायत में 15 दिसंबर को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

### पटवन के लिए बिछाये गये तार से युवक ने फांसी लगा कर दी जान

मांडर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बूढ़ाखुखरा में एक युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या। बताया जा रहा है कि गाँव का 20 वर्षीय अंकित खलखो नामक युवक ने सोमवार मध्य रात्रिखेत मे पटवन के लिए बिछाये गये तार से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। मंगलवार सुबह जब पटवन के लिए लोग जा रहे थे, तभी उन्होंने अंकित को मरा पाया। इसकी जानकारी लोगों ने मांडर पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दिन के 11 बजे रिम्स भेज दिया।

### घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो चोरी

रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के झखराटांड़ से घर के बाहर खड़ी सफेद रंग की स्कॉर्पियो जेएच01ई वाई-7809 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। घटना रविवार की रात की बताई जा रही है। मामले को लेकर वाहन मालिक झखरा टांड निवासी सरोज किसको ने रातु थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सरोज किस्कु भरनो थाना अंतर्गत बघिया टोली स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। कुछ दिनों से उन्होंने अपना स्कॉर्पियो झखराटांड स्थित घर के बाहर स्कॉर्पियो खड़ा कर रखी थी। सोमवार की सुबह पड़ोसी ने स्कॉर्पियो चोरी होने की सूचना सरोज को दी। इसके उपरांत भुक्तभोगी ने अपने स्तर से वाहन की खोजबीन की, परंतु स्कॉर्पियो का कुछ पता नही चल पाया। पुलिस स्कॉर्पियो की खोजबीन कर रही है।

### गलत बिजली बिल देने से उपभोक्ता परेशान

ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। कांके सबस्टेशन बिजली ऑफिस द्वारा उपभोक्ताओं को इन दिनों गलत बिजली बिल देने का मामला प्रकाश में आया है। जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति रोष वयाप्त है। जानकारी के अनुसार विभाग के बिजली मित्र कई महीनों से मानदेय नहीं मिलने से हड़ताल में हैं। ऐसी स्थिति में विभाग द्वारा ऑफिस से बिना मीटर रीडिंग किये ही गलत बिल निकालकर उपभोक्तओं को लगभग एक महीने से भेजा जा रहा है। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा घोषित 200 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की धज्जियां भी उड़ाई जा रही है। विभाग द्वारा क्षेत्र के उरुगुद्ध, भांटबोडया,सोबा,ठाकुरगांव,हेसलपिरी, पतरातू,बंसरी,बरौदी, आदि गांवों के ग्रामीणों का गलत बिल भेजा जा रहा है। मामले को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों की बैठक पतरातू में हुई। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि गलत बिल को विभाग द्वारा सुधार नहीं किया जायेगा तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। वहीं मामले पर कांके एसडीओ पंकज कुमार ने कहा कि कुछ उपभोक्ताओं द्वारा गलत बिल की सूचना मिली है। जल्द ही गलत बिलों को सुधार कराया जायेगा।

### घर में निकले में रसल वाइपर को मार डाला

चान्हो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बलसोकरा में मंगलवार शाम 6 बजे शमीम अंसारी के घर में खतरनाक रसल वाइपर सांप मिलने से अफरा-तफरी मच गयी। परिवार के सदस्यों ने जैसे ही कमरे के कोने में सांप को देखा, तुरंत शोर मचाया और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। समय रहते घर वालों की सूझबूझ से बड़ी घटना टल गयी और सभी की जान बच गयी। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से सांप को मार दिया गया। रसल वाइपर अत्यधिक विषैला सांप होता है और इसके काटने पर तत्काल इलाज नहीं मिलने पर स्थिति गंभीर हो सकती है।

### बेड़ो में एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान




बेड़ो (आजाद सिपाही)। अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण तथा सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत थाना क्षेत्र के केशा मोड़, सांई मंदिर रोड और थाना गेट के समीप मंगलवार को थाना प्रभारी सुजित कुमार उरांव के दिशा निर्देश पर एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों का हेलमेट, ड्राईविंग लाईसेंस, रजिस्ट्रेशन समेत अन्य कागजातों की जांच करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अभियान में शामिल पुलिसकर्मियों ने लोगों को हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाने की सलाह दी। इसके अलावे चार पहिया वाहनों में भी सवार लोगों का सीट बेल्ट, डिक्की आदि की जांच की गई।थाना प्रभारी सुजित कुमार उरांव ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर पुलिस लगातार वाहन जांच अभियान चला रही है। सुरक्षा व अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस का अभियान चलता रहेगा। चेकिंग अभियान को देखकर कई लोग अपने वाहनों का रुख बदलकर दूसरे मार्ग से गंतव्य स्थान तक पहुंचे।

### झामुमो प्रखंड समिति के पदाधिकारियों ने सीओ और बीडीओ से की मुलाकात



कांके (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा कांके प्रखंड समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को नवनियुक्त अध्यक्ष नवीन तिर्की के नेतृत्व में सीओ अमित भगत तथा बीडीओ विजय कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रखंड अध्यक्ष नवीन तिर्की ने अधिकारियों से राज्य सरकार की विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की बात कही। कहा कि इसमें झामुमो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपना पूर्ण सहयोग करेंगे। भेंट करने वालों में अध्यक्ष नवीन तिर्की, सचिव अशोक साहू, उपाध्यक्ष हनीफ अंसारी, फलेन्द्र मुंडा, शेख श, मोहन उरांव, रंथू उरांव, बसंत कुमार महतो, सबीबुल रहमान, अजीज अंसारी, मो. चाँद, अभय तिर्की, रतन अनमोल सांचा, कलीम खान, बिनोद, मोती लाल उरांव, जितेन्द्र उरांव, मुकेश उरांव, सलमान अंसारी, अख्तर मंसूरी शामिल थे।

# सदर अस्पताल से रिम्स रेफर मरीजों को एंबुलेंस चालक ले जाते हैं निजी अस्पताल

इसके एवज मिलता है मोटा कमीशन

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल गुमला परिसर में खड़े एंबुलेन्स कमीशनखोरी में बहुत आगे निकलते जा रहे हैं। मरीज के परिजनों से लगातार मिल रही शिकायत के बाद आजाद सिपाही टीम ने पड़ताल की। भुगतभोगियों से पूछताछ करने पर जो बातें निकल कर सामने आयी वो काफी गंभीर हैं।

**ग्रामीण क्षेत्र से आये मरीज अधिक बनते हैं निशाना :** सदर अस्पताल से गंभीर मरीजो को डॉक्टरों द्वारा बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर किया जाता है। जिसके लिए मरीज के परिजन एंबुलेंस की व्यवस्था करते हैं। लेकिन एंबुलेंस चालक उन्हें रिम्स नहीं ले जाकर शहर के निजी अस्पतालों में भर्ती करा देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीज के परिजनों को बहला फुसलाकर निजी अस्पताल ले जाया जाता है। अच्छे डाक्टरों और बेहतरीन सुविधाओं का गुणगान करके मरीज के परिजनों को मोटिवेट किया जाता है, जिससे मरीज उक्त अस्पताल में इलाज कराने के लिए राजी हो जाये। ग्रामीण क्षेत्र से आये परिजन ज्यादातर उनकी बातों में आ जाते हैं और निजी अस्पताल में मरीज को भर्ती करते हैं।

### निजी अस्पताल में मरीज पहुंचाने पर एंबुलेंस चालकों को मिलता है कमीशन

अब प्रश्न यह उठता है कि आखिर यह काम एम्बुलेंस चालक करते क्यों हैं? तो इसका खुलासा यह हुआ कि मरीज को निजी अस्पताल पहुंचाने के एवज में निजी अस्पताल के संचालक एम्बुलेंस चालकों को कमीशन भी देते हैं। बताया तो यह भी जा रहा है कि मरीज के बिल के अनुसार उन्हें कमीशन दिया जाता है।

### सरकारी अस्पताल के कर्मी भी रहते हैं खेल में शामिल

यह भी बताया जाता है कि यह खेल काफी लंबे समय से चला आ रहा है। इस कार्य में सदर अस्पताल के कुछ कर्मी भी लगे हुए हैं। निजी अस्पताल के संचालक व कर्मी सदर अस्पताल के कर्मियों और चालक से लगातार संपर्क बनाये रखते हैं। जैसे ही एंबुलेंस चालकों को पता चलता है कि मरीज रिम्स रेफर है वे परिजनों के संपर्क में आते हैं और उन्हें अपनी बातों से उलझा लेते हैं। मरता क्या नहीं करता। मरीज के परिजन चालक की बातों में आ जाते हैं।

### इस तरह के मामले में हो चुकी है कार्रवाई

कुछ माह पूर्व सदर अस्पताल में शहर के एक निजी अस्पताल का एंबुलेंस नियम के विरुद्ध लगा था। जहां से गर्भवती महिला को निजी अस्पताल ले जाया गया। मामला उजागर होने के बाद सदर अस्पताल प्रबंधक ने जांच के उपरांत घटना में शामिल कर्मियों पर कार्रवाई की थी लेकिन प्रशासन द्वारा निजी अस्पताल प्रबंधन पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गयी। जांच के नाम पर मामले की लीपापोती कर दी गयी। नियमतः निजी अस्पताल के एंबुलेंस को सरकारी अस्पताल से मरीज को नहीं ले जाना है। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन की अनुमति जरूरी है।

## महिला मंडल से डेढ़ लाख की ठगी आरोपी फरार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एकता महिला मंडल उर्मी तिराटोली की महिला सदस्यों ने मंगलवार की दोपहर 12 बजे डेढ़ लाख रुपये ठगी के मामले में गुमला थाना में आवेदन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में महिलाओं ने तुलसी गोप नामक व्यक्ति पर डेढ़ लाख रुपये ठगी का आरोप लगायी है। आवेदन में कहा गया है कि उक्त महिला मंडल से आरोपित ने अपनी पत्नी का बिमार होने का हवाला देकर डेढ़ लाख रुपए ठगी कर लिया है। जिसके बाद से पैसा मांगने पर टाल मटौल कर रहा है। वर्तमान में वह अपने घर से फरार है। इस मामले में महिला मंडल की सदस्यों ने कार्रवाई और पैसा वापस दिलवाने की मांग की है। आवेदन सौंपने वालों में अध्यक्ष फुलमनी कुमारी, शीला देवी, अस्वंती देवी, अमृता देवी, आरती कुमारी, रूकमनी समेत 14 लोगों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन है।

## जनजातीय गौरव दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी/ गुमला।** नांदो देवी सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी में मंगलवार को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वनवासी कल्याण केंद्र के प्रांतीय लोक कला प्रमुख देवनन्दन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं विद्यालय परिसर में जनजातीय परंपराओं, संस्कृति और नृत्य के बीच विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक गीत और जनजातीय लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए। वहीं अतिथियों के द्वारा जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान और जीवन संघर्ष पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। वहीं विद्यालय प्रबंधन के द्वारा आयोजित किये गये ऐसे जनजातीय समाज को जागरूक करने वाले कार्यक्रम की प्रशंसा की और स्थानीय जनता को भी इस सफल आयोजन के लिए बधाई दिया। साथ ही अपने कार्यकाल के सांसद मद से निर्मित दो कमरों के भवन का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में जनजातीय खोड़हा नाच एवं छोटे छोटे बच्चों के द्वारा किये गये मनमोहक संस्कृति कार्यक्रम एवं विभाग संगठन मंत्री खेदु नायक द्वारा प्रस्तुत किए गए लोक गीत मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंच संचालन आचार्या सोनम कुमारी ने किया। मौके पर प्रधानाचार्य अजय पाणिग्रही, खेदु नायक संगठन मंत्री वनवासी कल्याण केंद्र, मनोहर बड़ाईक प्रांतीय सदस्य, दीपक गुप्ता प्रधानाचार्य टोटो, उदय कुमार प्रधानाचार्य गुमला शिवनगर, बाबूलाल आइंद प्रधानाचार्य चैनपुर, सुरेश शर्मा अध्यक्ष, अभिमन्यु जयसवाल सचिव, अन्नपूर्णा देवी उपाध्यक्ष, अकलू भगत, मुखिया संजय भगत, ज्योति बहेर देवी, उपमुखिया जवाहर कवर सहित विद्यालय के आचार्य आचार्य, अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## हाथियों से पीड़ित किसानों ने मुआवजे की मांग की



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर क्षेत्र के सदान बुकमा और डीपा बुकमा गांव के दो किसानों ने मंगलवार को वन विभाग से जंगली हाथियों द्वारा उनके फसलों को पहुंचाये गये नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। सदान बुकमा गांव के किसान दिलबर नगेसिया ने बतलाया कि बीते रात जंगली हाथियों की झूंड ने उसके खेतों में लगे लगभग एक कुंटल आलू के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया है। वहीं डीपा बुकमा गांव के किशान सुधीर बाड़ा और उसकी पत्नी ने बताया कि पिछले दो तीन दिनों से जंगली हाथियों का झुंड लगभग दो एकड़ में लगे धान को पूरी तरह से रौंध कर तहस-नहस कर दिया है। उन्होंने बताया कि धान की खेती ही उनका आय का मुख्य स्रोत है जो जंगली हाथियों के द्वारा बर्बाद कर दिया गया। पीड़ित किसानों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग करते हुए कहा है कि जंगली हाथियों को क्षेत्र से दूर खदेड़ा जाये नहीं तो जान माल की और हानि हो सकती है। आपको बता दें कि क्षेत्र में तीन जंगली हाथियों का झुंड आतंक मचाए हुए हैं जो चैनपुर और जारी प्रखंड के सीमावर्ती जंगल में डेरा जमाए हुए हैं।

## टीचर नीड असेसमेंट में 109 शिक्षक हुए शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार मंगलवार को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी, गुमला में टीचर नीड असेसमेंट का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो पालियों में संचालित हुआ। प्रथम पाली सुबह 10:30 से 12:30 बजे तक चली, जिसमें 123 में से 121 शिक्षक उपस्थित रहे। दूसरी पाली दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें 112 में से 109 शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज की गयी। दोनों पालियों में उपस्थिति संतोषजनक और अनुकरणीय रही। असेसमेंट प्रक्रिया के निरीक्षण हेतु एडीपीओ ज्योति खलखो और जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान मौजूद रहे। उन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की और शिक्षकों की क्षमता वृद्धि पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में संकुल साधन सेवियों के साथ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश दास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह नीड असेसमेंट 19 और 20 नवंबर को भी आयोजित किया जायेगा।

## बाल सुरक्षा सप्ताह पर छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटलाइज़िंग चेंज यानी सी 3 के तकनीकी सहयोग से गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों, जिसमें सभी ङत्रह्वश शामिल हैं, में बाल सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान साइबर बुलिंग, हिंसा के विभिन्न स्वरूपों और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर पेंटिंग, ड्राइंग तथा स्लोगन राइटिंग जैसी गतिविधियाँ करायी गयी, जिनमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालयों में स्वास्थ्य आरोग्य दूतों ने विद्यार्थियों को असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान, साइबर बुलिंग से बचाव, सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, टोल-फ्री नंबरों तथा विश्वसनीय वयस्कों से संवाद के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि कक्षा 6 से 12 के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और सी 3 के सहयोग से संचालित विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम वर्षभर किशोर स्वास्थ्य, जीवन कौशल और सुरक्षा पर नियमित सत्र आयोजित करता है।

## धान खरीदी पर किसानों को हाथों-हाथ भुगतान की मांग, झानद ने दिया धरना



### सरकारी नीतियों पर प्रगतिशील मजदूर किसान यूनियन का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़े प्रगतिशील मजदूर किसान यूनियन ने धान खरीदी पर किसानों को हाथों-हाथ भुगतान की मांग को लेकर कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास एकदिवसीय सांकेतिक धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी आदित्य सिंह ने की। मुख्य रूप से उपस्थित ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी व झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों से मेहनतकश किसानों का शोषण हो रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

उन्होंने प्रति किलोग्राम धान पर 24.50 के लाभ का नगद भुगतान, 5000 तक कैश और उससे अधिक पर तत्काल चेक भुगतान की नीति लागू करने की मांग की। विजय सिंह ने 23 दिसंबर को रांची में आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों से भाग लेने की अपील की। धरना में शंकर उरांव, गोपेश्वर गोप, बसंत उरांव सहित कई किसान शामिल हुए।

## बैजनाथ जलान कॉलेज में कुंड़ुख तोलोंग सिकि लिपि की पढ़ाई जारी करने की मांग



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बैजनाथ जलान महाविद्यालय में कुड़ुख उरांव भाषा तोलोंग सिकि (लिपि) की पढ़ाई लिखाई एवं भाषा बिकास का संवर्धन संरक्षण के लिए बाइस पड़हा, सात पड़हा और कार्तिक उरांव आदिवासी कुंड़ुख विद्यालय मंगलो के लेटर पैड में निम्न विषय को दर्शाते हुए आवेद दिया गया है। क्षेत्र के कई गैर सरकारी विद्यालय में कुंड़ुख तोलोगं सिकि लिपि का पठन पाठन चल रहा है। स्थानीय बैजनाथ जलान महाविद्यालय सिसई में भी पढ़ाई जारी करने पर क्षेत्र में भाषा का प्रचार प्रसार अच्छी होगी, कुंड़ुख भाषा विलुप्त होने से बच सकती है। मौके पर अरविंद उरांव, सुकरु उरांव, गजेंद्र उरांव, जूब्बी उरांव, लोहरा उरांव, कोमा उरांव, मटकु उरांव, सुमेश उरांव, बिरसा उरांव मौजूद थे।

## 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में ₹आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार₹ अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखंड एवं अंचल कर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। यह महत्वाकांक्षी अभियान प्रखंड की कुल दस पंचायतों में 21 नवंबर से शुरू होगा, जो 15 दिसंबर तक चलेगा। अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला के वरीय प्रभारी पदाधिकारी के रूप में अपर समाहर्ता शशीन्द्र कुमार बड़ाईक को नामित किया गया है। बैठक में बीडीओ यादव बैठा ने सभी कर्मियों को सख्त निर्देश दिये कि वे अपने-अपने पंचायत में लगने वाले शिविर की तिथि की जानकारी जन-जन तक पहुंचायें और लोगों को शिविर तक लायें।

## बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पथ संचलन

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिसई।** प्रखण्ड थाना क्षेत्र अंतर्गत रंजीत नारायण सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को झारखंड स्थापना दिवस तथा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हु, फूलों-झानो की भव्य झांकी के साथ एक पंथ संचलन निकाला गया। इस पथ संचलन में सरस्वती विद्या मंदिर तथा सरस्वती शिशु मंदिर के सभी विद्यार्थी शामिल थे। संचलन का नेतृत्व प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने अपने आचार्य तथा दीदी के सहयोग के साथ किया। ज्ञातव्य है कि 15 नवंबर को झारखंड एक राज्य के रूप में प्रतिष्ठित हुआ था। राज्य के रूप में स्थापित करने के पीछे मुख्य उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा की जन्म तिथि थी। पथ संचलन के बाद की गयी एक सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज हमारे देश का एक प्रतिष्ठित समाज है तथा इसके उत्थान में हम सबों को भगवान बिरसा मुंडा की तरह सतत प्रयत्न करना चाहिए। आदिवासी समाज का उत्थान ही हमारे देश का उत्थान है। यही कारण है कि भारत सरकार ने भी बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस का दर्जा देते हुए जनजाति समुदाय का सम्मान बढ़ाया है। जयंती प्रमुख आचार्य मृत्युंजय कुमार मिश्रा ने कहा कि उस समय जब अंग्रेजों ने झारखंड 'तात्कालिक बंगाल' में जल, जंगल और जमीन को लेकर एक सघन मोर्चा खोल रखा था तथा इस क्रम में जंगल के जंगल साफ किया जा रहे थे और आदिवासी समाज पर अत्याचार के ऊपर अत्याचार किए जा रहे थे, भगवान बिरसा मुंडा ने एक धर्म ' बिरसाइत ' बनाकर के सारे लोगों को इकट्ठा किया और अंग्रेजों के खिलाफ बगावत कर दिया। अंग्रेजी सरकार इससे इतनी डर गयी थी कि आदिवासी समाज के ऊपर उन्होंने तोप लेकर आक्रमण किया। बिरसा मुंडा को जिंदा या मुर्दा पकड़ने के लिए उस समय 500 पारितोषिक की घोषणा की गयी जिसके लालच में आकर इन्हीं के संस्था के सदस्य ने पकड़वा दिया और रांची के कारागार में 9 जून 1900 को उनकी मृत्यु हो गयी। मौके पर विद्यालय के आचार्य बद्री नारायण सिंह, श्रीकमल सिंह, मृत्युंजय कुमार मिश्र, नाथू भगत, सरिता मुखर्जी, सुश्री मोनी वर्मा, विक्रम कुमार गुप्ता, नाथू भगत समेत कई मौजूद थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 04/2025-26
PR. No. 365049 का (द्वितीय आमंत्रण)

1. विभाग का नाम –पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता –कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,लोहरदगा
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय–24/11/2025 के अपराह्न 3.30 बजे तक (छुट्टी के दिनों को छोडकर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –25/11/2025 को 3.30 बजे अपराह्न
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय–25/11/2025 के अपराह्न 4.30 बजे

निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान –1)कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
2)सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, लोहरदगा

6. निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair and maintenance (Ordinary Repair) of Existing Tube well by supplying labour, vehicle (including driver) with fuel and lubricant to be different rural sites etc. all complete work in *Division Lohardaga* for the year 2025-26. *(For Major - 1200 nos. /Minor - 550 nos., Total - 1750 nos.)* | 13,69,855 | 27,500 | 2500 | Till 31 March 2026 |

नोट : 1. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
2. निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
PR 366240 (Lohardaga)25-26*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 07/2025-26
जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत स्वीकृत

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता –कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय – 26/11/2025 के अपराह्न 01.00 बजे तक (छुट्टी के दिनों को छोडकर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 27/11/2025 को 3.30 बजे अपराह्न
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 27/11/2025 के अपराह्न 4.30 बजे

निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान –1)कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
2)सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, लोहरदगा

6. निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

| क्र0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing and Maintenance of 50 HP Motor Pump set, 60HP motor pump set, fast starter, control & other allied works at clear water pumping plant rural water supply scheme Akashi, under D.W. & S. Mechanical division Gumla. | Un-01 | 6,37,613.00 | 13,000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 2 | Repairing of 20HP pump set and other allied works at Akashi Raw water pumping Plant under D.W.&S.Mechanical Division, Gumla | Un-02 | 2,04,453.00 | 2,500.00 | 500.00 | 02 Months |

नोट :– 1. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
2. निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
PR.NO.366311 Lohardaga(25-26):D

## मारवाड़ी समाज ने 'बिरसा संदेश यात्रा' रथ का किया भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यभूमि और जनजातीय अस्मिता के प्रतीक उलिहातु से प्रारंभ हुई 'बिरसा संदेश यात्रा' जब देहरादून की ओर अग्रसर होते हुए गुमला पहुंची, तो पूरा वातावरण श्रद्धा, उत्साह और गौरव की भावना से भर गया। यात्रा के रथ का मारवाड़ी समाज, गुमला द्वारा गरिमामय और भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत न केवल एक आयोजन था, बल्कि भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरक शिक्षाओं और समाज सुधार संदेश को व्यापक स्तर पर फैलाने की भावना का प्रतीक भी बना। मारवाड़ी समाज के सदस्यों ने कहा कि यह रथ यात्रा एक ऐतिहासिक पहल है, जो भगवान बिरसा मुंडा की त्याग, संघर्ष और समाजोत्थान की भावना को देशभर में पहुंचायेगी। बिरसा मुंडा की जन-जन की लड़ाई, जल-जंगल-जमीन की रक्षा और सामाजिक न्याय के संदेश को नयी पीढ़ी तक ले जाने में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध होगी।

समाज के अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल ने रथ का स्वागत करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का बलिदान और नेतृत्व सिर्फ एक समुदाय तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे देश की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि इस रथ यात्रा से लोगों में आदिवासी नायक के जीवन मूल्यों और संघर्षों के प्रति सम्मान और जागरूकता अवश्य बढ़ेगी।

स्वागत में समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य शामिल हुए। उपस्थित प्रमुख सदस्यों में सचिव पवन कुमार गाड़ोदिया, राजकुमार अग्रवाल, शंकर लाल जाजोदिया, विष्णु अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, भगवान गाड़ोदिया, बनवारी लाल अग्रवाल, किशोर कुमार फोगला, सुमित अग्रवाल, प्रमोद साबू, किशोर अग्रवाल, पदम साबू, गोकुल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, शंकर अग्रवाल सदस्यों ने रथ यात्रा को समाज में एकता, जागरूकता और सांस्कृतिक सम्मान की अनूठी मिसाल बताया। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने कहा कि यह रथ यात्रा लोगों को भगवान बिरसा मुंडा के उस संदेश से जोड़ रही है, जो समाज में न्याय, सदभाव और जागरूकता की राह दिखाता है।

### रथ यात्रा के गुमला आगमन पर पूरे जिले में उत्साह

रथ के गुमला आगमन की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों में भी उत्साह देखा गया। कई लोग रथ देखने और भगवान बिरसा मुंडा की झांकी के दर्शन करने पहुंचे। लोगों ने इस यात्रा को आदिवासी नायक के प्रति सम्मान और गर्व की भावना से भरपूर बताया।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 19 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# नशा मुक्त समाज निर्माण का अधिकारियों ने लिया संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नशामुक्त समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय परिसर में नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर पदाधिकारियों और कर्मियों को यह शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने नशामुक्त समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी ने सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलायी। शपथ संदेश में कहा गया कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं और उनकी शक्ति का समाज व देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। सभी ने स्वयं को, परिवार को और समुदाय को नशामुक्त बनाने की प्रतिज्ञा ली, यह मानते हुए कि बदलाव की शुरुआत स्वयं से होती है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करना है।

# अस्पताल में तोड़फोड़ और पुलिस पर पथराव करने के मामले में छह गिरफ्तार

मरीज की मौत के बाद मचाया था उपद्रव


आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के असर्फी अस्पताल में उपद्रव मचाने व पुलिस बल पर पथराव करने के आरोप में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पिछले माह 24 अक्टूबर की रात 8 लेन में सड़क में नंदू राय नामक युवक सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ था.इलाज के लिए उसे असर्फी अस्पताल लाया गया था, इसी क्रम में नंदु राय को चिकित्सक के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था। बाद में मृतक के परिजनों एवं सहयोगियों के द्वारा असर्फी अस्पताल में जमकर उपद्रव मचाते हुए चिकित्सकों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। साथ ही अस्पताल का करीब 40 से 50 लाख की संपत्ति का नुकसान कर दिया गया था। उपद्रवियों को रोकने एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु उपस्थित पुलिस बल पर भी पथराव किया गया था, जिससे पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। कांड के आलोक में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने विभिन्न जगहों पर छापामारी कर कांड में संलिप्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। डीएसपी ने बताया कि इस कांड में 40 से 50 अन्य लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज है और उनकी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी की जा रही है। डीएसपी ने लोगों से यह भी अपील की है कि कभी लोग आक्रोशित होकर इस तरह से अस्पतालों में तोड़फोड़ न करें विधि व्यवस्था बिगाड़ने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

# असंगठित मजदूरों के दो गुटों में तनाव

## विश्वकर्मा परियोजना रहा पुलिस छावनी में तब्दील



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** विश्वकर्मा परियोजना में क्षेत्र संख्या 6 मंगलवार को असंगठित मजदूरों के दो गुटों में तनाव को देखते हुए पुरा परियोजना पुलिस छावनी में तब्दील रहा। एक गुट युवा बेरोजगार मंच के बैनर तले चार सूत्री मांग पर परियोजना पहुंच कोयला डिस्पैच को पूरी तरह ठप कर दिया। वहीं दूसरे और जश्रसं के समर्थक असंगठित मजदूर भी परियोजना लोडिंग पॉइंट पर जमे रहे। मंच के समर्थक परियोजना से सटे श्रमिक कॉलोनी में बाधित बिजली पानी आपूर्ति को अविलंब शुरू करने, लोडिंग पॉइंट में बने दो नए कोयला डंप में आसपास के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा प्रबंधन द्वारा पूर्व में दिए गए एक और दंगल मजदूर को ट्रक लोडिंग में रोजगार देने की मांग कर रहे थे। मंच के सचिव अभिषेक सिंह उर्फ ढोलक सिंह के नेतृत्व में स्थानीय मजदूर भारी संख्या मे जुलूस के शक्ल में परियोजना डिस्पैच कार्यालय पहुंचे। जमकर नारेबाजी किया। मांग नहीं पूरा होने तक अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये। स्थिति को देखते हुए झरिया आंचल से नियुक्त दंडाधिकारी नीरज कुमार ने धनसार कोलियरी पोओ संजय कुमार की उपस्थिति में त्रिपक्षीय वार्ता कराया। जिसमें पानी बिजली, प्रदूषण सहित रोजगार के मुद्दे पर प्रबंधन ने चार दिनों का समय मांगा। सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। मांग पूरी होने तक कोयला डिस्पैच को बंद रखने पर प्रबंधन ने सहमति जतायी। प्रबंधन के आश्वासन पर मंच समर्थक परियोजना से चले गये। परियोजना से कोयला डिस्पैच पूरी तरह ठप है। मौके पर मंच के बालेश्वर चौहान सुनील पासवान नाथू चौधरी सुरेश राम रुदल रवानी लक्ष्मीनिया देवी शगुन वर्मा शांति देवी पाबू देवी पुतुल देवी आदित्य थे। वहीं दूसरी और परियोजना लोडिंग पॉइंट में जश्रसं समर्थित असंगठित मजदूरों ने लोडिंग पॉइंट मे पूर्व से खड़े डीओ मे लोडिंग का काम जारी रखा। असंगठित मजदूरों का नेतृत्व कर रहे देवराज चौहान व सुमन हांसदा ने कहा कि किसी भी कीमत पर ट्रक लोडिंग का काम बंद नहीं होने दिया जायेगा। विश्वकर्मा परियोजना आदिवासी ग्रामीणो के जमीन पर बनी है। यहां वर्षों से आदिवासी ग्रामीणों के साथ स्थानीय मजदूर ट्रक लोडिंग का काम कर रहे है। मौके पर मनोज पासवान, सौरव कुमार, सूरज मुर्मु, राजू मरांडी, पानसुखी देवी, रानी देवी चौधरी भुइया आदि थे।

# गोल ने बताया मेडिकल और इंजीनियरिंग में सफलता का रहस्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल में मेडिकल व इंजीनियरिंग की विगत 24 वर्षों से तैयारी कराते आ रही विश्वसनीय एवं भरोसेमंद संस्थान गोल ने 2026 के लिए प्रतियोगियों में अभी से ही सही मार्गदर्शन में पूरी जोश और जुनून के साथ पढ़ाई करने के तरीकों एवं अच्छे रैंक से सफल होने के गूढ़ रहस्यों को लेकर सेमिनार का आयोजन किया। गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने बताया कि धनबाद से कम छात्रों में भी अब तक इतने अच्छे परिणाम आते रहे हैं, जो पूरे गोल टीम को उत्साहित करते रही है, जो आपसे मिलने की एवं आपको और अच्छी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं देने को प्रेरित कर रही है। देश के इतनी बड़ी एवं कड़ी प्रतियोगिता में इतने अच्छे प्रतिशत में सफलता का सबसे बड़ा कारण आप छात्रों की कड़ी मेहनत, लगन, अभिभावकों का भरोसा और त्याग एवं पूरी गोल टीम का अपने जवाबदेहीयों, जिम्मेवारियों के साथ आपके प्रति समर्पण है। गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने मेडिकल के साथ हीं इंजीनियरिंग प्रतियोगिता से जुडे़. हर वो अनिवार्य तथ्यों एवं दिशा निर्देश दिये, जो सफलता के लिए अनिवार्य है। उन्होंने 11वीं, 12वीं, टारगेट एवं एचिवर्स बैच के छात्रों को उनके स्तर से एकेडमिक के साथ हीं कॉम्पिटिटिव परीक्षाओं के बचे हुए समय को सही तरीके से उपयोग कैसे करें, कब क्या करें और क्या नहीं करें जैसे गुढ़ रहस्यों से अवगत कराया। यह भी बताया कि आपके कोर्स समय पर कम्प्लीट हो रहे हैं। जिसके बाद रिविजन क्लास, डाउट सेशन एवं देश में सबसे ज्यादा टेस्ट लेने वाला संस्थान गोल के टॉपिक वाइज के साथ हीं फुल सिलेबस के विभिन्न टेस्ट सीरीज से पूछे जाने वाले प्रश्नों को सही समय सीमा में निगेटीव मार्किंग से बचते हुए कैसे नियंत्रण करें ताकि फाइनल परीक्षा में अपना बेस्ट दे कर सफलता का परचम लहरा सकें। गोल संस्थान से अब तक लगभग 18000 से ज्यादा छात्र डॉक्टर एवं हजारों छात्र इंजीनियर बनकर देश के साथ हीं विदेशों में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकेडमिक हेड दीपक कुमार एवं भारती सिन्हा, अरूण, पूजा कुमारी, सुनील, उमेश, दिलीप, वशीम एवं पूरे गोल धनबाद टीम का अहम योगदान रहा।

# बस के चपेट में आने से वृद्धि घायल



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास पचगढ़ी बाजार मस्जिद पट्टी आनंद मोहल्ला के रहने वाले 80 वर्षीय अब्दुल हमीद मंगलवार को सब्जी पट्टी में एक स्कूल बस के चपेट में आने से सड़क दुर्घटना में उनका पैर टूट गया। सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जामकर बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। घटना की सूचना पाकर कतरास थानेदार असित कुमार सिंह पहुंचे घायल अब्दुल हमीद को कतरास के निश्चित फुल स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन्हें एनएमसीएच धनबाद भेज दिया गया है। घायल अब्दुल हमीद के बयान पर कतरास पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बस संख्या जेएच10 क्यू 5352 है। बस डिनोबली स्कूल कोराडीह का बताया जाता है।

# भौरा फोर पेंच में गिरने से अधेड़ की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**जोड़ापोखर/ झरिया।** भौरा ओपी क्षेत्र के भौरा फोर पेंच में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 48 वर्षीय संतोष मांझी की गिरकर मौत हो गयी। संतोष माथे पर गंभीर चोट लगने से हताहत हुए। वह भौरा जहाज टांड़ बस्ती के निवासी थे.इस घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों के अनुसार, पेंच के पास संतोष मांझी किसी काम को लेकर पहुंचे थे, तभी अचानक पैर फिसल जाने से वह गहरे पेंच में जा गिरे। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गये। भौरा ओपी पुलिस भी सूचना पर मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गयी है।

**मृतक के भाई का आरोप :** मृतक के भाई नागेश्वर मांझी ने आरोप लगाया कि उनके भाई हमेशा जमीन के लिए आंदोलन किया करते थे। उन्होंने कहा कि उनकी जमीन का मुआवजा और नियोजन नहीं मिला है, जिसको लेकर उनके भाई प्रतिदिन इधर-उधर घूमते रहते थे। उन्होंने आशंका जताई कि यह घटना हो सकती है या घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाया।

# पहला कदम में दिव्यांग बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के स्कूल पहला कदम में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का संचालन सीएसी सदस्य डॉ अलका सिंह ने किया। यह शिविर हर महीने के 18 तारीख को आयोजित किया जाता है। डॉ अलका ने बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की और उन्हें बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार, दस्त और डेंगू जैसी बीमारियों से बचने के उपाय बताए। उन्होंने साफ-सफाई रखने, गंदे पानी से बचने और उबला हुआ पानी पीने की सलाह दी। सचिव अनीता अग्रवाल ने डॉ. अलका का आभार व्यक्त करते हुए कहा ऐसे शिविर बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं।

# वेटलिफ्टिंग में आरएस मोर और पावरलिफ्टिंग में कतरास कॉलेज ने जीता खिताब




**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास कॉलेज प्रांगण में मंगलवार को विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी धनबाद के तत्वावधान में एक दिवसीय वेटलिफ्टिंग एंड पावर लिफ्टिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में बेस्ट लिफ्टर सिंटू मुखर्जी कतरास कॉलेज कतरासगढ़, जुली कुमारी आरएस मोर गोविंदपुर। ओवरऑल चैंपियनशिप वेटलिफ्टिंग आरएस मोड कॉलेज, ओवरऑल चैंपियन पावर लिफ्टिंग कतरास कॉलेज कतरास को मिला। निर्णायक के भूमिका में देवी प्रसाद चटर्जी सुचेता चटर्जी शामिल थे। टूर्नामेंट का उद्घाटन कुलपति डॉ रामकुमार सिंह ने फीता काटकर किया। कॉलेज के प्राचार्य बी कुमार ने उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। कुलपति डॉ रामकुमार सिंह ने कहा खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। मौके पर डॉ ओमप्रकाश शरण, डॉ मदन मोहन गुप्त,डॉ इंद्रजीत सिंह, डॉ वीणा झा, डॉ नीरज दुबे, मिली चौरसिया,डॉ एस एस छात्र नेता शुभम हजारी आदि उपस्थित थे। संचालन डॉ इरफान अंसारी ने किया।

# झींझीपहाडी पंचायत सचिवालय में अन्नप्राशन कार्यक्रम

**कतरास (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील फाउंडेशन के पोषण परियोजना के तहत झींझीपहाड़ी पंचायत सचिवालय में मंगलवार को अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 11 बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया। जहां मुखिया प्रेमलता कुमारी ने पोषण, कुपोषण एवं एनीमिया संबंधी पोषण जानकारियां दी। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रखने की गुर बताया तथा उनके भोजन एवं लालन पालन में सर्तकता बरतनें की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि इस उम्र के दिनों में बच्चों जितना बढ़िया आहार देंगे उतना ही अच्छा उसका परिणाम बाद में देखने को मिलेगा। टाटा स्टील फाउंडेशन के तहत तीन आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका, झींझीपहाड़ी दो की सेविका काजल कुमारी, झींझीपहाड़ी तीन की सेविका कुंती देवी एवं झींझीपहाड़ी एक की सेविका निर्मला देवी को वजन मशीन दिया गया।

# विज्ञान प्रदर्शन और इंवेंट-ओ-मेनिया में बच्चों और युवाओं ने दिखायी प्रतिभा

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल, बोकारो में प्राथमिक और मध्य विद्यालय के छात्रों ने पूरी तरह विद्यालय में तैयार किए गए मॉडलों और प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को जीवंत कर दिया। विद्यालय में आयोजित प्राथमिक वर्गों के विज्ञान प्रदर्शन और इंवेंट-ओ-मेनिया 2025 ने सीखने की प्रक्रिया को उत्साह, जिज्ञासा और नवाचार से भर दिया। प्री-नर्सरी से कक्षा 3 तक के हमारे नन्हें विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास और वैज्ञानिक जिज्ञासा का प्रदर्शन किया। प्री-नर्सरी और नर्सरी के विद्यार्थियों ने मनमोहक तथा सार्थक प्रदर्शनों से सबका दिल जीत लिया - रंग रसायन, सुपर सेंस और चंचल विज्ञान गतिविधियां, जिन्होंने सीखने को आनंदमय बना दिया। कक्षा 1 से 3 के बच्चों ने जल चक्र, प्रदूषण नियंत्रण, सरल मशीनें, पौधे और ऊर्जा, और अन्य प्रमुख अवधारणाओं को समझाते हुए प्रभावशाली कार्यशील मॉडल, रोल-प्ले और प्रयोग प्रस्तुत किए। हर प्रस्तुति में उनका आत्मविश्वास झलक रहा था।

इंवेंट-ओ-मेनिया 2025 में कक्षाओं 6 से 8 तक के सभी छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा, रोबोटिक्स, जल संरक्षण, स्मार्ट होम, पर्यावरण-स्नेही तकनीक और दैनिक जीवन की समस्याओं पर आधारित नवाचारी मॉडल और प्रोटोटाइप प्रदर्शित किए। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वास्तविक जीवन से जुड़े समाधान विशेष आकर्षण रहे। विद्यालय की प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने छात्रों की जिज्ञासा, आत्मविश्वास और नवाचारशील सोच की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विद्यालय के कर-के सीखने के सिद्धांत को साकार करता है। यह दिवस रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का शानदार उत्सव साबित हुआ, जिसने पीएएस की भविष्य के नवाचारकों को तैयार करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

# मन्नान अली ने राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में इंजीनियरिंग एसोसिएट के रूप में कार्यरत मन्नान अली ने 35वीं राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इंक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2025-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंक्लाइन बेंच प्रेस प्रतियोगिता (95 किलोग्राम वर्ग) में रजत पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह राष्ट्रीय चैंपियनशिप भारतीय स्ट्रेंथलिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में सिक्किम स्ट्रेंथलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 10 से 13 नवंबर तक पलजोर स्टेडियम, गंगटोक (सिक्किम) में आयोजित की गयी, जिसमें देशभर से अनेक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच श्री अली ने अपने उत्कृष्ट कौशल, तकनीक, शक्ति, अनुशासन और खेल-भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक अपने नाम किया। बीएसएल शीर्ष प्रबंधन ने उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट सदैव अपने कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करता है तथा खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और फिटनेस पहल के माध्यम से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता है। मन्नान अली की यह उपलब्धि प्लांट के कर्मियों में निहित प्रतिभा और उसके सतत संवर्द्धन के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# जनता दरबार में आये शिकायतों के त्वरित निष्पादन पर जोर



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा द्वारा मंगलवार को नियमित जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त के समक्ष आमजन अनेकों मामले एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे थे। लगभग 60 से ज्यादा मामले जनता दरबार में पहुंचे। जिसे त्वरित कार्रवाई करते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के यहां आवेदन को निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया। जनता दरबार में ज्यादातर शिकायतें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड के साथ-साथ भूमि विवाद से संबंधित था। उपायुक्त अजय नाथ झा ने एक-एक कर सभी के आवेदन एवं शिकायतों को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामले की त्वरित जांच करते हुए इसके निष्पादन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यालय कार्यों को पूरी जवाबदेही के साथ एवं गंभीरता से करें। ताकि जनता की शिकायतें जिला स्तर तक न पहुंचे। उन्होंने संवेदनशीलता के साथ आम जनता के साथ व्यवहार करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष सहित अन्य उपस्थित थे।

# रीहीटिंग फर्नेस कैंपेन लाइफ बढ़ाने पर लिओ कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** रीहीटिंग फर्नेस कैम्पेन लाइफ को बढ़ाने तथा फर्नेस में स्केल फॉर्मेशन को कम करने के महत्वपूर्ण विषय पर बोकारो स्टील प्लांट के एचआर-एलएंडडी विभाग एवं हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एलइओ कार्यशाला का आयोजन 18 नवंबर को किया गया। इस कार्यक्रम में सेल की विभिन्न इकाइयों के साथ-साथ अन्य स्टील प्लांट तथा औद्योगिक साझेदार संगठनों से आये इंजीनियरों, मेंटेनेंस प्रोफेशनल्स एवं फर्नेस विशेषज्ञों ने सक्रिय भागीदारी की. कार्यशाला में सेल की भिलाई, राउरकेला, बोकारो, इस्को बर्नपुर और दुर्गापुर स्टील प्लांट, आरडीसीआइएस सहित जेएसडब्ल्यू विजयनगर वर्क्स तथा जिंदल स्टील प्लांट, ओडिशा एवं औद्योगिक साझेदार जैसे डेनिएली इंडिया, फाइव्स स्टीन इंडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह आयोजन तकनीकी नवाचार, उन्नत तकनीक एवं परिचालन दक्षता से संबंधित ज्ञान के आदान-प्रदान हेतु एक उत्कृष्ट सहयोगात्मक मंच सिद्ध हुआ। कार्यशाला के विधिवत उद्घाटन में अधिशासी निदेशक (वर्क्स) प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन) एके दत्त, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (सर्विसेज) अरविंद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एफएंडए) निर्मल कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) पीके वर्मा एवं मुख्य महाप्रबंधक (एचआर-एलएंडडी) नीता बा उपस्थित थे।


## उप विकास आयुक्त का कार्यालय, कोडरमा
## (प्रारंभिक शिक्षा)
## आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 एवं निदेशक प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 2093 दिनांक 17.11.2025 में दिये गये निदेशानुसार झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 अन्तर्गत बायोमेट्रिक असंपुष्टता से संबंधित अभ्यर्थियों का प्रकाशित अतिरिक्त परीक्षाफल अन्तगर्त अनुशंसित अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग हेतु तिथि/स्थान दिनांक 21.11.2025 को समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक उप विकास आयुक्त, कोडरमा के सभागार के कक्ष में निर्धारित की गई है।

अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि/स्थान- उप विकास आयुक्त, कोडरमा के सभागार के कक्ष में जाँच पत्रक भरकर, सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति फोल्डर फाईल में तथा 4 पासपोर्ट साईज फोटो (ब्लैक एंड व्हाईट) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। विस्तृत जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट **koderma.nic.in** प्राप्त की जा सकती है। काउंसिलिंग में निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का दावा निरस्त माना जाएगा और वे नियुक्ति की प्रक्रिया से वंचित रह जाएँगे।

उप विकास आयुक्त
-सह- नोडल पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 366314 School Education and Literacy(25-26)D

# अमेरिका से भारत लाया जा रहा अनमोल बिश्नोई

- लॉरेंस का भाई बाबा सिद्दीकी और मूसेवाला मर्डर में वांटेड
- सलमान खान के घर फायरिंग का आरोप



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल बिश्नोई अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। अनमोल पर ठउढ नेता बाबा सिद्दीकी और पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर का आरोप है। अनमोल का नाम एक्टर सलमान खान के घर पर फायरिंग केस में भी सामने आया था। 12 अक्टूबर 2024 को रात साढ़े 9 बजे मुंबई के बांद्रा के खेर वाड़ी सिग्नल पर महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गयी थी। मर्डर की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी।

इस मामले में उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले हरीश कुमार, कैथल (हरियाणा) के गुरमैल बलजीत सिंह, बहराइच (उत्तर प्रदेश) के धर्मराज कश्यप और पुणे (महाराष्ट्र) के रहने वाले प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पूछताछ में जालंधर के रहने वाले जीशान अख्तर का नाम सामने आया था। जब शूटर्स ने सिद्दीकी को गोलियां मारी तो वह मौके पर मौजूद था। जीशान का प्लान था कि अगर बाबा सिद्दीकी शूटर्स की गोलियों से बच गया तो वह उसे गोलियां मारेगा। उस दौरान वह लॉरेंस के भाई अनमोल से फोन पर टच में था।

सिद्दीकी के मरने के बाद उसने अनमोल को मौके के फोटो और वीडियो भेजे और कन्फर्म किया कि सिद्दीकी मर गया है। इसके बाद वह फरार हो गया था। वहीं, अनमोल बिश्नोई ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। इसके साथ ही पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला और बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में भी उसका नाम सामने आया है।

### श्रीनगर से गिरफ्तार जसीर को 10 दिन की एनआइए हिरासत

# आतंकी डॉ उमर बोला : सुसाइड बांबिंग शहीद होने का मिशन है

- दिल्ली धमाके से पहले उसने बनाया वीडियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में लाल किला के पास 10 नवंबर को आत्मघाती हमला करने वाले आतंकी डॉ उमर का नया वीडियो सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह वीडियो आतंकी ने ब्लास्ट से पहले बनाया था। इसमें वह आत्मघाती हमले को लेकर बात रख रहा है। इससे माना जा रहा है कि वह फिदायीन हमला पहले से प्लान कर रहा था। वीडियो में उमर टूटी-फूटी अंग्रेजी में बात कर रहा है। उसने कहा- एक बात जो नहीं समझी गयी कि यह शहीद होने के लिए ऑपरेशन (मार्टरडम ऑपरेशन) है, न कि सुसाइड हमला। इसको लेकर कई विरोधाभास हैं। दरअसल मार्टरडम ऑपरेशन के लिए माना जाता है कि कोई व्यक्ति निश्चित रूप से किसी जगह पर निश्चित समय पर जान देता है।

दरअसल, डॉ उमर ने ही दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुंडई आइ-20 कार से आत्मघाती धमाका किया था। इस धमाके से 15 लोगों की मौत, 20 से ज्यादा घायल हुए थे। मामले में अब तक 8 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, इसमें से 6 डॉक्टर है। जांच एजेंसियां इस मॉड्यूल के बाकी सदस्यों और तकनीकी सपोर्ट नेटवर्क की पहचान में जुटी है।

**आतंकी ड्रोन और रॉकेट से हमला करना चाहते थे :** इधर, हमले की जांच में सोमवार रात बड़ा खुलासा हुआ है। एनआइए ने बताया कि वाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल पहले हमास की तरह ड्रोन और रॉकेट से हमला करना चाहता था। यह प्लानिंग हमास द्वारा 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर किये गये हमले की तर्ज पर बनायी गयी थी।

एनआइए को यह जानकारी आत्मघाती हमलावर डॉ उमर-उन-नबी के एक और साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश की गिरफ्तारी के बाद मिली। दानिश जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के काजीगुंड का रहने वाला है। एनआइए ने उसे चार दिन पहले श्रीनगर से हिरासत में लिया था और सोमवार को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया। एनआइए के अनुसार दानिश को छोटे ड्रोन हथियार बनाने और उन्हें मॉडिफाई करने का तकनीकी अनुभव है। उसने डॉ उमर को तकनीकी मदद दी और आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए ड्रोन और रॉकेट तैयार करने की कोशिश कर रहा था।

एजेंसी ने बताया कि दानिश भीड़भाड़ वाले इलाके में ड्रोन से बम गिराने की योजना पर काम कर रहा था, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को नुकसान पहुंचाया जा सके।

**ब्लास्ट वाली कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड :** जम्मू-कश्मीर के पंपोर का रहने वाला आमिर राशिद अली वही शख्स है, जो डॉ आतंकी उमर से आखिरी बार संपर्क में था। धमाके में इस्तेमाल कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड थी और वह इसे खरीदने के लिए दिल्ली आया था। आमिर को 16 नवंबर को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था।



मंगलवार को आतंकी डॉ उमर का श्रीनगर से गिरफ्तार साथी जलील बिलाल वानी 10 दिन की एनआइए कस्टडी में भेजा गया।

## भाई जहूर ने पानी में फेंका का उमर का मोबाइल

दिल्ली ब्लास्ट मामले में पुलिस ने आतंकी डॉ उमर के दो भाइयों, मां और पिता को भी हिरासत में लिया था। उनसे पूछताछ जारी है। उमर के भाई जहूर ने पूछताछ में माना कि उसी ने उमर का फोन पानी में फेंका था, ऐसा उमर के कहने पर ही किया था। जहूर इलाही के मुताबिक 26 से 29 अक्टूबर तक उमर कश्मीर में ही था। उसने जहूर को अपना मोबाइल थमाते हुए कहा था कि अगर मेरे बारे में कोई भी खबर आये, तो इस मोबाइल को नष्ट करके पानी में फेंक देना। श्रीनगर एसपी जीवी संदीप चक्रवर्ती ने बताया कि जहूर ने उस जगह की भी जानकारी दी, जहां मोबाइल फेंका गया था। इसके बाद मोबाइल को निकाला गया, उसे बुरी तरह से तोड़ा गया था। बाद में एक्सपर्ट्स ने मोबाइल से डेटा रिकवर किया।

# सऊदी में दफनाये जायेंगे सभी 45 भारतीयों के शव

- बस-टैंकर भिड़ंत में हुई थी मौत, उमरा के लिए जा रहे थे

एजेंसी

**रियाद।** सऊदी अरब के मक्का-मदीना हाईवे पर रविवार देर रात हुए बस हादसे में जान गंवाने वाले 45 भारतीय नागरिकों के शव वापस नहीं लाए जायेंगे। ये सभी उमरा (इस्लामी तीर्थयात्रा) के लिए सऊदी गये थे। तेलंगाना मंत्रिमंडल ने कल फैसला लिया है कि मारे गए लोगों को उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के मुताबिक सऊदी अरब में ही दफनाया जायेगा। हर पीड़ित परिवार से दो लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने सऊदी अरब भेजे जायेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, परिजन को शव भारत वापस लाने या मदीना के जन्नतुल बकी में दफनाने का ऑप्शन दिया जायेगा।

हालांकि सऊदी कानून के मुताबिक शवों की वापसी काफी मुश्किल है। वहीं, पीड़ित परिवारों को तुरंत मुआवजा मिलाना भी काफी मुश्किल है, क्योंकि सऊदी अरब में सड़क दुर्घटनाओं में सरकार की ओर से कोई सीधा मुआवजा नहीं दिया जाता। मुआवजा तभी मिल सकता है, जब पुलिस जांच में टैंकर ड्राइवर या कंपनी की गलती साबित हो और परिवार कानूनी दावा दायर करे। यह प्रक्रिया कई महीनों तक चल सकती है।

**सऊदी से तीर्थयात्रियों के शव वापस नहीं भेजे जाते :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हज या उमरा यात्रा शुरू करने से पहले तीर्थयात्रियों को एक डिक्लेरेशन फॉर्म पर साइन कराने पड़ते हैं। इसमें क्लियर लिखा होता है कि अगर सऊदी अरब की जमीन पर (मक्का, मदीना या कहीं भी) तीर्थ यात्री की मौत होती है, तो शव को वहीं दफनाया जायेगा। वहीं, भारत सरकार के मुताबिक अगर किसी गैर-तीर्थयात्री भारतीय की सऊदी में मौत होती है, तब मृतक के कानूनी उत्तराधिकारियों की इच्छानुसार शव को भारत लाया जा सकता है या सऊदी अरब में दफनाया जा सकता है।

**फ्यूल टैंकर ने बस को टक्कर मारी थी :** मक्का से मदीना जा रही उमरा यात्रियों की बस रास्ते में किनारे खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार फ्यूल टैंकर ने बस को टक्कर मार दी थी।







# किडनी देने की बात आयी तो बेटा भाग गया : रोहिणी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** लालू परिवार में जारी विवाद के बीच रोहिणी आचार्य ने एक और वीडियो शेयर किया है। इसमें वह बिहार के एक पत्रकार से फोन पर कह रही हैं कि जब किडनी देने की बात आई तो बेटा भाग गया। रोहिणी आचार्य ने लिखा है- जो लोग लालू जी के नाम कुछ करना चाहते हैं, तो ऐसे लोगों को झूठी हमदर्दी जताना छोड़कर हॉस्पिटल्स में अपनी अंतिम सांसें गिन रहे उन लाखों-करोड़ों गरीब लोगों, जिन्हें किडनी की जरूरत है, को अपनी किडनी देने के लिए आगे आना चाहिए और लालू जी के नाम पर अपनी किडनी दान करनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि पिता को किडनी देने वाली शादीशुदा बेटी को गलत बताने वाले हिम्मत जुटा कर उस बेटी से खुले मंच पर खुली बहस करें। जरूरतमंदों को किडनी देने के महादान की शुरूआत पहले वो करें, जो बेटी की किडनी को गंदा बताते हैं, फिर हरियाणवी महापुरुष करे, चाटुकार पत्रकार करें और हरियाणवी के भक्त ट्रोलर्स करें जो मुझे गाली देते नहीं थकते। एक बोतल खून देने के नाम पर जिनका खून सूख जाता है, वो किडनी देने पर उपदेश देते हैं?

### यूपी मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की चेतावनी

# दो-दो जगह से एसआइआर फॉर्म नहीं भरें वोटर, नहीं तो एक साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआइआर) में मतदाता दो-दो स्थानों से गणना प्रपत्र न भरें। अगर उन्होंने ऐसा किया तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-31 के तहत उन्हें एक वर्ष तक की सजा दी जा सकता है या जुर्माना लगाया जा सकता है। ऐसे में अगर गांव या शहर और दो-दो राज्यों की मतदाता सूची में नाम है तो भी वह सिर्फ एक जगह से ही गणना प्रपत्र भरकर जमा करें।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीइओ) नवदीप रिणवा ने बताया कि चुनाव आयोग दो-दो जगह से गणना प्रपत्र भर कर जमा करनेवालों को आसानी से पकड़ लेगा। डिजिटल माध्यम से इसकी फूलप्रूफ व्यवस्था की गयी है। ऐसे में अगर आप अपने पुश्तैनी गांव में मतदाता बन कर वोट डालना चाहते हैं, तो वहां से फॉर्म भर कर जमा करें या फिर शहर में जहां पर वर्तमान में रह रहे हैं, तो वहां से फॉर्म भरें। बीते 27 अक्टूबर को मतदाता सूची फ्रीज की गयी है और वर्तमान में इस मतदाता सूची में, जिसका जहां नाम है, वहीं से फॉर्म भरें। अगर यूपी का रहने वाला कोई व्यक्ति दूसरे राज्य मुंबई, दिल्ली या फिर अन्य राज्य में रह रहा है और वहां वोटर है, तो फिर वह यहां गणना प्रपत्र न भरे। क्योंकि एसआइआर मतदाता सूची से मृत व्यक्तियों के नाम बाहर करने एवं जिन मतदाताओं के दो-दो जगह नाम हैं, उनके नाम एक जगह से हटाने इत्यादि के लिए किया जा रहा है।

सीइओ ने कहा कि गणना प्रपत्र में ऊपर के हिस्से में मतदाता को अपना फोटो लगाना है, माता-पिता का नाम और मोबाइल नंबर आदि भरना है। नीचे के हिस्से में एसआइआर 2003 की जानकारी भरनी है। बांयें हिस्से में अगर मतदाता उस समय सूची में स्वयं शामिल था, तो उसकी जानकारी और अगर उस समय उसका नाम नहीं था, तो दाहिने हिस्से में वह अपने माता-पिता, दादा-दादी एवं नाना-नानी इन छह लोगों में से किसी एक की एसआइआर 2003 की जानकारी भर सकता है। उदाहरण के लिए अगर आप उस समय दिल्ली में रह रहे थे, तो ऑनलाइन मतदाता सूची से अपना इपिक नंबर सहित डिटेल भरें। जो उस समय जहां था वहीं की डिटेल भरेगा। वर्ष 2003 की मतदाता सूची voters.eci.gov.in पर उपलब्ध है।

वहीं इसीआइ नेट एप पर भी जानकारी भर सकते हैं। चार दिसंबर तक बीएलओ गणना प्रपत्र मतदाताओं से भरवा कर जमा करेंगे। प्रदेश में कुल 15.44 करोड़ मतदाता हैं और इसमें से 70 प्रतिशत का नाम या तो खुद 2003 की मतदाता सूची में है या फिर उनके माता-पिता का। ऐसे में इनकी मैपिंग वर्तमान मतदाता सूची से की जा रही है। अभी तक 50 प्रतिशत मैपिंग का काम हो चुका है।

**आधार लिंक मोबाइल नंबर तो ऑनलाइन भरें फॉर्म :** सीइओ ने बताया कि गणना प्रपत्र अगर ऑफलाइन भर रहे हैं, तो उसके लिए तो आधार वैकल्पिक है। वहीं अगर आप ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरना चाहते हैं, तो फिर आधार लिंक मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। क्योंकि ई साइन के लिए आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी जायेगा। आधार कार्ड व मतदाता कार्ड में आपके नाम की स्पेलिंग भी एक ही होनी चाहिए।

## एसआइआर पर रामलीला मैदान में करेंगे विशाल रैली : केसी वेणुगोपाल


**नयी दिल्ली।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर मंगलवार को कांग्रेस की बैठक को लेकर पार्टी के सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस दिसंबर के पहले हफ्ते रामलीला मैदान में इस मुद्दे पर महारैली करेगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में काम कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि केरल विधानसभा ने एसआइआर की प्रक्रिया को स्थगित करने का प्रस्ताव पारित किया। यहां तक कि केरल के मुख्य चुनाव अधिकारी ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त से आग्रह किया कि राज्य में एसआइआर करने का यह सही समय नहीं है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**